RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 178
नई दिल्ली, शनिवार, 7 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



किसी भी खिलाड़ी को हराया जा सकता है: सिंधू
स्पोर्ट्स-12

# भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा गिरफ्तार तीन राज्यों की पुलिस में घमासान

- केजरीवाल पर टिप्पणी के मामले में पंजाब पुलिस ने दिल्ली स्थित घर से उठाया
- अपहरण का केस दर्ज हुआ तो हरियाणा पुलिस ने कुरुक्षेत्र में रोका और दिल्ली पुलिस को सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़







पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए भाजपा नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा। दूसरी ओर इस कार्रवाई के विरोध में आम आदमी पार्टी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता

**भाजपा** नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को भाजपा और आम आदमी पार्टी एवं तीन राज्यों पंजाब, हरियाणा तथा दिल्ली की पुलिस के बीच जबरदस्त खींचतान मच गई। बग्गा को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में शुक्रवार सुबह पंजाब पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में उनके आवास से गिरफ्तार किया था। इसके बाद पूरे दिन चले नाटकीय घटनाक्रम में बग्गा को उनके घर से कथित तौर पर जबरन उठाए जाने के चलते हरियाणा पुलिस ने पंजाब पुलिस के वाहनों को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में रोक लिया।


इसके बाद दिल्ली पुलिस बग्गा को वापस राष्ट्रीय राजधानी ले आई और पंजाब पुलिस के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रवक्ता 36 वर्षीय बग्गा ने कुछ समय पहले द कश्मीर फाइल्स फिल्म को लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ ट्वीट कर उनकी आलोचना की थी, जिसके बाद से वह आम आदमी पार्टी (आप) के निशाने पर आ गए थे। बग्गा के पिता प्रीतपाल सिंह ने शिकायत की कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे कुछ लोग जनकपुरी स्थित उनके घर आए और उनके बेटे को ले गए। सिंह ने आरोप लगाया कि पंजाब पुलिस के 10 से 15 जवानों ने उनके चेहरे पर मुक्के मारे और उनके बेटे तेजिंदर को गिरफ्तार करते समय उसे पगड़ी भी नहीं पहनने दी। मामले की खबर मिलते ही दिल्ली से पंजाब तक हंगामा खड़ा हो गया। बग्गा को दिल्ली से मोहाली ले जा रहे पंजाब पुलिस के वाहनों को दोपहर बाद दो बजे हरियाणा के कुरुक्षेत्र में रोक दिया गया और पंजाब पुलिस के वाहनों को कुरुक्षेत्र के पीपली पुलिस थाने ले जाया गया। इसके बाद, दिल्ली पुलिस की एक टीम भी बेहद नाटकीय घटनाक्रम में कुरुक्षेत्र पहुंच गई और बग्गा को पंजाब पुलिस से अपने संरक्षण में ले लिया और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी ले आई।

पंजाब पुलिस ने दावा किया कि पांच नोटिस भेजे जाने के बावजूद बग्गा जांच में शामिल नहीं हुए थे, जिसके बाद उन्हें कानून की उचित प्रक्रिया के बाद सुबह उनके घर से गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि पंजाब पुलिस ने भड़काऊ बयान देने, शत्रुता को बढ़ावा देने और आपराधिक धमकी देने के आरोप में बग्गा के खिलाफ पिछले महीने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मोहाली में रहने वाले आप नेता सन्नी अहलूवालिया की शिकायत के आधार पर बग्गा के खिलाफ यह मामला दर्ज किया था। पंजाब पुलिस ने बताया कि एक अप्रैल को दर्ज की गई प्राथमिकी के मुताबिक, 30 मार्च को बग्गा ने दिल्ली में (शेष पेज 8)

# कोविड-19 से मौतों पर भारत ने खारिज की डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट

- दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए, कहा- हमारी गणना सबसे सटीक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्र,** राज्य तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की उस रिपोर्ट को एकसुर में खारिज करते हुए निराधार और तथ्यहीन बताया है जिसमें उसने कहा है कि भारत में कोविड से संबंधित 47 लाख मौतें हुई है। बुधवार को डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट जारी हुई थी, जिसमें पिछले दो सालों में कोरोना वायरस की वजह से या उसके कारण चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते डेढ़ करोड़ लोगों की मौत होने की बात कही गई है।

यह 60 लाख मौतों के आधिकारिक आंकड़े के दोगुने से भी ज्यादा है। इसमें सबसे ज्यादा मौतें दक्षिणपूर्व एशिया, यूरोप और अमेरिका में हुई हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की शीर्ष सलाहकार समिति सीसीएचडब्ल्यूएफ की तीन दिवसीय कांफ्रेंस में इस रिपोर्ट पर एतराज जताया गया है। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंसुख मंडाविया तथा कुछ राज्यों के करीब 20 स्वास्थ्य मंत्री भाग ले रहे हैं। इस बीच, आईसीएमआर के महानिदेशक बलराम भार्गव, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वीके पॉल, एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया तथा एनटीएजीआई के कोविड-19 वर्किंग ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एनके अरोड़ा समेत स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट तथ्यहीन और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। डॉ. वीके पॉल ने कहा कि भारत पूरी विनम्रता के साथ कूटनयिक चैनलों के जरिये आंकड़ों और तार्किक कारणों के साथ डब्ल्यूएचओ को बता रहा कि वह भारत के लिए अपनाई गई पद्धति से सहमत नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई देशों के लिए जो पद्धति अपनाई वह मौतों पर सिस्टमेटिक कलेक्शन ऑफ डाटा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमारे पास भी ऐसी ही व्यवस्था सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) है। हमने 2020 में कितनी मौतें हुई इस पर रिपोर्ट जारी की है और 2021 की भी रिपोर्ट जारी करेंगे। हमारी गणना पूरी तरह से सटीक है। वहीं डॉ. एनके अरोड़ा ने डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट को बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने उम्मीद से परे कोविड-19 का प्रबंधन शानदार तरीके से किया। डॉ बलराम भार्गव ने कहा कि कोविड से हुई मौतों की कोई एक कारण नहीं है। यहां तक डब्ल्यूएचओ के पास भी मौतों की कोई परिभाषा नहीं है लिहाजा हमने अपने आंकड़ों को देखा और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिवि आने के बाद 95 फीसदी मौतें पहले चार हफ्तों में हो गई। इसलिए मौत के कारणों को तय करने के लिए 30 दिन का कट ऑफ तय किया था। डॉ. रणदीप गुलेरिया ने भी डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इस दर्ज करने के लिए भारत के व्यवस्थित और सटीक प्रणाली है।

# भाजयुमो कार्यकर्ता की मौत राजनीतिक हत्या: गृहमंत्री

- पश्चिम बंगाल दौरे पर गए अमित शाह पीड़ित परिजनों से मिले, घटना की सीबीआई जांच की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता



काशीपुर में भाजपा कार्यकर्ता के परिजनों को सांत्वना देते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

**कोलकाता** के काशीपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ता अर्जुन चौरसिया की रहस्यमय मौत को राजनीतिक हत्या बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से इसकी जांच कराने की मांग की है।

वहीं, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शव का पोस्टमार्टम कमांड अस्पताल में कराने का आदेश दिया। पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे शाह ने शुक्रवार को चौरसिया के घर का दौरा किया। इससे पहले खबर आई कि भाजयुमो कार्यकर्ता का शव रहस्यमय परिस्थितियों में इलाके में एक खाली पड़ी इमारत में लटका हुआ पाया गया। शाह ने कहा कि भाजपा जघन्य अपराध के दोषी के लिए कानून की अदालतों से कठोर सजा की मांग करेगी। शाह ने दावा किया कि भाजपा के अर्जुन चौरसिया की राजनीतिक रूप से हत्या की गई। चौरसिया के परिवार वालों ने दावा किया कि उनकी हत्या की गई है। गृह मंत्री ने कहा कि कल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपने तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा किया और अब राजनीतिक हिंसा और हत्याओं का दौर फिर से शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय चौरसिया की मौत के मामले को गंभीरता से ले रही है और इस पर रिपोर्ट मांगी है। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि चौरसिया के परिवार ने शिकायत की थी कि उनका शव जबरन ले जाया गया। शाह ने कहा कि देश के (शेष पेज 8)

# आजम की जमानत याचिका पर देरी न्याय के साथ मजाक: सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने जमीन कब्जाने के मामले में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की जमानत याचिका पर सुनवाई में देरी पर शुक्रवार को नाराजगी जताई और इसे न्याय के साथ मजाक करार दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की पीठ ने कहा कि खान को 87 में से 86 मामलों में जमानत मिल चुकी है और वह 11 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा, उन्हें (खान) एक मामले को छोड़कर सभी मामलों में काफी पहले जमानत मिल चुकी है।

यह न्याय के साथ मजाक है। हम और कुछ नहीं कहेंगे। हम बुधवार को इस पर सुनवाई करेंगे। खान की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि उच्च न्यायालय ने जमानत अर्जी पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परियोजना के लिए शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में खान की जमानत अर्जी पर बृहस्पतिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने इससे पहले चार दिसंबर 2021 को (शेष पेज 8)

## दिल्ली-केंद्र प्रशासनिक सेवा केस पांच सदस्यीय पीठ को सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने केन्द्र और दिल्ली के बीच राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण के विवाद से जुड़ा मामला शुक्रवार को आधिकारिक फैसले के लिए पांच न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ को स्थानांतरित किया। दोनों सरकारों के बीच इस बात को लेकर विवाद है कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाएं किसके नियंत्रण में रहेंगी। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ ने कहा कि संविधान पीठ ने वर्ष 2018 में सेवाओं पर नियंत्रण के मुद्दे के (शेष पेज 8)

# झारखंड में आईएएस पूजा सिंघल से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी

- ईडी को मनरेगा कोष गबन मामले में 19 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी मिली

**भाषा।** नई दिल्ली, रांची



झारखंड के खूंटी में हुई छापेमारी में ईडी को मिली नकदी

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के खूंटी जिले में मनरेगा कोष में 19 करोड़ रुपए से अधिक के कथित गबन से जुड़े धन शोधन के एक मामले में झारखंड की खनन सचिव पूजा सिंघल और उनके परिवार के परिसर सहित कई अन्य ठिकानों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एजेंसी ने राज्य की राजधानी रांची में दो परिसरों पर छापेमारी के दौरान कुल 19.31 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की। अधिकारियों ने कहा कि रांची में रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट-वित्तीय सलाहकार के परिसर से लगभग 17.51 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं, जिनके सिघंल और उनके परिवार के साथ संबंधों की जांच की जा रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा शहर में एक अन्य स्थान से 1.8 करोड़ रुपए नकदी बरामद की गई है। मामला 2008 से 2011 के बीच का है। उन्होंने बताया कि झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और कुछ अन्य राज्यों में 18 परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी एवं झारखंड सरकार के खदान एवं भूविज्ञान विभाग की सचिव पूजा सिंघल के परिसर की भी तलाशी की जा रही है। सिंघल 2000 बैच की आईएएस अधिकारी (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,835 | ↓ | 866 | |
| निफ्टी | 16,411 | ↓ | 271 | |
| सोना | 51,035 | ↓ | 251 | /10g |
| चांदी | 62,435 | ↓ | 1080 | /kg |

## क्विक न्यूज

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने देश में आपातकाल की घोषणा की

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने देश में आपातकाल की घोषणा की जोकि शुक्रवार मध्यरात्रि से प्रभावी होगा। राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया प्रभाग ने यह जानकारी दी। आपातकाल के तहत पुलिस और सुरक्षा बलों को मनमाने तरीके से किसी को भी गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने की शक्ति मिल जाती है। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग के मुताबिक, राजपक्षे का यह निर्णय जनता की सुरक्षा और आवश्यक सेवाओं को बरकरार रखने के लिए है ताकि देश का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हो सके। श्रीलंका में जनता द्वारा पिछले कई सप्ताह से राष्ट्रपति और सरकार के इस्तीफे की मांग के बीच आपातकाल लागू करने का फैसला लिया गया है। श्रीलंका अपनी आजादी के बाद से सबसे बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

# 25% लड़कियों व 15% लड़कों की तय उम्र से पहले शादी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- नाबालिग विवाह में महिलाओं में पश्चिम बंगाल और पुरुषों में बिहार सबसे आगे
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में हुआ खुलासा



**भारत** 21वीं सदी में तेजी से विकास कर रहा है लेकिन इसी देश में रहने वाले बहुत से लोग 19वीं सदी मानसिकता के साथ बने हुए हैं। आज भी देश में 25 फीसदी लड़कियों की शादी तय उम्र 18 साल से पहले और 15 फीसदी लड़कों की 21 साल से पहले शादी हुई है। यह खुलासा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) द्वारा कम उम्र में होने वाले विवाह के संबंध में 2019 से 2021 के बीच किए ताजा सर्वेक्षण में हुआ है।

एनएफएचएस सर्वेक्षण के अनुसार, 2019-21 के दौरान देश में 18 से 29 साल उम्र की विवाहित महिलाओं में से 25 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं जिनका विवाह भारत में कानूनी रूप से तय विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से पहले हुआ। कुछ ऐसा ही 21 से 29 साल आयु के कानूनी उम्र 21 साल से पहले विवाह करने वाले पुरुषों की संख्या 15 फीसदी थी। एनएफएचएस के अनुसार सबसे खराब स्थिति पश्चिम बंगाल की है जहां 42 फीसदी नाबालिग लड़कियों की शादी हुई, वहीं यह आंकड़ा बिहार में 40 फीसदी, त्रिपुरा में 39 फीसदी, झारखंड में 35 और आंध्र प्रदेश में 33 फीसदी है। वहीं असम में ऐसी महिलाओं की संख्या 32 फीसदी, दादर नगर हवेली और दमन दीव में 28 फीसदी, तेलंगाना में 27 फीसदी और मध्य प्रदेश तथा राजस्थान में 25 फीसदी है। जबकि सबसे बेहतर स्थिति लक्ष्यद्वीप की है जहां महज चार फीसदी महिलाओं का विवाह 18 साल की आयु से पहले हुआ है।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में यह संख्या छह फीसदी, हिमाचल प्रदेश, गोवा और नगालैंड में 7-7 फीसदी और केरल तथा पुडुचेरी में 8-8 फीसदी है। रिपोर्ट के अनुसार तय उम्र से पहले विवाह में पुरूषों की संख्या में बिहार में सर्वाधिक 25 फीसदी है जबकि गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश में 24-24 फीसदी, झारखंड में 22 फीसदी, अरुणाचल प्रदेश में 21 फीसदी और पश्चिम बंगाल में ऐसे पुरुषों की संख्या 20 फीसदी है। पुरुषों में भी लक्ष्यद्वीप सबसे बेहतर है जहां एक फीसदी से भी कम पुरुषों ने तय उम्र से पहले शादी की है। वहीं केरल में एक फीसदी, पुडुचेरी, तमिलनाडु और नगालैंड में 4-4 फीसदी, कर्नाटक और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में 5-5 फीसदी, हिमाचल प्रदेश और गोवा में 6-6 फीसदी जबकि दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र में 9-9 फीसदी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कम उम्र में शादी करने का चलन भी कम हुआ (शेष पेज 8)

## पुरुषों की तुलना में शराब कम पीती हैं महिलाएं

**राष्ट्रीय** परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 22 फीसदी पुरुषों के मुकाबले सिर्फ एक फीसदी महिलाएं शराब पीती हैं जबकि 15-49 वर्ष आयुवर्ग के 39 प्रतिशत पुरुष और चार फीसदी महिलाएं किसी न किसी प्रकार के तंबाकू का सेवन करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक शराब पीने वाली महिलाओं में 17 फीसदी लगभग रोज शराब पीती हैं जबकि 37 फीसदी हफ्ते में एक बार। शराब पीने वाले पुरुषों की बात करें तो 15 फीसदी रोजाना शराब पीते हैं, 43 फीसदी लोग हफ्ते में एक बार और 42 फीसदी (शेष पेज 8)

# यूक्रेन संकट पर नीदरलैंड को भारत ने दी सख्त हिदायत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र

- संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने कहा- भारत जानता है कि उसे क्या करना है

**संयुक्त** राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने ब्रिटेन में नीदरलैंड के राजदूत को उनके बयान पर जवाब देते हुए कहा कि कृपया हमें सलाह नहीं दें, भारत जानता है कि उसे क्या करना है। नीदरलैंड राजदूत ने कहा था कि भारत को यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेना चाहिए था।

रूसी सेना के 24 फरवरी को यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू करने के तीन दिन बाद रूस ने यूक्रेन के डोनेत्स्क और लुहान्स्क को स्वतंत्र क्षेत्र के रूप में मान्यता दी। इस साल जनवरी के बाद से भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, महासभा और मानवाधिकार परिषद में उन प्रक्रियात्मक मतदान और मसौदा प्रस्तावों से दूरी बना रखी है, जिसमें यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रमण की निंदा की गई थी। ग्रेट ब्रिटेन और नॉर्दर्न आयरलैंड के लिए नीदरलैंड के राजदूत कैरेल वान ओस्टरोम के एक ट्वीट के जवाब में तिरुमूर्ति ने कहा कि कृपया हमें नहीं बताएं राजदूत। हम जानते हैं कि हमें क्या करना है।

ट्वीट में नीदरलैंड राजदूत ने तिरुमूर्ति से कहा कि आपको महासभा (जीए) में शामिल होना चाहिए था। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करें। तिरुमूर्ति ने बुधवार को यूक्रेन मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में एक बयान दिया। उन्होंने ट्विटर पर अपने बयान को पोस्ट करते हुए कहा (शेष पेज 8)

# जिला गौतमबुद्ध नगर ने मनाई सिल्वर जुबली

● 1857 की क्रांति से लेकर आजादी तक बड़ी भूमिका, अब बना यूपी की आर्थिक राजधानी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिला शुक्रवार को 25 साल का हो गया है। इस जिले का गठन 6 मई 1997 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने किया था। गाजियाबाद और बुलंदशहर जिलों के हिस्सों को काटकर जिला गौतमबुद्ध नगर बनाया गया।

दादरी और बिसरख ब्लॉक गाजियाबाद को काटकर शामिल किए गए। जबकि दनकौर और जेवर ब्लॉक बुलंदशहर जिले में थे। बुलंदशहर जिले की सिकंदराबाद तहसील के 18 अन्य गांवों को भी काटकर दनकौर और जेवर में शामिल किया गया था। जिन क्षेत्रों को मिलाकर गौतमबुद्ध नगर बनाया गया हैए यह सारे क्षेत्र पहले मेरठ और बुलंदशहर जिलों में थे।

14 नवंबर 1976 को तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर 14 नवंबर 1976 को गाजियाबाद को जिला घोषित किया था।

उस वक्त गाजियाबाद, मेरठ जिले की तहसील थी। मेरठ जिले के राजपुरा, मुरादनगर, भोजपुर, हापुड़, धौलाना, लोनी, सिम्भौली, गढ़मुक्तेश्वर और बुलंदशहर जिले के दादरी, बिसरख सहित 10 विकास खंडों को जोड़कर गाजियाबाद जिला अस्तित्व में आया था। उस वक्त गाजियाबाद, दादरी, हापुड़ और गढ़मुक्तेश्वर इसकी पहली चार तहसीलें थीं। इस जिले के कब्जे वाले क्षेत्र का बहुत ही गौरवशाली अतीत है, जिसकी जड़ें त्रेतायुग रामायण काल में हैं। दरअसल बिसरख गांव रावण के पिता महऋषि विश्रवा का जन्मस्थान यहां है। दनकौर कस्बा द्वापर युग महाभारत काल से ताल्लुक रखता है। दनकौर में द्रोणाचार्य का आश्रम था, जहाँ कौरव और पांडव ने अस्त्र और शास्त्र में अपना प्रशिक्षण लिया था। द्रोणाचार्य के शिष्य एकलव्य भी इसी स्थान से ताल्लुक रखते हैं।

देश आजादी के लिए 1857 के पहले संग्राम में दादरी समेत जिले के तमाम लोगों ने हिस्सा लिया था। इनमें दादरी के राजा राव उमराव सिंह का नाम उल्लेखनीय है। गदर के दौरान कई महीनों तक यहां से ब्रिटिश रूल को उखाड़ दिया गया था। गाजियाबाद के पास हिंडन नदी के किनारे दादरी के लोगों ने अंग्रेजों को दिल्ली से जाने से रोकने के लिए कई दिन युद्ध किया था।

बाद में राव उमराव सिंह और उनके साथियों को अंग्रेजों ने बुलंदशहर के काला आम और दिल्ली के चांदनी चौक में फांसियां दी गई थीं। इस भूमि के लोग राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम से सक्रिय रूप से जुड़े थे। गोपी चंद, राम नाथ, हरशरण सिंह आदि कुछ प्रमुख नाम हैं। यहां तक कि सरदार भगत सिंह, सुख देव, राम प्रसाद बिस्मिल और राजगुरु स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नोएडा और ग्रेटर नोएडा के गांवों में रहे थे।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के गांव नलगढ़ा में सरदार भगत सिंह रहे थे। उन्होंने यहां सेंट्रल असेम्बली में बम हमले की योजना बनाई थी। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ग्रेटर नोएडा के रामपुर गांव में एक किसान के यहां नौकर बनकर रहे थे। यहीं उन्होंने अपनी प्रसिद्ध किताब बोलशेविकों की करतूत लिखी थी।




## विश्वस्तरीय शहरों में शुमार नोएडा



जब वर्ष 1997 में गौतमबुद्ध नगर जिला बना तो इसकी जनसंख्या 1991 की जनगणना के मुताबिक 770367 थी। अब वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक जनसंख्या 1648115 हो चुकी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि अब गौतमबुद्ध नगर की जनसंख्या 25 लाख से अधिक है। मतलब, महज 25 वर्षों में गौतमबुद्ध नगर की जनसंख्या 350 प्रतिशत बढ़ी है। यहां तेजी से हो रहे औद्योगिकीकरण और शहरीकरण का परिणाम है। अब गौतमबुद्ध नगर वर्ल्डक्लास शहर बन चुका है। चालू वित्त वर्ष में तीनों विकास प्राधिकरण करीब 14508 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। यह बजट देश के कई राज्यों से भी बड़ा है। देश का सबसे बड़ा, एशिया का दूसरा सबसे बड़ा और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एयरपोर्ट गौतमबुद्ध नगर में जेवर कस्बे के पास बनाया जा रहा है। यहां देश के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे और अत्याधुनिक मेट्रो सेवाएं हैं। बुलेट ट्रेन पर काम चल रहा है। देश का सबसे बड़ा नॉलेज हब है।

## यमुना प्राधिकरण की विकास यात्रा नहीं रुकी

यूपी सरकार ने एकबार फिर औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम.1976 के तहत 24 अप्रैल 2001 को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का गठन किया। इस नए प्राधिकरण के तहत गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा जिलों के 1187 गांवों को शामिल करके यमुना सिटी बसाया जा रहा हैं। आने वाले वक्त में यमुना सिटी दिल्ली से करीब 6 गुना बड़ा शहर बन जाएगा। कुल मिलाकर इन तीनों विकास प्राधिकरणों ने गौतमबुद्ध नगर जिले को उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी बना दिया है।

# एक मिस्ड कॉल से सरकारी अफसर हनीट्रैप में फंसा, महिला समेत तीन गिरफ्तार

● ओयो में वीडियो बनाकर ऐंठे मोटी रकम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जल निगम के एक अधिकारी को हनीट्रैप में फंसाकर लाखों रुपए की वसूली करने वाले आरोपियों को ग्रेटर नोएडा पुलिस ने धर दबोचा।

पुलिस ने हनीट्रैप में फंसा कर लोगों से मोटी रकम वसूलने वाली एक युवती समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने अधिकारी के खिलाफ रेप के मामले में भी शिकायत दी थी। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने मामले की पूरी जानकारी देते हुए गैंग का खुलासा किया है। इन लोगों ने कारोबारी को हनीट्रैप में फंसाकर 15 लाख रुपए की मोटी रकम मांगी थी। एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि बीते 10 मार्च 2022 को रिया उर्फ नैना चौधरी द्वारा पुलिस को शिकायत दी गई कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। इसकी शिकायत बीटा.2 थाना पुलिस को मिली थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल शुरू की। जब इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो सच्चाई सामने आई। जांच में सामने आया कि नैना चौधरी ने कारोबारी को फोन पर मिस कॉल करके अपने जाल में फंसाया था और फिर उसके बाद ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर मिलने के लिए बुलाया था। परी चौक पर नैना चौधरी उस व्यक्ति की गाड़ी में बैठकर मथुरा गई थी। जिस पर नैना चौधरी ने रेप का मुकदमा दर्ज करवाया था।

साजिश के तहत जल विभाग के अधिकारी को मथुरा से वापस लाकर नैना चौधरी डेल्टा में स्थित एक ओयो होटल में पहुंची। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि महिला द्वारा बनाई गई साजिश के तहत उसके साथ ही पहले से ही ओयो होटल में पहुंच गए थे और अधिकारी का वीडियो बनाने लगे। वीडियो बनाने के बाद महिला और उसके साथियों ने पीड़ित अफसर से 2 लाख 85 हजार रुपए की वसूली की थी। इनमें से 2 लाख रुपए नकद और 85000 रुपए कैश लिए थे।

## बच्चे ने पी मच्छर मारने की दवा, हालत नाजुक

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक 3 साल के बच्चे ने मच्छर मारने की दवा पी ली। गंभीर हालत में बच्चे को नजदीकी अस्पताल में एडमिट करवाया गया। ज्यादा नाजुक हालत होने पर बच्चे को नोएडा में स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल में एडमिट करवाया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 साल का रिन्कू अपने परिवार के साथ रहता है। बीती रात को रिन्कू ने मच्छर मारने वाली दवाई पी ली। बताया जा रहा है कि हालत गंभीर होने पर बच्चे को नोएडा के सेक्टर-31 में स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल में एडमिट करवाया गया। इस समय बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों की देखरेख में बच्चे का इलाज किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर बच्चे के परिजन काफी चिंतित हैं।

## ग्रेनो प्राधिकरण का सर्वर हुआ डाउन, 5 दिन से लोग परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आवंटियों को राहत देने के लिए अपनी अधिकतर सुविधाएं ऑनलाइन कर दी है। वहीं, अब इन सेवाओं में दिक्कत आने लगी है। सर्वर में दिक्कत के चलते ऑनलाइन सुविधाओं के लिए आवंटियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले पांच दिनों से मैप सेक्सन में सबसे अधिक दिक्कत है। पानी का ऑनलाइन बिल जमा करने में भी कठिनाई आ रही है। प्राधिकरण के सिस्टम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दिक्कत को दुरुस्त किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिकतर सुविधाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है। लेकिन पिछले पांच दिनों से ये सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सबसे अधिक दिक्कत मैप सेक्सन में आ रही है। इसमें आवेदन करने के बाद सबमिट नहीं हो पा रहा है। आवेदक रामअवतार गुप्ता और राम नरेश आदि ने बताया कि नक्शा पास कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पा रहा है। आधी-अधूरी प्रक्रिया हो रही है। यह दिक्कत करीब 5 दिनों से है।

बताया जाता है कि सर्वर की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है, जिसके चलते यह समस्या आ रही है। इसके अलावा पानी बिल जमा करने में भी परेशानी आ रही है। ऑनलाइन पैसा जमा नहीं हो पा रहा है। अल्फा-2 आरएस सिंह ने बताया कि वह पानी का बिल जमा करने के लिए दो दिनों से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन पैसा नहीं जमा हो पा रही है। अब पानी का बिल ऑनलाइन जमा हो रहा है।

# अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के नए सीईओ सुरेंद्र सिंह ने अपनी बातों पर काम करना शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के तिलपता भूड़ा रोड पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर अथॉरिटी का बुलडोजर चला। इस दौरान करीब 100 बीघा जमीन को अवैध कॉलोनियों से मुक्त किया गया है। आपको बता दें कि 2 दिनों पहले सीईओ सुरेंद्र सिंह ने पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि वह दो दिनों के भीतर ग्रेटर नोएडा शहर में अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवाना शुरू कर देंगे। अब सीईओ ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के तिलपता भूड़ा रोड पर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही थी। इसकी जानकारी कुछ समय पहले ही सुरेंद्र सिंह को मिली। जानकारी मिलने के तुरंत बाद उन्होंने एक्शन लेते हुए संबंधित अधिकारी को जांच के आदेश दिए।

# गाजियाबाद में गर्भवती महिला की हत्या

● ऊपर वाले फ्लैट में काम कर रहे मजूदरों पर शक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साहिबाबाद में स्थित एक फ्लैट में 20 वर्षीय महिला की गला घोट कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देते समय आरोपियों ने महिला की सास को बालकनी में बंद कर दिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर से कुछ सामान लेकर भी फरार हुए हैं।

अज्ञात बदमाशों ने जिस महिला की हत्या की, वह महिला गर्भवती थी। शाम को महिला का पति नौकरी से वापस अपने घर लौट तो वारदात का पता चला। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। गाजियाबाद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार साहिबाबाद में स्थित डीएलएफब्लॉक में संतोष कुमार अपनी पत्नी संतोषी देवी और मां पद्मावती के साथ रहता था। संतोष की पत्नी संतोषी देवी हाउस वाइफ थी और संतोष कुमार की मां पद्मावती भी उनके साथ रहती हैं। संतोष कुमार नौकरी पर गया था। उसी दौरान इस वारदात को अंजाम दिया गया। बुजुर्ग महिला पद्मावती ने पुलिस को बताया कि कुछ लोग उनके घर में पानी लेने के बहाने से घुसे। घर में घुसते ही बदमाशों ने उनको धक्का दे दिया और घर की बालकनी में बंद कर दिया। रात के करीब 10:00 बजे संतोष कुमार अपने घर वापस लौटा तो उसने देखा कि उसके फ्लैट का दरवाजा खुला हुआ है। उन्होंने अपनी मां की आवाज सुनी तो बालकनी का गेट खोला। बाथरूम में देखा कि उसकी पत्नी संतोषी देवी की लाश पड़ी हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि संतोष कुमार जिस फ्लैट में रहता था। उससे ऊपर वाले फ्लैट में कुछ निर्माण कार्य चल रहा था। पुलिस को वहां काम करने वाले कुछ मजदूरों पर शक है।

## पत्नी को उतारा था मौत के घाट, उम्रकैद की सजा

**नोएडा।** पत्नी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने वाले आरोपी पति को आजीवन कारावास हुई है। पति ने सिर्फ इसलिए अपनी पत्नी को पीट.पीट कर मौत के घाट उतारा था, क्योंकि उसने शराब पीने से मना किया था। घटना करीब 12 साल पुरानी है। इस मामले में 12 साल बाद अब मृतक महिला को इंसाफ मिला है। इन 12 सालों के दौरान 7 गवाह पेश हुए। मिर्जापुर गांव में बशरुद्दीन और उसकी पत्नी अमन निशा एक साथ रहते थे। बशरुद्दीन शराब पीने का आदी था। उसकी पत्नी अमन निशा लगातार समझाती थी कि शराब पीने से उसका घर बर्बाद हो रहा है।




नोएडा सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशन के नीचे भारत और फ्रांस के कलाकारों द्वारा बनाकर तैयार की गई पेंटिंग। फोटो: अंकित यादव

# आवंटन रद्द होने के बाद भी बेचे जा रहे फ्लैट

● प्राधिकरण की कार्यवाही का अजनारा बिल्डर पर नहीं पड़ा असर



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण के इतने बड़े एक्शन के बाद भी अजनारा बिल्डर पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। जहां प्राधिकरण में बकाया जमा न करने पर अजनारा पैनारोमा परियोजना का भूमि आवंटन रद्द कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी बिल्डर द्वारा इस परियोजना के फ्लैटों को बेचा जा रहा है।

रोजमर्रा की तरह सेल्स ऑफिस खोला जाता है और फ्लैट खरीदने के लिए लोगों से संपर्क किया जा रहा है। इस परियोजना में रहने वाले एक निवासी ने बृहस्पतिवार को सुबह जब अखबार में अजनारा बिल्डर के आवंटन रद्द होने की खबर पड़ी तो वे हैरान और परेशान हो गए। उसके बाद उन्होंने बिल्डर से इसके बारे में संपर्क किया तो बिल्डर ने एक-दो दिन में जवाब देने का आश्वासन दिया। अब इस परियोजना के सभी खरीदार यमुना प्राधिकरण के सीईओ से जाकर मिलेंगे। वहीं, इस परियोजना को पूरा कराने की जिम्मेदारी प्राधिकरण ने ली है। अजनारा बिल्डर की इस परियोजना में अभी ज्यादा लोग नहीं रह रहे हैं। फि लहाल परियोजना में बनाए गए विला में 4 परिवार रह रहे हैं। जिनमें से एक निवासी मोहित गोयल ने जब अखबार में अजनारा बिल्डर के भूमि आवंटन रद्द होने की खबर को पढ़ा तो वह काफी परेशान हो गए। जिसके बाद उन्होंने बिल्डर से संपर्क करें और इसके बारे में पूछा तो बिल्डर ने उन्हें एक-दो दिन में जवाब देने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस परियोजना के विला में चार परिवार रह रहे हैं और पांचवा परिवार 12 मई को यहां पर रहने के लिए आ जाएगा। यदि आवंटन रद्द कर दिया गया है तो इस प्रोजेक्ट का क्या होगा, साथ ही उनके आवास पर इसका क्या असर पड़ेगा।


सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आदेश सक्सेना/कीर्ति सक्सेना/ एलबीजीएचजैड00004928121/ एलबीजीएचजैड00004928125 | फ्लैट नंबर ई-1204, 12वां तल, टावर नंबर ई, (एमराल्ड टावर) एसजी ग्रैंड, खसरा नंबर 145, 199, ग्राम मोर्टी, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच-58, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ 02-05-2022 | 13-12-2021 रू. 21,22,096/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2 | जितेन्द्र शर्मा/शशि शर्मा/ एलबीजीएचजैड00003623550/ एलबीजीएचजैड00003623552 | फ्लैट नंबर 403, चतुर्थ तल, अंतरिक्ष ग्रीन्स, प्लॉट नंबर जीएच-248, कौशाम्बी, गाजियाबाद/ 02-05-2022 | 15-11-2021 रू. 68,29,348/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3 | निधि/अमनदीप सिंह/ एलबीजीयूआर00004863378 | फ्लैट नंबर टी 5 506, 5वां तल, अरावली होम्स, टावर 5, ग्राम काईका, सेक्टर-4, सोहना, गुरूग्राम (हरियाणा)/ 02-05-2022 | 15-11-2021 रू. 7,94,094/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | प्रमोद कुमार सिंह/सुनीता सिंह/ एलबीजीएचजैड00005136799 | फ्लैट नंबर एफ-315 ए, प्रथम तल, ईडब्ल्यूएस, ब्लॉक एफ, नंदनिकुंज, निकट नंदग्राम मार्किट, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ 02-05-2022 | 21-12-2021 रू. 9,32,980/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | राजीव कौशिक/रूचि शर्मा/ एलबीएनओडी00004921906/ एलबीएनओडी00004929742 | फ्लैट नंबर आई/1078, 10वां तल, ब्लॉक-आई, गौड्स सिद्धार्थम, प्लॉट नंबर बीएस-01, सेक्टर-8, सिद्धार्थ विहार, निकट इंदिरापुरम, गाजियाबाद/ 02-05-2022 | 17-12-2021 रू. 31,06,458/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | दीपक कुमार/पिंकी केशरी/ एलबीजीयूआर00003251531 | फ्लैट नंबर 603, छठा तल, टावर 9, पिरामिड अर्बन होम्स, सेक्टर-70 ए, गुरूग्राम (हरियाणा)/ 02-05-2022 | 30-08-2021 रू. 14,89,169/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | मोहित शर्मा/संतोष शर्मा/ एलबीएनओडी00004061309 | फ्लैट नंबर 1554, 14वां तल, टावर जी, संस्कृति विहार, गौड़ सिटी 2, 10 वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-16 सी, नोएडा/ 02-05-2022 | 30-08-2021 रू. 29,32,407/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | मोहित शर्मा/संतोष शर्मा/ एलबीएनओडी00004705771 | फ्लैट नंबर 1554, 14वां तल, टावर जी, संस्कृति विहार, 10 वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-16 सी, ग्रेटर नोएडा/ 02-05-2022 | 30-08-2021 रू. 2,36,235/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | विश्वप्रिया मुखर्जी/सखी रानी मुखर्जी/ एलबीएनओडी00001691935 | फ्लैट नंबर 47 ए, ब्लॉक-बी-5, धवलगिरि अपार्टमेंट, सेक्टर-34, नोएडा/ 02-05-2022 | 16-10-2021 रू. 14,91,260/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10 | आनंद शेखर सिंह/शिवानी सिंह/ एलबीएनओडी00001738021 | फ्लैट नंबर 21, द्वितीय तल, ब्लॉक-सी-2, सेक्टर-71, जिला गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301/ 02-05-2022 | 05-10-2021 रू. 8,14,057/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11 | संगीता मलिक/मनमोहन मलिक/ एलबीएनओडी00002480392 | फ्लैट नंबर एएम-एच-1706, 17वां तल, टावर-एच, अजनारा ऐम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-118, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा/ 02-05-2022 | 13-12-2021 रू. 42,86,430/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12 | खालिद बिन यूसुफ खान/यासमीन खालिद/ एलबीएनओडी00002892971 | फ्लैट नंबर 808 बी, 8वां तल, ब्लॉक एफ, एस प्लैटीनम, प्लॉट नंबर 12/1, सेक्टर-जीटा-1, ग्रेटर नोएडा/ 02-05-2022 | 15-11-2021 रू. 18,79,545/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13 | ताहिर हुसैन/दानिश हुसैन/ एलबीडीईएल00004897513 | फ्लैट नंबर 2634, 25वां तल, टावर डी, गौड़ सिद्धार्थम, प्लॉट नबर 8/बीएस-01, सेक्टर-8, सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ 02-05-2022 | 31-12-2021 रू. 29,16,818/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14 | नीलम मिश्रा/नीरज मिश्रा/ एलबीजीएचजैड00004371182 | मकान नंबर 361, सेक्टर-15, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ 02-05-2022 | 18-08-2021 रू. 28,81,583/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15 | ताहिर हुसैन/दानिश हुसैन/ एलबीएनओडी00005108741 | दुकान नंबर 2, भू तल, गौड़ सिद्धार्थम हाई स्ट्रीट,, प्लॉट नबर बीएस-01, सेक्टर-8, सिद्धार्थ विहार, एनएच-24, गाजियाबाद/ 02-05-2022 | 31-12-2021 रू. 24,25,138/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 16 | आदित्य कुमार/वीका काम्बोज/ एलबीजीयूआर00002505405 | फ्लैट नंबर 1218, 12वां तल, हैबीटैट टावर-ए, सेक्टर-99 ए, गुरूग्राम, हरियाणा/ 02-05-2022 | 25-09-2020 रू. 16,94,164/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 17 | रूही मलिक/दीपक सिंह चौधरी/ एलबीएनओडी00003140200 | फ्लैट नंबर 1308, 13वां तल, स्टेला एमआई-सिटी होम्स, टावर डी, प्लॉट नंबर जीएच-7ए, सेक्टर-ओमीक्रोन-।।।, ग्रेटर नोएडा/ 02-05-2022 | 27-09-2021 रू. 15,85,162/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 18 | विश्वप्रिया मुखर्जी/सखी रानी मुखर्जी/ एलबीएनओडी00001691935 | फ्लैट नंबर 47 ए, ब्लॉक-बी-5, धवलगिरि अपार्टमेंट, सेक्टर-34, नोएडा/ 02-05-2022 | 16-10-2021 रू. 14,91,260/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 19 | रीतेश कुमार विश्वकर्मा/भारती विश्वकर्मा/ एलबीडीईएल00005164714 | प्लॉट नंबर 179, द्वितीय तल, अभय खंड 1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/ 02-05-2022 | 13-12-2021 रू. 71,95,531/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 20 | सव्यसाची रैना/वीनता रैना/मोंजीष रंजन नंदी/ एलबीजीयूआर00001193760 | प्लॉट नंबर 114, भू तल, ब्लॉक-डी, क्लासिक पर्सनल फ्लोर, साउथ सिटी-2, गुरूग्राम/ 02-05-2022 | 13-12-2021 रू. 20,68,170/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 21 | अजय सिंह/होराइजन टूअर्स ऐंड ट्रैवल्स/अतर सिंह पुंडीर/कंवर सिंह एलबीडीईएल00005249359 | एफबी-188, लाजपत नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद/ 02-05-2022 | 21-12-2021 रू. 10,75,837/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 22 | नरेश कुमार समरवाल/मैसर्स शिवम एस्टेट्स/ एलबीएफडीबी00001441722 | दुकान नंबर 15, सेक्टर-39, ब्लॉक-सी-102 ए, नोएडा/ 02-05-2022 | 30-08-2021 रू. 6,08,502/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 23 | अजय सिंह/होराइजन टूअर्स ऐंड ट्रैवल्स/अतर सिंह पुंडीर/कंवर सिंह एलबीडीईएल00001568029 | एफबी-188, लाजपत नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद/ 02-05-2022 | 21-12-2021 रू. 3,86,371/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 24 | विकास कुमार जैन/वीरेन्द्र कुमार जैन/ एलबीडीईएल00000847384 | एफ नंबर 108, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 22, अमन कैसल, सेक्टर-4, गाजियाबाद/ 02-05-2022 | 16-10-2021 रू. 10,09,206/- | दिल्ली/एन सीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 07 मई, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Vinit Pandhi, S/o Shiv Kumar Pandhi. R/o C-178, Third Floor, Brotherhood Apartment, H-Block, Vikas Puri, New Delhi - 110018. am the Owner/mutatee of Flat No. B-6/44/1, Ground Floor, Under MIG Category, Block B-6, Safdarjung Enclave, New Delhi vide DDA's File F-8(22)1969/LAB(H). The Original Documents viz (1) Possession Letter (2) NOC for Water & Electricity Connection issued by DDA in respect of Flat No. B-6/44/1, Ground Floor, Under MIG Category, Block B-6,Safdarjung Enclave, New Delhi has been lost the said property. An Information Report of this effect has been lodge in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No.309907/2022 on 13.04.2022. Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9810338242 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.



सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि फ्लैट नंबर 402, 4th फ्लोर, ब्लाक – C, फ्लेक्स अपार्टमेंट, सेक्टर-62, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उ.प्र. (फ्री होल्ड बेसिस) जिसके मूल आवंटी विनय कुमार जोशी पुत्र स्व० जी० डी जोशी निवासी C – 43, 1st फ्लोर, सेक्टर-27, नोएडा, हैं। आवंटी द्वारा उपरोक्त फ्लैट जी०पी०ए० के माध्यम से अंतरित किया जा रहा है जिसके जी०पी०ए० धारक श्री विवेक कुमार पुत्र श्री संत कुमार निवासी C-402, फ्लेक्स अपार्टमेंट, C-58/22, सेक्टर-62, नोएडा के पक्ष में 30.12.2000 को निष्पादित हुआ जोकि पंजीकृत है। तथा एग्रीमेंट टू सेल डों विवेक कुमार पुत्र श्री संत कुमार के पक्ष में 30.12.2000 को निष्पादित हुआ है जोकि अपंजीकृत है। अतः सम्बंधित फ्लैट जीपीए धारक श्री विवेक कुमार पुत्र श्री संत कुमार के द्वारा अपनी पत्नी सुजाता अग्रवाल पत्नी श्री विवेक कुमार निवासी बी-22, रेजिडेंशियल काम्प्लेक्स, एस्कॉर्ट हार्ट हॉस्पिटल ओखला रोड, . न्यू दिल्ली के पक्ष में अंतरित किया जा रहा है । अतः यदि किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति नोएडा प्राधिकरण के ग्रुप हाउसिंग विभाग में सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से 30 दिन के अंदर साक्ष्य सहित दर्ज करे।
विवेक कुमार
(जीपीए धारक)



प्रपत्र-'जी'

अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

[दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन]

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | जगतार सिंह ऐंड सन्स हाइड्रॉलिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 28 जनवरी, 2010 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | CIN :- U29253DL2010PTC198375 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | पंजीकृत कार्यालय :- सी-1/बी, मानसरोवर गार्डन, दिल्ली-110015 फैक्टरी/वर्क्स :- प्लॉट नंबर 46, नंगली सकरावती, नजफगढ़ दिल्ली |
| 6 | कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | 23 नवम्बर, 2021 |
| 7 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 07-05-2022 |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | समाधान प्रोफेशनल से अनुरोध पर उपलब्ध हैं, अनुरोध : jssh.cirp@gmail.com पर भेजें |
| 9 | धारा 29क के अधीन अग्राह्यता के मानदंड : | दिवाला और ऋण शोध अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 29 क और अन्य प्रावधानों के अनुसार। आईबीबीआई की वेबसाइट : https://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php पर उपलब्ध हैं। |
| 10 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 22-05-2022 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 01-06-2022 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 06-06-2022 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 16-06-2022 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 06-06-2022 |
| 15 | समाधान योजना हेतु अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने की विधि | समाधान प्रोफेशनल द्वारा आईबीसी, 2016 की धारा 29 क और पूर्व-योग्यता मानदंड, यदि कोई सीओसी द्वारा अनुमोदित किए गए हैं, के तहत ग्राह्यता, केवाईसी, निवेश की क्षमता, प्रबंधन की सक्षमता की जांच के बाद समाधान योजना हेतु अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन इलेक्ट्रॉनिक रूप में साझा किए जाएंगे। |
| 16 | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 04-07-2022 |
| 17 | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | jssh.cirp@gmail.com : पर ई-मेल द्वारा इलेक्ट्रॅनिक विधि से |
| 18 | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | 05-08-2022 |
| 19 | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | पीयूष मूना रजि. नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P00990/2017-2018/11630 |
| 20 | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | पीयूष मूना फ्लैट नंबर 04034 एटीएस एडवांटेज, अहिंसा खंड 1, इंदिरापुरम, गाजियाबबाद – 201014 piyushmoona@gmail.com |
| 21 | पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | जे मंडल ऐंड कम्पनी, ए-9, सेक्टर-9, नोएडा-201301 ई-मेल : jssh.cirp@gmail.com |
| 22 | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | पीयूष मूना (समाधान प्रोफेशनल) |
| 23 | प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि | 07-05-2022 |

हस्ता./-
पीयूष मूना
समाधान प्रोफेशनल
जगतार सिंह ऐंड सन्स हाइड्रॉलिक्स प्राइवेट लिमिटेड के मामले में
रजि. नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P00990/2017-2018/11630
तिथि : 07-05-2022
स्थान : गाजियाबाद


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बग्गा की गिरफ्तारी: भाजपा-आप में सियासी जंग

## केजरीवाल पंजाब पुलिस का इस्तेमाल विरोधियों का दमन करने के लिए कर रहे : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव तेजिंदर पाल सिंह बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में घमासान शुरू हो गया है। इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने आप कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता व अन्य नेताओं ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में अरविंद केजरीवाल को आड़े हाथ लिया और कहा कि बग्गा ने उनके झूठ को बेनकाब किया है, इसलिए उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

केजरीवाल के खिलाफ बोलने वाले सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि अन्य राजनीतिक दल एवं स्वतंत्र विचार रखने वालें लोगों के घर भी नोटिस भेजा जा रहा है और पंजाब पुलिस का इस्तेमाल विरोधियों के दमन के लिए किया जा रहा है।


आप कार्यालय पर प्रदर्शन करते प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता। फोटो: रंजन डिमरी।

राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा ने कहा कि बग्गा की गिरफ्तारी बिल्कुल गैर कानूनी है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर पी सिंह ने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी करने वालों को दो दिन में गिरफ्तार किया जाएगा, लेकिन आज एक महीने से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी राज्य की पुलिस दिल्ली पुलिस को बिना सूचित किए दिल्ली से किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है। लेकिन कानून को ताख पर रखकर पंजाब पुलिस ने बग्गा को गिरफ्तार किया। केजरीवाल पंजाब को 80 के दशक के रास्ते पर लेकर जा रहे हैं। आप मुखिया ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह काम कर रहे हैं।


बग्गा के खिलाफ नारेबाजी करते आप नेता

## पंजाब में हिंसा भड़काने के आरोप में बग्गा हुए गिरफ्तार : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को पंजाब पुलिस ने राज्य में सांप्रदायिक तनाव और हिंसा भड़काने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पार्टी ने भाजपा के प्रतिशोध के आरोप को खारिज कर दिया। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर 29 अप्रैल को पटियाला में हुई झड़पों का जिक्र किया, तो दूसरी ओर पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने बग्गा को एक अप्रैल को मोहाली में दर्ज एक मामले के सिलसिले में उनके जनकपुरी स्थित घर से गिरफ्तार किया गया है। भारद्वाज ने पंजाब पुलिस की कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि राज्य की पुलिस ने पिछले महीने बग्गा के खिलाफ मामला दर्ज किया था जब उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से राज्य में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने और हिंसा भड़काने की कोशिश की थी।

## भाजपा-आप कर रही सत्ता का दुरुपयोग : कांग्रेस

*नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकारें पुलिस का दुरुपयोग कर बदले और प्रतिशोध की राजनीति कर रही हैं। यह पहले ही स्पष्ट हो गया था जब पंजाब पुलिस ने कांग्रेस नेता अलका लांबा और गाजियाबाद में कवि डॉ कुमार विश्वास के दरवाजे पर दस्तक दिये थे। भाजपा शासित असम सरकार ने गुजरात के विधायक दलित नेता जिग्नेश मेवाणी को राजनीतिक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश में तानाशाह सरकारें अपना अधिपत्य और प्रशासनिक ताकत का बदले की भावना से प्रयोग कर रही है। अनिल कुमार ने कहा पंजाब पुलिस द्वारा भाजपा नेता बग्गा की गिरफ्तारी भाजपा की असहिष्णुता और आम आदमी पार्टी की सरकार के पुलिस राज का बरबर उदाहरण है। दोनों विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए कठोर कदम उठाने में नहीं चूक रहे हैं।*

निगम स्कूल में यौन शोषण मामला

# प्रधानाचार्य व शिक्षक निलंबित

- अनुबंध पर काम करने वाले शिक्षक की सेवा समाप्त

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) के स्कूल में यौन शोषण का मामला गरमाने के बाद प्रधानाचार्य और शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई की गई है। मेयर ने दोनों को निलिंबत कर दिया है। वहीं निरीक्षक और एक अन्य शिक्षक को नोटिस जारी किया है।

महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामला पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में एक सरकारी स्कूल का है, जहां दो छात्राओं का कथित तौर पर यौन शोषण किया गया था। महापौर अग्रवाल ने बताया कि यह फैसला ईडीएमसी के अधिकारियों ने किया है। यौन शोषण मामले में स्कूल के प्रधानाचार्य और एक शिक्षक को निलंबित करने के साथ ही अनुबंध पर काम करने वाले एक शिक्षक की सेवाएं समाप्त करने का फैसला किया है। अग्रवाल के मुताबिक, इसके अलावा एक शिक्षक और स्कूल निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि ईडीएमसी के शिक्षा विभाग के जोनल उप निदेशक को कड़ी चेतावनी दी गई है।

उन्होंने कहा, ईडीएमसी ने स्कूल के प्रधानाचार्य और एक शिक्षक को निलंबित कर दिया है, जबकि अनुबंध पर काम करने वाले शिक्षक, जिसे सबसे पहले मामले की जानकारी दी गई थी, उसकी सेवाएं समाप्त कर दी हैं। दिल्ली महिला आयोग ने दावा किया है कि जब छात्राओं ने इस घटना की जानकारी प्रधानाचार्य और कक्षा के शिक्षक को दी तो उन्होंने छात्राओं से चुप रहने और घटना को भूल जाने के लिए कहा था। पुलिस ने बताया कि स्कूल के अंदर और परिसर में कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था।

गौरतलब है कि घटना 30 अप्रैल को एक सरकारी स्कूल में हुई थी, जहां आरोपी ने कथित तौर पर कक्षा में घुसकर छात्रों के सामने अपने कपड़े उतारे और उनके सामने पेशाब किया।

## हरियाणा में उत्पादित सूरजमुखी में इटली ने दिखाई रूचि


नई दिल्ली में शुक्रवार को इटली के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी बैठक करते हुए।

- दिल्ली में विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

हरियाणा के फसलों की गुणवत्ता पूरे देश के साथ अब यूरोप और दुनिया पर छाने की तैयारी है। इसी कड़ी में इटली हरियाणा में उत्पादित सूरजमुखी की खरीदारी की संभावनाओं पर काम कर रहा है।

जानकारी के मुताबिक इटली उद्योग परिसंघ के अंतरराष्ट्रीय कार्यों की परामर्शदाता राफेल लांजेला के नेतृत्व में शुक्रवार को तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के साथ नई दिल्ली में बैठक की। हरियाणा भवन में हुई बैठक में इटली के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. हरदीप सिंह के साथ प्रदेश में उत्पादित सूरजमुखी की खरीदारी की संभावनाओं के संदर्भ में विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श हुआ। डॉ. हरदीप सिंह ने विदेशी प्रतिनिधिमंडल को बताया कि सूरजमुखी का लगभग 20 हजार मीट्रिक टन उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप है।

इटली के उद्योग परिसंघ के अंतरराष्ट्रीय कार्यों के परामर्शदाता राफेल लांजेला के नेतृत्व वाले तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में इटली के आर्थिक व नवीनीकरण विभाग के प्रथम परामर्शदाता फ्रांसिस्को वैरीएला और इटली दूतवास के व्यापार संवर्धन कार्यालय के निदेशक व भारत,बांग्लादेश, श्रीलंका के समन्वयक अलेसांद्रो लिब्रेटरी शामिल रहे।

बैठक में हरियाणा के कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक रोहतास सिंह मौजूद रहे।

## सौर ऊर्जा खोलेगी रोजगार के द्वार

- डीडीसी और आरएमआई इंडिया 12 मई को नई सौर नीति पर करेंगे चर्चा

**पायरियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

केजरीवाल सरकार की सौर ऊर्जा नीति रोजगार के द्वार खोलेगी। रोजगार बजट के तहत सरकार अगले पांच वर्षों में 40 हजार नई नौकरियां इस क्षेत्र में उत्पन्न करेगी। इसके लिए नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा विकसित करने के लिए आरएमआई इंडिया के साथ करार किया गया है।

आरएमआई इंडिया रूफटॉप सोलर (आरटीएस) को बढ़ावा देने और सौर ऊर्जा में अग्रणी राज्य बनने के लिए विश्व की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने में डीडीसी का सहयोग करेगा। दोनों संगठन 12 मई को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में बिजली विभाग के सहयोग से नई सौर नीति पर चर्चा करेंगे। डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह और आरएमआई इंडिया की एमडी अक्षिमा घाटे की उपस्थिति में करार पर हस्ताक्षर किए गए। इसका मकसद रूफटॉप सोलर तकनीकी ज्ञान साझा करने और अनुसंधान बढ़ावा देना है। दिल्ली सरकार ने20 लाख नौकरियों के सृजन के रोजगार बजट के माध्यम से एक महत्वाकांक्षी रोजगार योजना तैयार की है।

# इंदिरा गांधी अस्पताल में बनेगा मेडिकल कॉलेज

- वर्ष 2025 में बनकर होगा तैयार, 125 सीटों पर होगा दाखिला, गरीब मेधावी छात्र भी पूरा कर सकेंगे डॉक्टर बनने का सपना

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

द्वारका सेक्टर-9 स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी। यह मेडिकल कॉलेज सेक्टर-19 में बनाया जाएगा। इसके बनने के बाद जहां हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को पंख लगेंगे। यह मेडिकल कॉलेज वर्ष 2025 तक बनकर तैयार होगा।



शुरू में यहां 125 छात्रों को एमबीबीएस में दाखिला मिलेगा। इसके बाद एमडी, एमएस, डीएम आदि की डिग्री दी जाएगी। इसके चालू होने से आम लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा मिलने के साथ ही युवाओं को रोजगार मिलेगा। इंदिरा गांधी अस्पताल में प्राइवेट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की तरह ही सुविधाएं उपलब्ध है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का कहना है कि पिछले सात वर्षों में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव आया है।

केवल मेडिकल क्षेत्र में सुधार नहीं हो रहा, बल्कि नए डॉक्टर भी तैयार हो रहे हैं और बेड्स की संख्या भी बढ़ी है। इंदिरा गांधी अस्पताल में मेडिकल कॉलेज बनने के बाद डॉक्टरों की नई फौज तैयार करने में सक्षम होगा। डॉक्टर बनने का सपना देख रहे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही ऐसे छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिले का अवसर मिलेगा, जो मेधावी तो थे लेकिन गरीबी के कारण भारी भरकम फीस वाले डोनेशन की वजह से निजी मेडिकल कॉलेजों में दाखिला नहीं ले पाए। अस्पताल में पढ़ाई के साथ शोध पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि यह मेडिकल कॉलेज शोध और मौलिकता का पॉवर हाउस बनकर उभरे।

## दिल्ली फिर हल्की बारिश, गर्मी से राहत

- अरब सागर की खाड़ी से आने वाली हवाओं के कारण कुछ उमस बढ़ी



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

शुक्रवार की दोपहर राजधानी के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। सुबह की शुरूआत धूप से शुरू हुई लेकिन दोपहर को बारिश के बाद मौसम उमस भरा हो गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने की सूचना मिली है। आईएमडी के वैज्ञानिक चरण सिंह ने कहा कि शहर में स्थानीय घटनाक्रम के चलते बहुत हल्की से हल्की बारिश हुई। अरब सागर या बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाओं के कारण थोड़ी उमस पैदा हो गई, जिसके कारण बादल बन गए और बारिश हुई है।

विभाग ने दोपहर में कहा कि उत्तरी दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली (बुराड़ी) के कुछ स्थानों, मॉडल टाउन, करावल नगर, लोधी रोड, सफदरजंग, आरके पुरम, हौज खास, मालवीय नगर, महरौली, छतरपुर, इग्नू, आयानगर, दक्षिण दिल्ली गरज के साथ हल्की बारिश होने और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली। अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस बना रहा। आईएमडी के अधिकारी ने कहा कि अगले तीन दिन में लू चलने के बारे में कोई पूर्वानुमान नहीं हैं।

## बिजनेस ब्लास्टर्स की टॉप 126 टीमों ने दिखाया जलवा

नई दिल्ली। दिल्ल्ली स्किल्स एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को सर्वोदय कन्या विद्यालय, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, विकासपुरी में बिजनेस ब्लास्टर्स इनक्यूबेशन सेंटर की शुरुआत करने के तहत एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बिजननेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम के टॉप 126 टीमों में शामिल कक्षा 11वीं के छात्रों और उनके अभिभावकों में भारी उत्साह देखा गया। एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी की उपकुलपति प्रो.निहारिका वोहरा ने कहा कि बिजनेस ब्लास्टर्स इन्क्यूबेशन सेंटर स्कूलों में पढ़ रहे भविष्य के एंत्रप्रेन्योर्स के लिए एक बुनियाद का काम करेगा।

## आईटीआई शाहदरा में बनेगा अकादमिक भवन

- उपमुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों व कंसलटेंट के साथ ले-आउट प्लान व डिजाइन की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



शहादरा स्थित आईटीआई संस्थान में स्टेट ऑफ आर्ट फैसिलिटी से लैस वर्ल्ड क्लास बहुमंजिला एकेडमिक बिल्डिंग ब्लॉक्स का निर्माण दिल्ली सरकार करवाएगी।

उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों व कंसलटेंट के साथ इस परियोजना के पहले फेज के ले-आउट प्लान व डिजाइन की समीक्षा की और अपने सुझाव दिए। इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि इन बिल्डिंग ब्लाक का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां सीट की संख्या बढ़कर 10,000 हो जाएगी। सिसोदिया ने कहा कि हमारे युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए उन्हें 21वीं सदी के कौशलों से लैस करना बेहद आवश्यक है और इस दिशा में केजरीवाल सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शाहदरा आईटीआई में नई बिल्डिंग के तैयार होने से यहां बड़ी संख्या युवा आईटीआई के साथ-साथ पॉलीटेक्निक व अन्य स्किल कोर्सेज में दाखिला ले पाएंगे।

## कोविड-19 के 1656 नए मामले संक्रमण दर 5.39 प्रतिशत पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

राजधानी में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 1656 नए मामले आए और संक्रमण दर 5.39 प्रतिशत रही। इस दौरान संक्रमण से किसी की मौत नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को साझा किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

आंकड़ों के मुताबिक एक दिन पहले दिल्ली में 30,709 नमूनों की जांच की गई। नए मामलों के साथ राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमितों की संख्या 18,91,425 हो गई जबकि मृतक संख्या 26,177 बनी हुई है। दिल्ली में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 1365 मामले आए थे और मौत का कोई मामला नहीं आया था। संक्रमण दर 6.35 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वहीं बुधवार को 1354 नए मामले आए थे और एक व्यक्ति की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक दिल्ली में 6096 उपचाराधीन मरीज हैं। निषिद्ध क्षेत्रों



की संख्या 1597 है जो बृहस्पतिवार को 1473 थी। अस्पताल में भर्ती होने की दर भी कम है। कुल उपचाराधीन मरीजों के तीन प्रतिशत से भी कम अस्पताल में भर्ती हैं। दिल्ली के अस्पतालों में फिलहाल 200 मरीज भर्ती हैं। विशेषज्ञों ने कहा है कि पिछले कुछ हफ्तों में संक्रमण दर में वृद्धि किसी नई लहर की शुरुआत का संकेत नहीं है, लेकिन लोगों को रोकने बुनियादी उपाय करने चाहिए।


# आईआईटी-पंचशील पार्क मेट्रो स्टेशन पर मिलेंगी सभी यात्री सुविधाएं

## विकसित होगा मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन, 4.59 करोड़ रुपए की आएगी लागत

- एक ही जगह मिलेंगे बस, ऑटो, ई-रिक्शा समेत परिवहन के अन्य साधन

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

केजरीवाल सरकार आईआईटी और पंचशील पार्क मेट्रो स्टेशन पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन विकसित करेगी। इससे रोजाना हजारों लोगों का आवागमन सुगम होगा।




इस परियोजना पर 4.59 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके बन जाने से यात्रियों को बस, ऑटो, ई-रिक्शा समेत परिवहन के अन्य साधन आसानी से उपलब्ध होंगे। साथ ही, लोगों को यात्रा का विश्व स्तरीय अनुभव मिलेगा और उनका समय भी बचेगा। इसके बन जाने से यात्रियों को बस, ऑटो, ई-रिक्शा समेत परिवहन के अन्य साधन आसानी से उपलब्ध होगी। उपमुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि यात्रियों को बेहतर लास्ट माइल कनेक्टविटी मुहैया करने के लिए दोनों मेट्रो स्टेशनों पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन विकसित किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग और दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन के साथ मिलकर काम करने से इस परियोजना की लागत में भी कमी आएगी और निर्माण कार्य भी समय से पूरा हो सकेगा। पैदल यात्रियों को आवागमन का सुखद अनुभव देने और यातायात को सुगम बनाने के लिए आईआईटी मेट्रो स्टेशन और पंचशील पार्क मेट्रो स्टेशन पर दो मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) के निर्माण कार्यों को मंजूरी दी है। दोनों मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन के निर्माण कार्य पर करीब 4.59 करो? रुपए की लागत आने की उम्मीद है। इससे रोजाना इन दोनों स्टेशनों से सफर करने वाले हजारों यात्रियों को इससे सीधा फायदा मिलेगा। साथ ही, लास्ट माइल कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस परियोजना के पूरा होने के बाद दोनों स्टेशनों पर जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी।

दिल्ली मेट्रो और पीडब्ल्यूडी के इस संयुक्त कार्य के बाद परिवहन निगम अन्य विभागों के साथ मिलकर यात्रियों को घर और ऑफिस तक यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके तहत बसों के अलावा, बस ऑटो, ई-रिक्शा समेत परिवहन के अन्य साधनों का बेहतर प्रबंध किया जाएगा। विभिन्न एजेंसियों द्वारा विकास कार्यों को इंटीग्रेट करने पर ध्यान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार वाहनों के साथ-साथ पैदल चलने वाले यात्रियों को सुरक्षित और सुगम गतिशीलता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उनका ध्यान विभिन्न एजेंसियों द्वारा विकास कार्यों को इंटीग्रेट करने पर है, जिससे न केवल परियोजनाओं की लागत कम होगी, बल्कि इसे पूरा होने में लगने वाले समय की भी बचत होगी और इसके परिणाम स्वरूप लोगों को कम कठिनाई होगी।

इस मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन कार्य से लोगों को यात्रा का बेहतर और विश्व स्तरीय अनुभव मिलेगा व रोजाना उनके समय की बचत भी होगी। इस मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) में मौजूदा पैदल मार्ग में सुधार करते हुए उसमें सीसी पेवर ब्लॉक बनाना, डीबीसी द्वारा वाहनों के कैरिजवे में सुधार, एमएस रेलिंग, रोड फिक्स्चर, रोड मार्किंग और अन्य कार्यों जैसे ड्रेन वर्क शामिल होंगे।

दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर उतरने के बाद ज्यादातर जगहों पर घर-ऑफिस तक पहुंचने के लिए स्थानीय परिवहन के साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में यह सुविधा लोगों को सहूलियत देने के साथ उनका समय भी बचाएगी।

# संक्षिप्त समाचार



### रेलवे महिला कल्याण द्वारा श्रमिक दिवस का आयोजन

**नई दिल्ली।** रेलवे महिला कल्याण केन्द्रीय संगठन, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन बड़ौदा हाऊस एवं दिल्ली मंडल द्वारा रेलवे ऑफिसर्स क्लब, स्टेट एण्ट्री रोड़ में संयुक्त रूप से श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के विभिन्न विभागों में कार्यरत रेलकर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया । मीना त्रिपाठी, अध्यक्षा, रेलवे महिला कल्याण केन्द्रीय संगठन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी। शिखा गंगल, अध्यक्ष, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन समारोह में विशेष अतिथि थी। उल्लेखनीय है कि है कि ये सभी रेलवे महिला कल्याण संगठन रेल कर्मियों वा उनके परिजनों के लिए कई प्रकार के कल्याण कारी कार्यक्रमों को संचालित कर उनके हित में सक्रिय रूप से समर्पित हैं।

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम का स्वच्छता पखवाड़ा

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के दिशा निर्देश पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा स्वच्छता पखवाडा मनाया जा रहा है। इसको लेकर शुक्रवार को उप क्षेत्रीय कार्यालय ओखला दिल्ली परिसर में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कर्यक्रम में मुख्य अतिथि एनजीओ जेएचपीआईईजीओ की डॉ. शालिनी खरे एवं उनके सहयोगी डॉ. अनुराग वर्मा एवं डॉ. आरजू फिरदौस विशेष रुप से शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता प्राणेश कुमार सिन्हा उप निदेशक (प्रभारी) ने की। मुख्य अतिथि डॉ शालिनी खरे ने स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. अनुराग वर्मा ने कार्यालय को कैसे साफ रखा जाए इस पर चर्चा की। कार्यक्रम का समापन प्रदीप सिंह, उप निदेशक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर हंसराज (सहायक निदेशक), बलिराज (सहायक निदेशक), संत सिंह (सहायक निदेशक) तथा कई अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### दिल्ली के विधायकों का वेतन सबसे कम : आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विधायकों का वेतन सभी राज्यों के विधायकों के मुकाबले सबसे कम है। यह दावा आप प्रवक्ता व विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के विधायकों का वेतन करीब 12 हजार रुपए था और सभी भत्ते मिलाकर 54 हजार वेतन मिलता था। कई वेबसाइटों पर 2.10 लाख रुपए दिखाई जा रही है जो की पूरी तरह से झूठ है। आप नेता ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के विधायकों की सैलरी 12 हजार होने के बावजूद भी कई वेबसाइटों पर 2.10 लाख रुपए दिखाई जा रही है जो की पूरी तरह से झूठ है। केंद्र सरकार की तरफ से सात साल बाद सुझाव आया है की दिल्ली के विधायकों की सैलरी को 12 हजार से बढ़ाकर 30 हजार कर दें, जो की सभी भत्ते मिलाकर 90 हजार हो जाएगी। अभी विधायकों की तनख्वाह नहीं बढ़ी है। दिल्ली विधानसभा से पास होने और नोटिफाई होने के बाद बढ़ पाएगी।

### उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 19

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद द्वारा फरवरी 2020 में दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में जमानत को लेकर एक याचिका को 19 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अदालत ने प्रभावी निर्णय के लिए खालिद के साथ अभियोजन पक्ष को सभी प्रासंगिक दस्तावेज रिकॉर्ड पर रखने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने इसी मामले में शरजील इमाम की जमानत याचिका पर सुनवाई भी 24 मई तक के लिए स्थगित कर दी। खालिद की अपील पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा, 19 मई को आगे की सुनवाई की जाएगी।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 7 मई, 2022



# सीजीएचएस सूची से बाहर किए एनसीआर के 64 अस्पताल, क्लीनिक व जांच केंद्र

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं। इसके पैनल पर बड़े-बड़े निजी अस्पताल भी हैं। अब सरकार ने सीजीएचएस के नियमों का उल्लंघन करने पर सीजीएचएस की सूची से एनसीआर के 64 अस्पतालों को बाहर कर दिया है। भले ही सरकार ने यह निर्णय सही लिया हो, लेकिन सीजीएचएस योजना में उपचार कराने के लिए लाखों लोग प्रभावित भी हो रहे हैं।

सीजीएचएस योजना के जरिये केंद्र सरकार के कर्मचारियों, पेंशनर्स और उनके आश्रितों को व्यापक चिकित्सा कवर दिया जाता है। बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से अस्पतालों को सीजीएचएस की सूची में शामिल करने के लिए कई नियम और शर्तें लागू किए जाते हैं। इनका समय-समय पर मूल्यांकन भी किया जाता है, ताकि यह पता लग सके कि अस्पताल सीजीएचएस योजना के तहत केंद्रीय कर्मचारियों को सही सेवाएं दे रहे हैं। सरकार की ओर से किए गए मूल्यांकन में यह पाया गया कि गुरुग्राम समेत दिल्ली-एनसीआर के 64 अस्पताल, केंद्र नियमों का सही से पालन नहीं कर रहे।

## इस सूची में गुरुग्राम के दो अस्पताल, 9 सेंटर व एक क्लीनिक शामिल

**गुरुग्राम के दो अस्पताल, 9 सेंटर व एक क्लीनिक बाहर** : गुरुग्राम के दो अस्पताल, 9 सेंटर और एक क्लीनिक को पैनल से बाहर किया गया है। इस सूची में डीएलएफ फेज-3 नाथूपुर स्थित नीलकंठ अस्पताल, आईएमटी मानेसर स्थित मेडियोर अस्पताल के अलावा सेक्टर-44 स्थित मॉडर्न डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर, सेक्टर-14 स्थित डा. लाल पैथ लैब्स प्रा. लि., सेक्टर-18 इलेक्ट्रॉनिक सिटी स्थित मॉल्क्यूलर क्वेस्ट हेल्थकेयर प्रा. लि., फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई) सेक्टर-44, हिन्दुस्तान वेलनेस प्रा. लि. सेक्टर-44, पैथकाइंड डायग्नोस्टिक प्रा. लि. सेक्टर-18 और कॉस्मोडेंट्ज डेंटल क्लीनिक सेक्टर-10ए शामिल हैं।

**फरीदाबाद का एक सेंटर व एक लैब भी बाहर** : इसके अलावा फरीदाबाद की चावला कालोनी स्थित फाउंडेशन डेंटल एवं फेशियल ट्रॉमा सेंटर, सेक्टर-16 स्थित डा. लाल पैथ लैब्स प्रा. लि. को पैनल से बाहर किया गया है। इस सूची में सबसे अधिक दिल्ली के 39 अस्पताल व सेंटर शामिल हैं। गाजियाबाद के तीन अस्पताल, एक आई सेंटर, तीन डायग्नोस्टिक सेंटर, नोएडा के चार अस्पताल और तीन डायग्नोस्टिक सेंटर भी पैनल से बाहर किए गए हैं। सीजीएसएच निदेशक डा. निखिलेश चंद्रा की ओर से इस बाबत 2 मई 2022 को पत्र जारी किया गया है।

**एसोसिएशन ने किया निर्णय वापस लेने का अनुरोध** : सीजीएचएस बेनिफिशियरी वेलफेयर एसोसिएशन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय सरकार में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, सीजीएचएस के महानिदेशक आलोक सक्सेना को इस बाबत पत्र लिखकर हटाए गए अस्पतालों, जांच केंद्रों को वापस पैनल पर लेने की मांग की है। सीजीएचएस बेनिफिशियरी वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया कॉर्डिनेटर रमेश अग्रवाल कहते हैं कि सीजीएचएस पैनल से अस्पतालों, प्रयोगशालाओं को हटाने के कारण लाखों लोगों के लिए दिक्कत खड़ी कर रहा है। कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल का कहना है कि सरकार के इस कदम से गुरुग्राम में काफी लोगों को परेशानी होगी। सरकार इन्हें अपनी कार्यप्रणाली में सुधार का अवसर दे और सीजीएचएस पैनल के तहत केंद्रीय कर्मचारियों का उपचार यहां किया जाना चाहिए।

Central Government Health Scheme
Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

# प्रॉपर्टी आईडी एवं टैक्स से संबंधित समस्याओं का शीघ्र होगा समाधान

## वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी व पार्षद शीतल बागड़ी ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी व पार्षद शीतल बागड़ी ने शुक्रवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने नागरिकों को भेजे जा रहे प्रॉपर्टी टैक्स नोटिस में की गई विभागीय गलतियों का सुधार नगर निगम के माध्यम से कराने की मांग की। विधायक ने मौके पर ही निगमायुक्त से बात की। विधायक ने बताया कि निगमायुक्त ने गलतियों के संबंध में अवगत करने को कहा है।



गुरुग्राम के विधायक को मांग पत्र सौंपते पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी, पार्षद शीतल बागड़ी व अन्य प्रतिनिधि।

प्रॉपर्टी आईडी एवं टैक्स से संबंधित जो भी समस्याएं होंगी उनका शीघ्र समाधान होगा।

मंगत राम बागड़ी व शीतल बागड़ी ने विधायक सुधीर सिंगला को सौंपे पत्र में उल्लेख किया है कि नगर निगम द्वारा वार्ड-10 में भेजे गए प्रॉपर्टी टैक्स के अधिकतर नोटिसों में कुछ न कुछ त्रुटि है। किसी के नोटिस में नाम गलत है तो किसी में पता। वहीं अधिकतर लोगों को निर्धारण से अधिक टैक्स के नोटिस भेजे गए हैं। नागरिकों की शिकायत है मकानों के लिए जो नई आईडी तैयार की जा रही है उसके लिए नगर निगम द्वारा अधिकृत की गई एजेंसी द्वारा भारी भरकम सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। वहीं जो आईडी पहले से तैयार है, उसमें मकानों और प्लाटों का एरिया हकीकत से अधिक दिखा दिया गया है। अगर किसी के 50 और 80 वर्ग गज के मकान है तो उन्हें 58 और 90 वर्ग गज दिखा दिया गया है। कुछ मकानों की आईडी में लोकेशन और मैप गलत दिखाया गया है। इसके कारण रास्ते और अन्य सार्वजनिक स्थान शो नहीं करते हैं और लोगों को अपने मकान किसी दूसरे को बेचने में भी परेशानी हो रही है।

इन त्रुटियों के कारण लोगों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया पड़ा है और नो ड्यूज न मिलने के कारण उनके जरूरी से जरूरी काम रुके पड़े हैं। बागड़ी ने मांग रखी कि इसे देखते हुए जनहित में तत्काल इस समस्या का समाधान किया जाए। मांग पत्र सौपते समय उनके साथ पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, लेफ्टिनेंट कर्नल वेदप्रकाश, मूल चंद शर्मा, गौरव जैन, संतोष कुमार सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# बंद मकान में चोरी के बाद आग लगाने वाले दो भेजे जेल एक रिमांड पर

## पुलिस ने आरोपियों से 10 से 12 तोले सोना व चांदी के आभूषण बरामद किए

**सोहना।** अदालत ने शहर के ताला बंद मकान में पहले लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी करने के बाद आग लगाने के आरोप में गिरफ्तार तीन बदमाशों में से एक को रिमांड पर तथा दो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से रिमांड के दौरान 10 से 12 तोले सोना व चांदी के आभूषण बरामद किए है।

सोहना अपराध शाखा पुलिस ने एक दिन रिमांड पर आए तीन बदमाश गौरव उर्फ जर्राए खेमचंद और रोहित को शुक्रवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने रोहित व खेमचंद को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भोंडसी जिला जेल भेज दिया है। जबकि गौरव उर्फ जर्रा की एक दिन रिमांड और बढ़ाते हुए अपराध शाखा सोहना को सौंप दिया है। मामले की जांच कर रहे एएसआई दीपचंद ने बताया कि रोहित व खेमचंद से रिमांड के दौरान की गई पूछताछ में 10 से 12 तोले सोना व चंदी के आभूषण बरामद किए हैं। जबकि जर्रा उर्फ गौरव से चोरी का सामान बरामद करने के लिए रिमांड और बढ़ाया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

**चोरी का मास्टर माइंड फरार** : अपराध शाखा के प्रभारी सत्यप्रकाश ने बताया कि ताला बंद मकान में पहले लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी करने के बाद सबूतों को मिटाने के उद्देश्य से रात्रि के समय में आग लगा दी थी। ये मकान स्थानीय निवासी नरेश कुमार पुत्र रमनलाल का था। जो करीब 20 दिन पहले मकान को ताला बंद करके शहर से बाहर चला गया था। इस मामले की अंजाम देने वाला मास्टर माइंड सहित तीन अन्य बदमाश फरार है। जिनकी तलाश की जा रही है।

**कब का था मामला** : 26-27 अक्टूबर 2021 की रात को ताला बंद मकान में छत पर बनी मुमटी का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया था। जिसमें 6 से 7 युवाओं के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।

# नियुक्त प्रभारी फील्ड में उतरकर चुनाव तैयारियों में जुटें

ललित गर्ग। पुन्हाना

**अनाज** मंडी स्थित जेजेपी पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को राष्ट्रीय सचिव व पुन्हाना प्रभारी सूबे सिंह बोहरा की उपस्थिति में पुन्हाना हल्के की मीटिंग हुई। जिसमें जिला प्रधान इकबाल जैलदार, पुन्हाना नगर पालिका वाइस प्रेसिडेंट बलराज सिंगला, हल्का प्रधान दाऊद खान, किसान सैल जिला प्रधान अब्दुल हमीद, सीएम विंडो मेंबर परशुराम शर्मा, अजमत जैलदार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुन्हाना प्रभारी सुबे सिंह बोहरा ने बताया कि पुन्हाना नगरपालिका के लिए कुछ प्रत्याशियों के नाम हमारे पास आए हैं। जल्द ही आपसी विचार कर प्रत्याशियों के नाम जेजेपी के आला नेताओं को भेजे जाएंगे। जिस पर जेजेपी आलाकमान निर्णय लेगा। जिलाध्यक्ष इकबाल जैलदार ने बताया कि मेवात में तीनों विधानसभाओं में नगर निकाय चुनाव में जेजेपी पार्टी की नीतियों में विश्वास करने वाले ऐसे प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा जो मजबूत और जिताऊ होगें।। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर डिप्टी सीएम ने सभी नियुक्त प्रभारियों को फील्ड में उतरकर चुनाव की तैयारियों पर जुट जाने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हुए है।

# संजय ग्राम को जल्द मिलेगी पेयजल व गंदगी से निजात: गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**संजय** ग्राम वासी अब तक पेयजल और सफाई ना होने की समस्या से जूझ रहे थे, लेकिन अब उनकी इन दोनों समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी है। शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल को मौके पर आमंत्रित किया गया, जिन्होंने समस्या जानने के बाद नगर निगम के एसडीओ दलीप यादव व सेनेटरी अधिकारी सुधीर कुमार का दौरा कराया और समस्या के जल्द समाधान की बात कही।

इस दौरान भाजपा युवा नेता सुधीर कलसन, गगन गोयल, बाली पंडित आदि मौजूद रहे। संजय ग्राम के बी-ब्लॉक आरडब्ल्यूए की पूर्व प्रधान एवं भाजपा नेत्री सरोज यादव समेत क्षेत्रवासी सविता कुमारी, उमेश यादव, जयप्रकाश, विकास कबरेजा, गोविंद गौड़, सविता शर्मा, सुरेश कुमार, सुरेश, कमलेश, किरण, धर्मबीर यादव आदि मौजूद रहे। सरोज यादव ने नवीन गोयल व एसडीओ दलीप यादव के समक्ष विस्तार से सारी समस्या रखी। उन्होंने कहा कि यहां काफी समय से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। इसका कारण है कि यहां दोनों तरफ तो पानी की लाइन बिछाई जा चुकी है, लेकिन बीच में एक निजी प्लॉट पड़ता है। वहां से पाइन लाइन नहीं डाली जा सकती। नवीन गोयल ने इसका विकल्प तलाशने की बात कही। उन्हें बताया गया कि बूस्टर से लाइन जोड़ने के लिए बात की गई थी। वहां पानी कम था। सिर्फ राजीव नगर में ही आपूर्ति हो पाती है। अब इस लाइन को सेक्टर-14 के सामने से जोड़ने का भी विकल्प है।



गुरुग्राम के संजय ग्राम में पेयजल व सफाई की समस्या को लेकर निगम अधिकारियों के साथ दौरान करने पहुंचे नवीन गोयल।

नवीन गोयल ने निगम के एसडीओ से इस पर चर्चा की और जल्द ही इसका समाधान निकालने की बात कही। सफाई को लेकर भी यहां लोगों द्वारा शिकायत दी गई कि सिफारिश आने पर ही सफाईकर्मी यहां आते हैं। इसलिए उनकी ड्यूटी यहां तय की जाए। नवीन गोयल ने सेनेटरी अधिकारी सुधीर कुमार से आग्रह किया कि वे सफाई व्यवस्था यहां दुरुस्त कराएं, ताकि लोगों की परेशानी ना हो।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम विवि के बी.टेक के 10 विद्यार्थियों को मिली नौकरी




गुरुग्राम विवि में स्टाफ के साथ नौकरी पाने वाले विद्यार्थी।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बी.टेक इन कंप्यूटर साइंस के 10 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है। सभी कंपनियों द्वारा विद्यार्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया गया। छात्रों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ इस प्रक्रिया में भाग लिया। इंजीनियरिंग विभाग के डीन एवं प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. अशोक खन्ना ने बताया कि छात्र नवजोत का गीकी एंट्स में, महिमा का इंफोसिस में, वंशिका और नरेंद्र का डिफैक्टो में तथा ईशान का डेलॉयट, गौरव, शुभी, अंकित, योगेश, भुवनेश का डिफैक्टो में प्लेसमेंट हुआ है। सभी छात्रों को 3 से 7.5 लाख सालाना पैकेज प्राप्त हुआ। इनमें सबसे अधिक नवजोत को 7.5 सालाना पैकेज प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विवि के चयनित विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हर छात्र का सपना होता है कि वह अच्छे शिक्षण संस्थान में पढ़े, ताकि उसे अच्छा रोजगार प्राप्त हो। वह अपने परिवार का सहारा बन सके। गुरुग्राम विवि हर छात्र के उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करने को समर्पित है। छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि अब तक विवि. के कई विद्यार्थियों को मल्टीनेशनल कंपनियों में प्लेसमेंट ऑफर मिल चुके हैं। आगे भी प्लेसमेंट जारी रहेगा। आने वाले समय में विश्वविद्यालय का प्रयास रहेगा कि सभी विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो जाए। शुक्रवार को दा मारकोम एवेन्यू और यूकेंजी के एमडी ललित गुप्ता ने अपने सहयोगियों के साथ गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से मुलाकात की। आने वाले दिनों में गुरुग्राम विवि में छात्रों के प्लेसमेंट को लेकर विस्तार से चर्चा की।

## किराया मीटर नहीं लगा होगा तो जब्त किए जाएंगे ऑटो



**गुरुग्राम।** देश-विदेश में गुरुग्राम की वर्तमान में एक मिलेनियम सिटी के रूप में अलग पहचान है। ऐसे में यहां आने वाले लोगों के सामने शहर की एक बेहतर छवि बने, यह जरूरी है। यहां लाखों लोग रोजाना शेयरिंग या व्यक्तिगत बुकिंग करके ऑटो में यात्रा करते हैं। अक्सर सड़कों पर ऑटो चालक व यात्रियों के बीच किराये को लेकर कहासुनी भी होती है। ऐसे में अब यहां हायर ऑटोरिक्शा में किराया मीटर लगवाने को अनिवार्य कर दिया गया है। हायर ऑटोरिक्शा में किराया मीटर लगवाने की समय सीमा आगामी 30 जून तक तय की गई है। इस दिन तक सभी ऑटो चालक किराया मीटर लगवाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के बाद जिला में बिना किराया मीटर वाले ऑटोरिक्शा इंपाउंड की जाएगी। इस बाबत उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने अपने कार्यालय में जिला की ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। उपायुक्त ने ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों से कहा कि किसी भी शहर की छवि सुधारने में वहां की यातायात व्यवस्था का महत्वपूर्ण रोल होता है। ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों ने इस पर अपनी सहमति प्रदान करते हुए कहा कि वे जिला प्रशासन की इस महत्वपूर्ण पहल में पूरा सहयोग करेंगे। अभी जिला में हायरिंग व शेयरिंग ऑटोरिक्शा की संख्या 18 हजार के करीब है, जोकि सुरक्षा की दृष्टि से काफी बड़ी संख्या है। ऐसे में जिला के सभी ऑटोरिक्शा चालकों को आरटीए विभाग द्वारा रजिस्टर में एंट्री के उपरांत अस्थाई पहचान पत्र दिए जाएंगे, ताकि किसी भी अपराध की स्थिति में संबंधित व्यक्ति की पहचान की जा सके। उपायुक्त ने इस दौरान ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा किराया बढ़ाने के सवाल पर कहा कि आप प्रस्ताव बना कर लाएं, ताकि उसको मंजूरी व संशोधन के लिए सरकार के पास भेजा जा सके। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण के सचिव रविंद्र यादव को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिला में आज के बाद जिस भी ऑटो की पासिंग हो, उसमें किराया मीटर अवश्य लगा हो। साथ ही ऑटो यूनियन द्वारा बताए गए सभी 54 ऑटो स्टैंड्स पर चेकिंग अभियान के माध्यम से उन्हें 30 जून तक मीटर लगवाने के लिए जागरुक करें।

# मदर्स डे की खरीदारी अभी भी बाकी है?

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मदर्स** डे यानि 8 मई को आज है। यदि आप इस साल कोई अनोखे मदर्स डे गिफ्ट की तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक यह तय नहीं कर पाए हैं कि क्या खरीदें, तो चिंता बिल्कुल भी न करें! अमेजन फैशन का मदर्स डे स्टोरफ्रंट मां के लिए आपके प्यार को प्रदर्शित करने में आपकी मदद करेगा। यहां से आप एक ऐसा उपहार चुन सकते हैं, जिसकी वे वास्तव में हकदार हैं।

मदर्स डे स्पेशल स्टोरफ्रंट में परिधान, स्किनकेयर, ब्यूटी, शूज, लगेज, घड़ियां, ज्वैलरी, हैंडबैग्स और टॉप फैशन एंड ब्यूटी ब्रांड्स की कई कैटेगरी में आपके लिए कई तरह के शानदार ऑफर और डील्स उपलब्ध हैं। यहां आप सबसे ट्रेंडी कलेक्शन की खरीदारी कर सकते हैं। साथ ही ग्लोबल देसी, वेरो मोडा, जनस्य, मेबेलीन, कामा आयुर्वेद, लैक्मे, क्रोक्स, लावी, एस्टेल, टाइमेक्स आदि ब्रांडों पर शानदार डील्स और ऑफ़र पा सकते हैं। यहां अमेजन फैशन के मदर्स डे स्टोरफ्रंट की ओर से आपकी मां को गिफ्ट करने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं-

**बीबा वुमंस कॉटन कुर्ता** : एक परफेक्ट पेस्टल फ्रॉक स्टाइल कॉटन कुर्ता गर्मी के दिनों में हर किसी की वॉर्डरोब के लिए सबसे जरूरी परिधान है। इस सदाबहार कुर्ते के साथ चूड़ीदार और रोजमर्रा की डेनिम दोनों पहनी जा सकती हैं! अपनी मां को यह कुर्ता उपहार में दें जो न सिर्फ उनके लिए आरामदायक है, साथ ही उनकी वार्डरोब को और भी स्टाइलिश बनाएगा।

## आखिरी पलों के लिए पाएं अमेजन फैशन एंड ब्यूटी पर उपलब्ध कुछ बेहतरीन गिफ्टिंग आइडिय

**ऑरेलिया वुमेंस कॉटन ब्लेंड कुर्ता और पलाजो** : अब स्टाइल और आराम के बीच किसी समझौते की जरूरत नहीं है! इस खूबसूरत कॉटन ब्लेंड कुर्ता और पलाजो सेट को खरीदें, जो आपकी मां को खूबसूरत लुक का आत्मविश्वास देगा, साथ ही दिन को पूरे आराम से बिताने में मदद करेगा।

**वेरो मोडा वुमंस बटन डाउन शर्ट** : हर दिन पहनी जा सकते वाली बटन डाउन शर्ट किसी भी वार्डरोब के लिए सबसे जरूरी कपड़ों में से एक है। आपकी मां को यह शर्ट उपहार में दें, जो रोजमर्रा के काम के बीच आरामदायक अहसास देने के लिए खास तौर पर डिजाइन की गई है। यह किसी भी खास मौके पर पहनने के लिए भी उनकी सबसे पसंदीदा शर्ट हो सकती है।

**वुमनिस्टा वुमेंस सेटिन साड़ी ब्लाउज के साथ** : जब मदर्स डे पर उपहार देने की बात हो तो खूबसूरत साड़ी जैसा कुछ और कभी नहीं हो सकता। सेटिन की साड़ी सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली साड़ी है। यह पूरी तरह से तय है कि आपकी मां इस आकर्षक सेटिन साड़ी में बहुत खूबसूरत लगेंगी।

**लेक्मे ब्लश एंड ग्लो शीट मास्क, 5 का पैक, फ्रूट फेशियल** - अपनी मां को खुद से प्यार करने का थोड़ा समय दें, खासतौर पर जब आप उनके पास हों तब उनका साथ भी दें! अपनी मां (और आप भी) को इस शीट मास्क के साथ सुकून भरा अहसास दें, यह शीट मास्क आपकी त्वचा को भीतर से चमकदार बना देगा।

**जस्ट हर्ब्स आयुर्वेदिक लिक्विड लिपस्टिक किट 5 का सेट** - आपकी मां, जो अपनी जिंदगी में कई भूमिकाएं निभाती हैं, उनके लिए ये एक बेहतरीन गिफ्ट है। उनके हर लुक को खूबसूरत बनाने के लिए कई तरह की चंचल और बोल्ड रंगों की लिपस्टिक गिफ्ट कीजिए! लंबे समय तक चलने वाली, हाइड्रेटिंग और पैराबेन-मुक्त यह लिपस्टिक उनकी मेकअप किट में जरूर होनी चाहिए।

**ला फ्रेंच एडवेंचर आउध परफ्यूम ईयु डी परफ्यूमला फ्रेंच एडवेंचर आउध परफ्यूम ईयु डी परफ्यूम**- बहुत प्यारी, बेहद खास, मजबूत - इन्हीं खूबियों से मिलकर बनती है हमारी मां! इस खास परफ्यूम में भी यही खास खूबियां हैं। आप उन्हें यह लंबे समय तक टिकने वाली क्लासिक सुगंध उपहार में दें। यह खासतौर पर उन्हीं के लिए बनाई गई है, जिससे वे हर मौके पर किसी खूबसूरत ख्वाब की तरह महकें।

**टाइमैक्स एनालॉग वुमंस वॉच** - मां के पास करने के लिए सौ तरह की अलग-अलग चीजें हैं और फिर भी वे किसी भी काम में कभी लेट नहीं होती है! अपनी मां को यह ट्रेंडी और खूबसूरत क्लासिक एनालॉग वॉच उपहार में दें ताकि वे हर जगह समय पर पहुंचें।

# खुला नाला बना आम नागरिकों की जान का दुश्मन

## सफाई के एक माह बाद प्लेटों से ढका नहीं गया नाला

## नाले से 400 मीटर की दूरी में 10 स्थानों से हटाई हैं प्लेटें

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के नागरिक अस्पताल के साथ-साथ बना गंदे पानी का नाला लोगों की जान लेने के लिए बेताब हो रहा है। नाले के ऊपर रखी प्लेटों को सफ ाई के दौरान हटाया गया था। जिन्हें एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद प्लेटों से ढका नहीं गया है।

नगर परिषद प्रशासन आम लोगों की जिन्दगी की कितनी परवाह है। इसके बारे में नागरिक अस्पताल के साथ-साथ बना गंदे व बरसाती पानी के नाले से हटाई सीमेंट की प्लेटें बता रही हैं। करीब एक माह पहले नाले की सफ ाई के दौरान करीब 400 मीटर की दूरी में 10 स्थानों पर इन प्लेटों को हटाया था। जिन्हें आज तक वापस नहीं रखा है। खुला नाला आम लोगों की जान का दुश्मन बना हुआ है। शहर निवासी रवि का कहना है कि इस मार्ग से बाइक, स्कूटी और चार पहिया में सवाल नागरिक निकलते है। इसके अलावा इसी मार्ग के एक किनारे पर शराब का ठेका खुला है। जहां से शराब लेने के बाद नाले के ऊपर जगह-जगह लोग शराब पीने के लिए बैठ जाते है। शराब के नशा में कभी भी कोई नागरिक गिर सकता है। इस नाले की गहराई 4 से 5 फुट है। जिसमें दलदल और गंदा पानी भरा होने से गिरने वाले का कई दिन तक पता तक नहीं चल पाएगा।



नागरिक अस्पताल के साथ बने गंदे व बरसाती पानी के नाले की प्लेटें हटा देने से खुला नाला।

> "नगर परिषद अधिकारियों को जल्द ही नाले के खुले स्थानों को जल्द से जल्द ढकने के आदेश जारी कर दिए हैं। यदि परिषद प्रशासन जल्द ही ढक्कनों को नहीं रखता है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **(एसडीएम सोहना)**

**एसडीएम से करेंगे शिकायत** : खुले नाले की शिकायत जल्द ही नगर परिषद के प्रशासिक अधिकारी एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग को लिखित में की जाएगी। यहां के निवासी सुभाष का कहना है कि खुले नाले की चौड़ाई 8 से 10 फुट तक है। जिसमें कार, स्कूटी, बाइक और छोटा हाथी जैसा वाहन संतुलन बिगड़ने से गिर सकता है।

# डिजिटाइजेशन में सबसे आगे रहा उत्तर पूर्व : फोनपे पल्स का 2022 की पहली तिमाही का डेटा जारी

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**भारत** के लिडिंग फिनटेक प्लैटफॉर्म फोनपे ने आज 2022 की पहली तिमाही जनवरी-मार्च के लिए डिजिटल पेमेंट के रुझान जारी किए। फोनपे पल्स की ओर से जारी किए गए इन रुझानों से देश में डिजिटल पेमेंट से जुड़ी अहम जानकारी मिलती है। सटीक और पूरी जानकारी देने वाला डेटाए हमेशा से फ ोनपे पल्स की खासियत रही है। 2022 की पहली तिमाही में लेनदेन में बढ़ोतरी दिखी। साथ ही पेमेंट वॉल्यूम और रजिस्टर होने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या भी तेजी से बढ़ी। इससे यह पता चलता है कि डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है।

आइए अब फ ोनपे पल्स की पहली तिमाही के डेटा से मिली कुछ अहम जानकारी को विस्तार से समझें। फोनपे के स्ट्रैटजी और इंवेस्टर रिलेशन के हेड कार्तिक रघुपति ने कहा कि ये रुझान हमारी चौथी तिमाही रिपोर्ट में लगाए गए अनुमान के मुताबिक ही हैं। 2022 की पहली तिमाही में वॉल्यूम में बढ़ोतरी दिख रही है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि लोगों के व्यवहार में टच किए बिना पैसे चुकाने को लेकर आया बदलाव और मजबूत हो रहा है। फ ोनपे का डब्ल्यूसी लेनदेनए डब्ल्यूसी लेनदेन से ज़्यादा हो गया है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर भी हम उत्साहित हैं। इससे पता चलता है कि कि डिजिटल पेमेंट ने व्यापारियों के नेटवर्क में अपनी मज़बूत जगह बना ली है। अब देश के कोने-कोने में लोग इसे अपना रहे हैं।

## उत्तर पूर्व इलाके में पेमेंट के सबसे लोकप्रिय तरीके के रूप में उभरा फोन पे

## लेनदेन में तिमाही दर तिमाही ग्रोथ के मामले में भारत के अन्य हिस्सों से आगे रहा असम

2022 की पहली तिमाही में उत्तर-पूर्व क्षेत्र, एनईआर का डिजिटल पेमेंट के विकास में अहम योगदान रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफ ॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर-पूर्व में अब फोनपे पेमेंट करने का सबसे लोकप्रिय तरीका बन गया है। साथ ही, उत्तर-पूर्व के 15 लाख व्यापारियों में से 58 प्रतिशत ने डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। उत्तर-पूर्व क्षेत्र में डिजिटल पेमेंट से जुड़े इन रुझानों के बारे में फ ोनपे पल्स का डेटा अहम जानकारी देता है। जैसे, अब फ ोनपे को पेमेंट के तरीके के रूप में उत्तर-पूर्व के दूरदराज क्षेत्रों के लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां तक कि अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले जैसे दूरदराज के शहरों में भी अब फोनपे का इस्तेमाल हो रहा है। असम में, फ ोनपे का इस्तेमाल करने वाले व्यापारियों की संख्या 2022 में बढ़कर ढाई लाख से ज़्यादा हो गईए जबकि 2020 में यह संख्या सिर्फ 10 हजार थी। पेमेंट के तरीके के रूप में फोनपे का इस्तेमाल करने के मामले में असम के बाद त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम आते हैं। नए उपयोगकर्ता हासिल करने की दर के साथ-साथ कुल लेनदेन में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। कुल लेनदेन जहां 2018 की पहली तिमाही में 14.8 लाख था। वहीं 2022 की पहली तिमाही में यह बढ़कर साढ़े सात करोड़ से भी ज्यादा हो गया।

अब भारत के हर कोने के व्यापारी कर रहे डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल अब देश के कोने-कोने में व्यापारी डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा इसलिए हो सका है, क्योंकि डिजिटल पेमेंट कंपनियों ने व्यापारियों को इस बारे में जानकारी देनेए पेमेंट के इस नए तरीके से जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए लगातार काम किया। इस बदलाव की एक बड़ी वजह इंटरऑपरेबल क्यूआर कोड भी है। इसकी मदद से व्यापारी बिना किसी दिक्कत के अपने ग्राहक से पेमेंट ले पाते हैं और सप्लायर को पेमेंट कर पाते हैं। फोनपे ने करीब तीन करोड़ व्यापारियों को डिजिटाइज किया है। सिर्फ2022 की पहली तिमाही में ही, फ ोनपे ने 30 लाख से ज़्यादा व्यापारियों को डिजिटल पेमेंट से जोड़ा। फोनपे पल्स के डेटा से पता चलता है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ने इस अवधि में फोनपे लेनदेन में सबसे अधिक बढ़ोतरी दर्ज की।

# समाज कल्याण अधिकारी का पद खाली, पेंशनधारक परेशान

## निलंबित अधिकारी का फोन नम्बर तक लिस्ट में है जारी, कार्यालय का फोन है बंद

कविता। फरीदाबाद

**सरकार** के आदेश पर भ्रष्ट अधिकारियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित अधिकारियों के नाम और नम्बर जिला प्रशासन की लिस्ट में अब दर्शाया जा रहा है। निलंबन के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी की पद खाली होने से पेंशनधारक परेशान हो रहे है।

जिला समाज कल्याणा अधिकारी के दफ्तर में पेंशन बनवाने आ रहे बुजुर्ग परेशान हो रहे है। वह पेंशन बनवाने के लिए चक्कर काट रहे हैं। यहां तैनात कर्मचारी बहाने बनाकर परेशान कर रहे हैं। वहीं वेबसाइट पर नम्बर अपडेट न होने के कारण लोग सस्पेंड अधिकारी से ही सम्पर्क कर रहे हैं। दर्शाया गया दफ्तर का नंबर भी बंद है।

**इसलिए किया सस्पेंड:** भ्रष्टाचार के आरोप लगने पर फरीदाबाद और पलवल की जिला समाज कल्याण अधिकारी और उनके चालक को गत 28 अप्रैल को निलंबित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने व नियम-7 के तहत कार्रवाई के भी आदेश दिये हैं। सीएम विंडो पर शिकायत आई थी कि नागरिक सेवा केंद्रों से मिलीभगत कर अधिकारी ने अपने ड्राइवर के माध्यम से फर्जी पेंशन बनाकर सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि निदेशक, समाज कल्याण के निजी सचिव अधिकारी सुशीला को बचा रहे हैं। इस पर सीएमओ ने रिपोर्ट मांगी थी। इस मामले में एक्शन टेकन रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर भी नहीं कराए गए और प्रबुद्ध नागरिक सुनील कुमार ने शिकायत को झूठा बताया था। इस पर कार्रवाई करते हुए 20 अप्रैल को सुनील को प्रबुद्ध सूचि से हटा दिया था।



जिला समाज कल्याण दफ्तर में परेशान पेंशन धारक।




जिला अधिकारी की लिस्ट में ऑनलाईन वेबसाइट पर जारी नाम व नम्बर।

**होना चाहिए बदलाव:** एडवोकेट सेवानिवृत विंग कमांडर सतिंदर दुग्गल ने बताया कि अधिकारी द्वारा फरीदाबाद में कई लोगों की फर्जी पेंशन बनाई गई थी। जिसके लिए उन्होंने शिकायतें दी थीं, लेकिन कारगुजारी पर पर्दा डाल दिया गया। ऐसे में उन्होंने जिला उपायुक्त से प्रार्थना की है कि कार्यवाहक को चार्ज दिया जाए और सस्पेंड अधिकारी का नाम वेबसाईट पर से हटा दिया जाए।

ताकि जनता भ्रष्ट अधिकारी से सम्पर्क न करें। वहीं दफ्तर में बंद पड़े फोन नम्बर को चालू करवाया जाए। नोटिस बोर्ड पर भी इसकी सूचना जारी की जाए। ताकि लोग परेशान न हो।

# 1548 साइबर वारदात करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

## तीन विदेशी नागरिक और महिला समेत आठ के खिलाफ मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फेसबुक** जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का गलत फायदा उठाकर अपराधी टारगेट को लुभाने के लिए महिला के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर ठगी करते हैं। इसी प्रकार की साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए साइबर थाना फरीदाबाद की टीम ने तीन विदेशी नागरिकों तथा एक महिला सहित गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी हेडक्वार्टर नीतीश अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों में तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। जिसमें नाइजीरिया निवासी गैब्रियल व किंग्सले तथा घाना निवासी गॉडविन शामिल है, जो फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे।



पत्रकारों से बातचीत करते डीएसपी हेडक्वार्टर नीतीश अग्रवाल।

आरोपी गॉडविन का वीजा फरवरी 2021 तथा किंग्सले का वीजा 10 महीने पहले एक्सपायर हो चुका था। महिला आरोपी युर्थिंग्ला वारोंग उर्फ मम्मी मणिपुर की रहने वाली है और फिलहाल दिल्ली में रह रही थी। अन्य आरोपियों में मुंबई निवासी हरीश, फिरोज अंसारी, नोएडा निवासी राजकुमार उर्फ राजू व सफरूद्दीन और दिल्ली निवासी सुशील तिवारी शामिल हैं।

आरोपियों ने दिसंबर 2021 में फरीदाबाद निवासी रामकिशोर के साथ 7.39 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। थाना साइबर क्राइम ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने इस मामले में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के लिए साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की अगुवाई में टीम का गठन किया था। साइबर थाना की टीम ने 26 मार्च को घाना निवासी गॉडविन को गिरफ्तार करके 11 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। जिसमें उसने अपने साथियों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गैब्रियल ने जेनिफर अलेक्जेंडर नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बना बनाई जो अपने आप को इंग्लैंड का बताती थी। इस फर्जी फेसबुक प्रोफाइल से आरोपी ने रामकिशोर को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। जिसने विदेशी महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट देखकर उसे एसेप्ट कर लिया। गॉडविन ने लंदन के नंबर से व्हाट्सएप पर उसके साथ बातचीत करना शुरू कर दी। आरोपियों ने उन्हें एक लाख ब्रिटिश पाउंड का गिफ्ट भेजने का ऑफर दिया।

ऑफर स्वीकार करने पर गिफ्ट भेजने के बहाने फर्जी बैंक खाते में 7.40 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिये। साइबर थाना की टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 40 मोबाइल, 37 सिम कार्ड, 03 पासपोर्ट, 40 पासबुक, 49 चेकबुक, 50 एटीएम कार्ड, 11 आधार कार्ड, 06 पैनकार्ड, दो पेन ड्राइव, आधार कार्ड में पता बदलने के काम में प्रयुक्त कंप्यूटर व प्रिंटर तथा 1.39 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं। साइबर टीम द्वारा बरामद किए गए इन मोबाइल फोन और सिम कार्ड को ट्रेस करने पर पता चला कि आरोपियों ने पूरे देश में साइबर क्राइम की 1548 वारदातों को अंजाम दिया है।

# समाज कल्याण विभाग का सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर15ए** स्थित जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में तैनात सहायक को स्टेट विजिलेंस की टीम ने एक बुजुर्ग महिला से दो हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला से बुढ़ापा पेंशन फिर शुरू करवाने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहा था। स्टेट विजिलेंस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गांव बढ़ौली निवासी अरूण चंदीला ने इस संदर्भ में विजिलेंस के अधिकारियों से शिकायत कर दी। अरूण ने अपनी शिकायत में कहा था कि उनकी बुजुर्ग माता जी की पेंशन पहले नियमित से आ रही थी। लेकिन कुछ समय पहले पेंशन पर न जाने किन कारणों से रोक लग गई। पेंशन दोबारा शुरू करने की एवज में समाज कल्याण विभाग का सहायक दलबीर सिंह दो हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा था।

वह बिना पैसे लिऐ काम करने को तैयार नहीं था। इस शिकायत के आधार पर विजिलेंस के अधिकारियों ने इंस्पेक्टर राजकुमार ने नेतृत्व में टीम गठित कर छापा मारने के आदेश दे दिये। साथ टीम के साथ नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात कर दिया गया था। अरूण चंदीला ने कार्यालय में जाकर सहायक दलबीर को दो हजार रुपये देकर बाहर खड़ी टीम को इशारा कर दिया। टीम ने तुरंत छापा मारकर आरोपी को रिश्वत की रकम के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया।

# प्रिंसीपल के संग प्रोफेसर के परिजनों ने की मारपीट



प्रिंसीपल के साथ कार्यालय में झगड़ा करते प्रोफेसर के परिजन।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज के प्रिंसीपल एमके गुप्ता के संग कॉलेज के ही एक असिस्टेंट प्रोफेसर के परिजनों ने उनके कार्यालय में घुसकर मारपीट की।

कॉलेज के प्रिंसीपल एमके गुप्ता ने पायनियर को बताया कि वह कॉलेज में 20 अक्टुबर 2020 से प्रिंसीपल के पद पर तैनात है। आरोपी प्रोफेसर को उन्होंने तीन दिन पहले एक नोटिस (स्पष्टीकरण देने को) दिया गया था। जिसमें उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया था कि उनके द्वारा काम ठीक से क्यों नहीं किया जा रहा है। वहीं वह प्रिंसीपल की जगह-जगह इंसल्ट क्यों करते है। जिसका जबाब उन्होंने उल्टा सीधा दिया था और उनके ऊपर भी (प्रिंसीपल) कई सारे इल्जाम लगाये थे। एमके गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने दफ्तर में थे। उस दौरान कई प्रोफेसरों के संग बैठक कर रहे थे। तभी आरोपी प्रोफेसर के माता-पिता और उनकी बहन कैबिन में पहुंचे और उन्हें भला-बुरा कहते हुए गली-गलौच करने के साथ ही उनके साथ मारपीट कर दी। जिस पर उन्होंने घटना के वक्त मौजूद प्रोफेसरों के संग मिलकर सेक्टर-16 पुलिस चौकी में शिकायत दी है।

## रविंद्र फागना ने 121 रन से हराया

**फरीदाबाद।** 8वें अंडर 16 नाइट मेंटोर कप का सेमी फाइनल मैच स्पोर्ट्स लैंड अकादमी मैदान फरीदाबाद में खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और स्पोर्ट्स लैंड डीपीएस के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने स्पोर्ट्स लैंड डीपीएस को 121 रन से हराया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 20-20 ओवर का था और रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्यण लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 20 में 3 विकेट पर 203 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए यश आधाना ने 82 रन, कुणाल ने 38 रन, कृष्णा ने 36 रन, रिजवान ने 16 रन बनाए। स्पोर्ट्स लैंड डीपीएस की और से गेंदबाजी करते हुए हर्ष ने 2 विकेट, जीतू ने 1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स लैंड डीपीएस ने 18.1 ओवर में 10 विकेट पर 81 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा।

# आक्रोशित नगर निगम के कर्मचारियों ने की बैठक



नगर निगम मुख्यालय में कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता नरेश शास्त्री।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगम** आयुक्त के तुगलकी फरमान के खिलाफ निगम कर्मचारियों का फूटा गुस्सा नगर निगम प्रांगण में जिला सचिव नानक चंद खैरालिया की अध्यक्षता में जनरल मीटिंग कर 311 एप पर हाजिरी लगाने तथा वेतन न देने व सैनिटेशन एवं अन्य ब्रांचों के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निगमायुक्त के तुगलकी फरमान की खिलाफत की।

साथ ही हरियाणा कौशल रोजगार निगम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को भंग कर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, 25 अप्रैल व 17 अगस्त 2020 के समझौते को लागू करने, फायर विभाग को निकाय विभाग में शामिल करने, छटनीग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस लेने, एवं 19 सूत्री मांग पत्र को लेकर किया आंदोलन का ऐलान 9 मई को सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा 10 मई को सफाई कर्मचारी हाजियों, पार्क, स्टोर, कार्यालयों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा 11 मई को रोष सभा कर आयुक्त को आंदोलन का नोटिस दिया जाएगा व 12 मई को पेन एवं झाड़ू प्रदर्शन करेंगे, 14 मई को मंत्रियों के आवास पर प्रदर्शन करेंगे। 17 व 18 मई को क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे, तथा 23 व 24 मई को टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल की जाएगी। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, संघ की राज्य उपप्रधान कमला, उपमहासचिव सुनील चिंडालिया ने प्रेस को बताया कि 311 एप पर हाजिरी का कोई आदेश जारी नहीं किया है।

## परिजनों से बिछुड़ी महिला को वृद्धाश्रम ने मिलवाया

**फरीदाबाद।** पिछले लगभग एक हफ्ते से ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम में रह रही दीपिका नामक महिला को सबसे बड़ा उपहार मिला, जब आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने उसे उसके बिछड़े हुए पति से मिलवाया। पति से मिलते ही दीपिका की आंखों से खुशी के आंसू आ गए।

दरअसल महिला को लगभग एक हफ्ते पहले एनआईटी थाने की महिला पुलिस कर्मचारी नेहा ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम में छोड़ गई थे क्योंकि महिला सेक्टर-21 में लावारिस हालत में मिली थी। इसके अलावा वह कुछ भी बताने में असमर्थ थी। पुलिस और किशन लाल बजाज ने पूरी मेहनत की उसके परिजनों को ढूंढने की और आज उनकी मेहनत सफल हुई जब उसका पति दीपक सहगल पर्वतीय कालोनी के हेडकास्टेबल लेखराज के यसथ उसे लेने आश्रम आया। दोनो एक दूसरे से गले मिलकर खूब रोए। पति दीपक ने बताया की उसकी पत्नी लगभग एक सप्ताह पहले घर से किसी काम के लिए बाजार गई थी उसके बाद वो वापस नहीं आई।

# आगे नहीं बढ़ेगी मंझावली पुल की डेडलाइन : नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विधायक** राजेश नागर ने आज मंझावली यमुना पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उनके साथ अधिकारियों का पूरा दल मौजूद था। हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलने के बाद नागर का यह औचक दौरा था।

इस दौरे के दौरान विधायक राजेश नागर ने कहा कि इस बार मंझावली पुल निर्माण की डेडलाइन आगे नहीं बढ़ेगी और यह पुल जुलाई माह में ही पूरा हो जाएगा। इसके बाद दिसंबर तक इसकी कनेक्टिविटी नोएडा से हो जाएगी। जिसके बाद लोग इसका लाभ लेना प्रारम्भ कर सकेंगे। श्रीनागर ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता व अन्य का पूरा अमला मौजूद रहा।



मंझावली यमुना पर पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे पुल के निर्माण कार्य का जायजा लेते विधायक राजेश नागर।

जिनसे नागर ने एक-एक जानकारी एकत्रित की। नागर ने हर उस पहलू की जानकारी ली, जिनके आधार पर प्रोजेक्ट की देरी की जाती रही है। नागर ने अधिकारियों से पक्के तौर पर पूछा कि यह निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाएगा।

दौरे के बाद संतुष्ट दिखे विधायक राजेश नागर ने कहा कि इस बार इस पुल निर्माण की तारीख आगे नहीं बढ़ेगी। हमारी केंद्रीय मंत्री नितिन गडक़री से बात हुई थी और उन्हें मैंने ग्राउंड रिपोर्ट की जानकारी दी थी। उनसे हुई बातों के आधार पर ही आज मैंने निर्माण कार्य का दौरा किया है।

नागर ने कहा कि हमारे गडकरी का मंत्रालय देश में बहुत अच्छा काम कर रहा है। वह 2014 में 10-12 किलोमीटर प्रतिदिन की रफ्तार से बन रही सडक़ों की स्पीड को तीन गुना से भी अधिक कर चुके हैं। इसका पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ है। अगर यह कोरोना न आया होता तो देश अभी तक कहीं का कहीं पहुंच सकता था। इस कोरोना के कारण हमारा देश कई साल पीछे चला गया है। लेकिन अब फिर से केंद्र और राज्य सरकारें मिल कर विकास के लिए काम कर रहे हैं। जिसके सकारात्मक नतीजे जनता के सामने आ रहे हैं।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि आने वाले समय में यह पुल फरीदाबाद व नोएडा के जरिए हरियाणा और उत्तर प्रदेश को आपस में जोडने का काम करेगा। जिसकी लाखों लोगों को बेसब्री से प्रतीक्षा है। इस दौरान उनके साथ राकेश सरपंच मंझावली के पूर्व सरपंच, अजब सिंह सरपंच, राव नारायण सिंह, दयानन्द नागर, अमन नागर, ललित नागर, प्रदीप गुर्जर, राकेश मौजाबाद, राव सुरेन्द्र, कर्मवीर शर्मा, युधिष्ठिर शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कन्या विद्यालय में रेडक्रॉस दिवस की जा रही तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विश्व** रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा विभिन्न गतिविधियां और प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस और रेड क्रीसेंट आंदोलन के सिद्धांतों को मनाने के लिए 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर रेड क्रॉस वॉलिंटियर्स आवश्यकता में असहाय जनों की सहायता करने में



एनएच-3 के सरकारी स्कूल में रेडक्रास दिवस पर जागरुक करतीं छात्राएं।

रेडक्रॉस के संस्थापक को उन के बहुमूल्य योगदान के लिए श्रद्धांजलि देते हैं। यह दिवस 8 मई को हेनरी डयूना की जयंती पर मनाया जाता है जो रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के संस्थापक थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि रेडक्रॉस की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मूल रूप से किसी भी समय और परिस्थितियों में सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, आरंभ करना और प्रोत्साहित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिरडी साई बाबा स्कूल के बच्चों को कराया भोजन



**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा स्कूल में सचिन ग्रोवर, बी 004, पार्क ग्रंडुरा, सेक्टर 82, फरीदाबाद ने 2100 गरीब छात्र छात्राओं को भोजन की सेवा दी। शिरडी साई बाबा स्कूल में असहाय छात्र छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा, पुस्तकें व यूनिफार्म के साथ दोपहर का भोजन भी प्रदान किया जाता है। आप भी अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह जैसे विशेष अवसरों पर स्कूल में भोजन का आयोजन करा सकते हैं। दान देकर 80जी आयकर का लाभ उठायें व साई बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### रीतिका यादव को किया सम्मानित




**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने गांव घरौडा की रितिका यादव को सम्मानित किया। डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि बेटा बेटी में कोई फर्क नहीं समझना चाहिए। अच्छी परवरिश मिलने पर बेटियां बेटों से बेहतर प्रदर्शन करके अपने मा बाप का रोशन करती है। रितिका यादव ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड जीता है। उन्होंने बेंगलुर में आयोजित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। वह पांच दिवसीय प्रतियोगिता की चार सदस्यीय आर्चरी दल में शामिल थी। रितिका यादव जब मेडल जीत कर वापिस आई तो यहां विधासागर इंटरनेशनल स्कूल में भी उसका स्वागत हुआ था। जिला खेल अधिकारी अनिता भाटिया ने कहा कि उन्हें बेटियों को आगे बढते बहुत खुशी हुई है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत राहगिरी कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 को सफल बनाने के लिए जिला में 20 से 22 मई को सांसद खेल महोत्सव सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 का प्रोमोशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला में 09 मई को 'राहगिरी कार्यक्रम' सेक्टर-12 व सेक्टर-15 रोड पर सायं 6 बजे आयोजित किया जाएगा। इन दोनों आयोजनों से जोड़ने के लिए आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। यह जानकारी उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने विगत दिवस देर सायं हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दी। उन्होंने कहा कि जिला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 की प्रमोशनल सेरेमनी को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है और जल्द ही सभी तैयारियों को पूरा कर लिया जाएगा। इसी कड़ी में जिला में 09 मई को शाम 6 बजे राहगीरी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला में कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। डीसी ने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 के सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों सहित दर्शकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। 'राहगिरी कार्यक्रम' में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा ताकि नागरिक इन खिलाड़ियों से प्रेरित हो सकें।

### भाजपा छोड़ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए प्रवेश मेहता



**फरीदाबाद।** हरियाणा में बेहतर सरकार लाने के प्रयास को लगातार बल मिलता जा रहा है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाने के लिए शुक्रवार को राज्यसभा सांसद डा सुशील गुप्ता हरियाणा के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता ने टोपी पहनाकर भाजपा प्रवेश मेहता को पार्टी में शामिल कराया। पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में प्रवेश मेहता अपने राजनीतिक गुरू रतनलाल शर्मा एवं बेटे राजेन्द्र मेहता के साथ आप पार्टी में शामिल हुए और उन्होंने पार्टी की नीतियों में आस्था प्रकट की। मेहता ने कहा कि वो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कार्यशैली एवं विचारधारा से प्रभावित हैं। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान देती है। उनके नेतृत्व में दिल्ली के लोगों को गुड गवर्नेंस मिली है, जो लोगों के भले के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर पार्टी के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है। जिस प्रकार से पूरे हरियाणा में युवा, महिलाएं एवं सभी वर्ग के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, उससे पार्टी को लगातार मजबूती मिल रही है। आने वाले पंचायत एवं नगर-निगम चुनावों में पार्टी सिम्बल पर चुनाव लड़ेगी और बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि चुनकर आएंगे। श्रीगुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल साबित हो चुकी है, आज जनता त्राहिमाम कर रही है। महंगाई ने मध्यम एवं गरीब वर्ग की कमर तोडकर् रख दी है। भाजपा केवल पूंजीपतियों के हक की बात करती है। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पल-बढ रहा है और संरक्षण पा रहा है। शहर के लोग आम आदमी पार्टी की विचारधारा से एकत्रित हो गए हैं। लोग बेहद परेशान हैं, पीने के लिए पानी नहीं है, सीवर के ढक्कन नहीं, प्रत्येक व्यक्ति पूरी तरह त्रस्त है। उन्होने कहा कि निगम में हुए 200 करोड़ से अधिक घोटाले के आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाना चाहिए, मगर सत्ताधारी भाजपा सरकार के प्रतिनिधि अपनी जान बचाने के लिए ऐसे अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि उन पर आंच न आए।

### 58 टीकाकरण केन्द्रों पर लगाई गई कोरोना रोधी वैक्सीन



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान के तहत आज शुक्रवार को जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें समाचार लिखे जाने तक 52336 लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ों को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज़ सहित कुल 3979394 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे डॉ मान सिंह ने बताया कि आज शुक्रवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत आज जिला के वैक्सीनेशन सेंटर्स में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1362240 लोगों को पहली और 1104647 लोगों को दूसरी और 2173 लोगों को बुस्टर डोज़ दी गई। डॉ सिंह ने आगे बताया कि 40144 हेल्थ वर्कर्स को प्रथम, 39806 को दूसरी और 7412 को को बूस्टर डोज लगाई गई व फ्रंट लाइन के वर्कर्स को 13373 को प्रथम ,13602 को दूसरी और 1781 लोगों को बुस्टर डोज लगाई गई। वहीं बूस्टर डोज़ अभियान के तहत आज 18 से 59 व 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन के टीके लगाए गए हैं ।

## मोटापे की समस्या
### कोविड का असर

**कोविड** के कारण बढ़ा मोटापा हमारे सामने एक कटु तथ्य की तरह है तथा भविष्य में समस्या और गंभीर हो सकती है। कोविड वैश्विक महामारी ने एक दूसरी महामारी-मोटापे की महामारी को पैदा किया है जिससे बड़ी संख्या में वयस्क व बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मोटापे की बढ़ती दर को देखते हुए एक चेतावनी जारी करना उचित समझा है क्योंकि यह वर्तमान समय में महामारी के स्तर तक पहुंच रही है। उसकी यूरोपीय क्षेत्रीय मोटापा रिपोर्ट के अनुसार, लाकडाउन के बाद वाले समय में केवल अमेरिकनों में यूरोप की तुलना में मोटे वयस्कों की संख्या अधिक थी। अब भारत भी ज्यादा पीछे नहीं है। इंडियन जर्नल आफ कम्युनिटी मेडिसिन ने बताया है कि मोटापे की प्रवृत्ति 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इससे 135 मिलियन लोग प्रभावित हैं जिनमें कुछ हजार कम या अधिक हो सकते हैं। नेशनल सेंटर फार बायोटेक्नोलोजी इन्फार्मेशन ने चेतावनी दी है कि 2030 तक दुनिया में अधिक वजन वाले लोगों में 28 प्रतिशत भारतीय होंगे। यह अनुमान डराने वाला है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय पोषण संस्थान के साथ आ कर एक शोध की तैयारी कर रही है जिससे पता चलेगा कि क्या मोटापे व वैश्विक महामारी में कोई संबंध है। हालांकि, इसके कारण सभी जानते हैं। लाकडाउन के दौरान जीवनशैली आरामतलबी वाली हो गई थी। महीनों तक घर में बंद रहने के समय बार-बार खाना तथा जंक फूड खाना बहुत से लोगों के लिए आम बात हो गई थी। नियंत्रणों में रियायत के बाद अति-भोजन की दूसरी लहर आई क्योंकि भोजन डिलीवरी एप लोकप्रिय हो गए थे जिनके चलते अस्वास्थ्यकर भोजन व पेय तक पहुंच बढ़ गई थी। इस परिदृश्य में तनाव भी दोषी था। रोजगार छूटने, खाद्य असुरक्षा तथा आर्थिक कठिनाइयों से तनाव का स्तर बढ़ा। तनाव के कारण शरीर ज्यादा वसा जमा करने लगता है जिससे मोटापा पैदा होता है। इलाज न करने पर इससे अन्य बीमारियां भी हो सकती हैं जिनमें ह्रदय रोग, उच्च रक्तचाप व मधुमेह शामिल हैं।



समय आ गया है कि मोटापे को एक बीमारी के रूप में स्वीकार किया जाए जो कि वह वास्तव में है भी। व्यक्तियों के रूप में इससे निपटना लोगों की जिम्मेदारी है। इसके लिए केवल दवा-इलाज काफी नहीं है। इसका संबंध टिकाऊ जीवनशैली, संतुलित भोजन तथा मानसिक तनाव की स्थिति में कौंसिलिंग से है। यह सरकारों समेत व्यापक समाज की भी जिम्मेदारी है कि वे मोटापे की समस्या को संबोधित करें। इनमें खाद्य उद्योग भी शामिल है। बिकने वाले अनेक खाद्य पदार्थ खासकर बच्चों के लिए अस्वास्थ्यकर होते हैं। उद्योग को कठोरता से पैकिंग के सामने लेबेलिंग व्यवस्था का पालन करने के लिए कहा जाना चाहिए। ऐसे खाद्य पदार्थों को स्कूलों में बच्चों तथा सिनेमा कैंटीनों की पहुंच से दूर रखा जाना चाहिए। लेकिन यह सरकार तथा उद्योग के बीच विवाद का विषय बना हुआ है। इसका अर्थ यह भी है कि मोटापा केवल स्वास्य क्षेत्र की समस्या नहीं है, बल्कि इसका संबंध अन्य क्षेत्रों से भी है। उदाहरणार्थ, कोविड-पश्चात मोटापे से निपटने के लिए स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों, जैसे रोजगार व जनता की खाद्य सुरक्षा से भी निपटना होगा क्योंकि इसके कारण तनाव पैदा करने वाला परिवेश बनता है। इस प्रकार समस्या से गैर-स्वास्थ्य क्षेत्र भी जुड़ता है। इस प्रकार हम बीमारी के व्यापक कारण तलाश रहे हैं। सरकार की भी इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार को चिकित्सा बीमा क्षेत्र में भी हस्तक्षेप कर इसमें मोटापे की दवाओं व व्यवहार कौंसिलिंग को शामिल करना होगा। भारत में बीरियाट्रिक सर्जरी को 2019 में चिकित्सा बीमा में शामिल किया गया, पर मोटे लोगों को ज्यादा प्रीमियम देना पड़ता है तथा अनेक बीमा योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है। इस कारण अनेक मोटे लोगों को वित्तीय कारणों से कवरेज पर समझौता करना पड़ता है।

# समतापूर्ण व्यवस्था की दिशा में सीईयूटी

इससे कुछ शिक्षण संस्थानों व विश्वविद्यालयों का एकाधिकार टूटेगा तथा सभी केन्द्र द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालय एक छतरी के नीचे आ जाएंगे।



**अन्नपूर्णा नौटियाल**
(कुलपति, गढ़वाल विश्वविद्यालय)

भारत की विविधता केवल उसकी सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक-राजनीतिक व भाषाई व्यवहारों से ही नहीं अभिव्यक्त होती है, बल्कि इसकी अभिव्यक्ति भौगोलिक, जलवायु संबंधी, पर्यावरणीय, विकास संबंधी व शिक्षा संबंधी परिदृश्यों की विविधता से भी होती है। धर्म, संस्कृति व सामाजिक व्यवस्थाओं की विविधता ने न केवल भारत को एक जीवन्त समाज और पूर्णत: कारगर लोकतंत्र बनाया है, बल्कि सभी महाद्वीपों व अंतराराष्ट्रीय परिदृश्य में शक्तिशाली स्वर भी प्रदान किया है। एक सीमा तक इस विविधता ने समाज के सभी भागों के समूहों को बहु-प्रतीक्षित उपयुक्त स्पेस दिया है, बल्कि शिक्षा तथा शिक्षा संस्थानों में विविधता भी पैदा की है। वर्तमान समय में इससे भारत में छात्रों को उच्च शिक्षा के मामले में, खासकर सूदूर, दुर्गम व जलवायु के दृष्टिकोण से खतरनाक भौगोलिक व भारत के अविकसित क्षेत्रों में अवसर की समानता भी प्रदान की है। दूसरी ओर शिक्षा संस्थानों की विविधता ज्ञान व कौशल के बारे में अनुचित विविधता भी पैदा करती है जिसका परीक्षण सीबीएसई, एआईसीएसई, एनआईओएस व राज्य बोर्ड करते हैं। समस्या यह है कि भारत में समन्वित शिक्षा परिदृश्य न होने के कारण खासकर सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों व उनके माता-पिता के मन में भ्रम की स्थिति पैदा होती है। उच्च शिक्षा संस्थानों तथा स्नातक पाठयक्रमों में भौगोलिक, भाषाई या सांस्कृतिक विविधता के बावजूद प्रवेश की एकल-खिड़की व्यवस्था न होने को भारत के नौजवानों के समग्र विकास में बाधा की तरह देखा जाता है। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारत की शिक्षा व्यवस्था में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा स्तर तक पहुंच, समानता, मूल्य तथा समन्वय स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित एनटीए यह समन्वय व एकरूपता आगे बढ़ाएगा। इसने एक मिशन के रूप में पंजीकृत छात्रों को शामिल करने का लक्ष्य बनाया है। यह स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में अच्छे नंबर पाने वाले छात्रों के लिए है जिसका निर्धारण जुलाई 2022 में एक अकेले टेस्ट के माध्यम से विभिन्न केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के लिए किया जाएगा।



2022-2023 सत्र से एनईपी 2020 लागू करने के उद्देश्य पूरा करने का सबसे अच्छा रास्ता क्या हो सकता है जिसमें विभिन्न विषयों के लिए एक टेस्अ होगा तथा एनटीए से जुड़े विश्वविद्यालय इसे अपनी वेबसाइटों पर प्रकाशित करेंगे। परीक्षा का उद्देश्य कक्षा 12 के एनसीआरटी पाठ्यक्रम के आधार पर छात्रों के विषय व सामान्य ज्ञान का परीक्षण होगा। इस प्रकार छात्रों व खासकर सुदूर क्षेत्रों के छात्रों के लिए भारत के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों तथा साझा प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले संस्थानों के बीच बेहतर संवाद का माध्यम तैयार होगा। बहुविकल्पी प्रश्नों के माध्यम से ली जाने वाली परीक्षा वस्तुनिष्ठ परीक्षा का माध्यम तैयार करेगी जो विभिन्न बोर्डों द्वारा कक्षा 12 की परीक्षाओं में परंपरागत शैली के वर्णनात्मक व विषयनिष्ठ मूल्यांकनों का विकल्प बनेगी। इससे हाथ से लिखी जाने वाली उत्तर पुस्तिकाओं के स्थान पर कंप्यूटर से जांच वाली परीक्षा आ जाएगी। इससे न केवल सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों, बल्कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्रों का उचित मूल्यांकन हो सकेगा। इस समन्वय व समेकन में भारत के सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा अन्य निजी विश्वविद्यालय व राज्य विश्वविद्यालय एनटीए के एक बैनर के नीचे काम करेंगे। भारत में उच्च शिक्षा के इतिहास में अब तक इस बारे में सोचा नहीं गया था जो एक अभूतपूर्व कदम होगा। इससे प्रवेश परीक्षाओं के अपने निर्धारित आयाम व मानक स्थापित होंगे जिसका सभी विश्वविद्यालयों में प्रयोग होगा। परीक्षाओं व प्रक्रियाओं की विविधता न केवल वित्तीय, बल्कि मानसिक रूप से भी संभावित छात्रों व उनके माता-पिता के लिए परेशानी का विषय बनी है क्योंकि छात्रों को कक्षा 12 में 95 प्रतिशत नंबर लाने होते थे। इसके बाद भी कोई गारंटी नही थी कि उनको अपनी पसंद या रुचि के अनुकूल विषय मिल पाएंगे। कुछ संस्थानों का एकाधिकार समाप्त करने तथा सभी केन्द्र द्वारा वित्त प्रायोजित विश्वविद्यालयों को एक छतरी के नीचे लाने का मकसद न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि यह सभी पक्षों में जागरूकता तथा सीमित पहुंच को देखते हुए अत्यधिक चुनौतीपूर्ण भी है। इन पक्षो में छात्र, माता-पिता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इंटर कालेजों के शिक्षक शामिल हैं।

सीयूईटी-यूजी का उद्देश्य व्यापक विकल्प प्रदान करना है जिसमें चयन के लिए 27 विषय, 33 भाषायें तथा सामान्य परीक्षण शामिल होंगे। इसका उद्देश्य न केवल परीक्षा की शिक्षाई एवं भाषाई विविधता की समस्या कम करना होगा क्योंकि परीक्षा 13 भाषाओं में होगी जिनका चयन छात्रों के टेस्ट माध्यम के लिए किया गया है। इसके साथ ही प्रवेश पक्रिया एक कदम वाला समाधान देगी। अनेक विश्वविद्यालयों के लिए छात्रों को केवल एक ही फार्म भरना होगा जिसमें वे पंजीकरण के समय अपनी पसंद का उल्लेख कर सेंगे। अब भारत के सुदूरतम क्षेत्र में रहने वाला कोई छात्र अत्यधिक सम्मानित समझे जाने वाले विश्वविद्यालयों, जैसे दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू, हैदराबाद या अन्य में प्रवेश की कल्पना कर सकेगा जिसका निर्धारण उसके सीयूईटी स्कोर के आधार पर होगा। इसके साथ ही किसी खास विश्वविद्यालय के मानकों, शर्तों व नीतियों को भी स्थान मिलेगा।

इससे पूरी प्रवेश प्रक्रिया न केवल छात्रों के लिए बहुत सरल हो जाएगी, बल्कि एनईपी के उद्देश्य भी पूरे होंगे। एनईपी में स्पष्ट संकेत किया गया है कि उच्च शिक्षा राष्ट्रीय स्तर पर एक साझा प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होनी चाहिए ताकि मानकों तथा उम्मीदवारों की बेंच-मार्किंग में एकरूपता स्थापित हो सके। भारत में पहली बार यह परीक्षा एनटीए के अनेक केन्द्रों के माध्यम से होगी, इसलिए सबको यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि इसमें अनेक समस्यायें और बाधायें आ सकती हैं। इस कारण परीक्षा के लिए व्यापक रूप से प्रचार व जागरूकता अभियान की आवश्यकता है जिसमें पंजीकरण व एनटीए वेबसाइट या समर्थ पोर्टल से संपर्क जरूरी होगा।

ऐसी जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता खासकर ग्रामीण व सुदर क्षेत्र के छात्रों में होगी जहां न केवल कनेक्टिविटी की समस्या है, बल्कि उनका कंप्यूटर से ज्यादा जुड़ाव भी नहीं है। इस स्थिति में सुदूर क्षेत्रों में स्थित तथा भौगोलिक रूप से दुर्गम क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों का काम बहुत कठिन हो जाता है। उनको न केवल कक्षा 12 के छात्रों में भारत के विश्वविद्यालयों या उनके क्षेत्र में बने विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनटीए के कंप्यूटर-आधारित टेस्ट का प्रचार करना होगा, बल्कि शिक्षकों तथा माता-पिता को इसकी उपयोगिता भी समझानी होगी। इन विश्वविद्यालयों व उनकी टीमों को सभी आयाम न केवल क्षेत्रीय भाषाओं में प्रदर्शित करने होंगे, बल्कि यह भी दिखाना होगा कि अंतिम समय सीमा तक पंजीकरण से लेकर फार्म भरने तक सारे काम कैसे करने होंगे। यह इसलिए जरूरी है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश की इच्छा रखने वाला कोई छात्र जागरूकता या समुचित जानकारी के अभाव में पीछे न छूट जाए।

अब एनटीए, एमओई व यूजीसी के अलावा मूलभूत जिम्मेदारी विश्वविद्यालयों, खासकर भौगोलिक रूप से दुर्गम क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों की है कि छात्रों को संस्थानों में लाने तथा शिक्षा में साझा परीक्षा के माध्यम से समता व सरल पहुंच बनाने का भगीरथ काम उनको करना है। यह केवल एनईपी लागू करने की दिशा में पहला कदम है। सभी विश्वविद्यालयों में सार्टीफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रमों के माध्यम से एनईपी क्रियान्वित होने के बाद अगला कदम और चुनौतीपूर्ण होगा।

# बढ़ते तापमान से जाहिर जलवायु परिवर्तन का सच



**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

ऐसा लगता है कि भारत में गर्मी का प्रकोप समय से पहले ही आ गया है क्योंकि अप्रैल के एक चौंकाने वाले गर्म और शुष्क महीने ने देश भर के लोगों को निराश कर दिया था। 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक का औसत तापमान 1951 के बाद से दूसरी बार दर्ज किया गया है, जो पिछले 72 वर्षों में अप्रैल को दूसरा सबसे गर्म महीना बना रहा है। अप्रैल में आमतौर पर अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस होता है। इस साल भीषण गर्मी की लहरें मार्च की शुरुआत में शुरू हुईं, जिसमें पिछले 122 वर्षों में रिकॉर्ड तापमान भी देखा गया।

गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बिजली की मांग आसमान छूने के कारण भारतीय रेलवे कोयले को थर्मल पावर स्टेशनों पर ले जाने के लिए ट्रेनों को रद्द कर रहा है। फिर भी, कोयले की आपूर्ति और बिजली उत्पादन के बीच की खाई चौड़ी होती जा रही है और इससे बिजली की भारी कमी हो रही है, खासकर राजस्थान, आंध्र प्रदेश और हरियाणा में। विडंबना यह है कि कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों पर निर्भरता जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान के अनुपात में बढ़ रही है। इस दुष्चक्र को तोड़ना बहुत मुश्किल लगता है क्योंकि अक्षय ऊर्जा का एकमात्र विकल्प पर्याप्त नहीं है।

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, ग्रीनहाउस गैसों के निरंतर संचय के परिणामस्वरूप तापमान में वृद्धि हो रही है। वाहनों और औद्योगिक प्रदूषण भारत में जीएचजी उत्सर्जन के मुख्य कारणों में से एक रहा है। लेकिन देश भर में विशिष्ट प्रदूषण की घटनाएं पहले से ही खराब स्थिति को और खराब कर रही हैं। उदाहरण के लिए, हाल के दिनों में दिल्ली एनसीआर में भलस्वा लैंडफिल में लगातार आग लगने से दिल्ली में हवा की गुणवत्ता और परिवेश का तापमान नियंत्रण से बाहर हो गया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि भलस्वा लैंडफिल 36 एकड़ में फैला हुआ है और इसमें 80 लाख टन कचरा है, यहां कोई भी आग बड़े पैमाने पर आपदा होना तय है। प्रदूषण एक तरफ, भारत में हीटवेव दिनों की संख्या हर 10 साल में तीव्र गति से बढ़ रही है, जैसा कि मौसम विभाग द्वारा जारी एक अध्ययन में दिखाया गया है। अध्ययन से पता चला है कि 1981-90 में 413 से 2001-10 में 575 और 2011-20 में 600, 103 मौसम स्टेशनों पर अत्यधिक गर्म दिन देखने वाले दिनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि 1961-2020 की अवधि के दौरान 103 मौसम स्टेशनों में से अधिकांश ने अप्रैल और जून के बीच हीटवेव आवृत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। चिलचिलाती तापमान भारत के गरीबों और उनकी आजीविका के लिए कठिन श्रम में लगे हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए गर्मी के तनाव की स्थिति पैदा कर रहा है। इसके अतिरिक्त, भारत की कामकाजी उम्र की लगभग आधी आबादी खेती में लगी हुई है, जिसके लिए गर्मियों में लंबे समय तक बाहरी गर्मी के जोखिम की आवश्यकता होती है। इन स्थितियों से गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी विकार हो रहे हैं और यहां तक ??कि आबादी के इस वर्ग में मौतें भी हो रही हैं। जबकि 1960 और 2009 के बीच भारत के औसत तापमान में 0.5 डिग्री से अधिक की वृद्धि हुई, एक बड़े पैमाने पर गर्मी से संबंधित मृत्यु दर की संभावना, जिसे 100 से अधिक मौतों के रूप में परिभाषित किया गया था, 2017 के अनुसार 146 प्रतिशत तक बढ़ गया, मृत्यु दर की बढ़ती संभावना भारतीय गर्मी की लहरों के दौरान। यूरो-मेडिटेरेनियन सेंटर ऑन क्लाइमेट चेंज की एक रिपोर्ट के अनुसार, यदि वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है और कार्बन उत्सर्जन 2 डिग्री सेल्सियस तक नहीं होता है, तो भारत में हीटवेव 2036-2065 तक 25 गुना अधिक समय तक रहने की संभावना है।



इन स्थितियों का हिमालय के नाजुक पारिस्थितिक वातावरण पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि यह सीधे तौर पर ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने की ओर ले जाएगा जो बदले में शुरू में बाढ़ का कारण बनेगा और उसके बाद सूखे के कठिन दौरों का कारण बनेगा। अत्यधिक प्रदूषण की घटनाओं की रोकथाम के लिए एक सक्रिय तरीका अपनाना समय की मांग है। चार उदाहरण भलस्वा लैंडफिल आग पूरी तरह से टालने योग्य थी और अगर समय पर रोका जाता तो यह प्रदूषण की गंभीर मात्रा के अलावा दिल्ली में परिवेश के तापमान को कम करने में मदद कर सकता था। इसी तरह, अक्षय ऊर्जा क्षमताओं को तत्काल बढ़ाने के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है ताकि थर्मल ऊर्जा पर इस असहाय निर्भरता को नियंत्रित किया जा सके।

सरकार को हर घर और व्यवसाय को अपनी बिजली की आवश्यकता का स्वामित्व लेने का लक्ष्य बनाना चाहिए और अक्षय ऊर्जा पर संबंधित सरकारी योजनाओं को लागू करके सौर ऊर्जा से इसका कम से कम 50 प्रतिशत उत्पादन करना चाहिए। इससे जमीनी स्तर पर ऊर्जा की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी और तापीय ऊर्जा की मांग में कमी आएगी। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि हुई है, जिसके कारण तापीय ऊर्जा आवश्यकताओं में उछाल की आवश्यकता पड़ी है, भारत को तापीय ऊर्जा के व्यवहार्य विकल्प के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना शुरू करने के लिए दीवार पर एक लेखन के रूप में काम करना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं किया जाता, भारत जल्द ही जलवायु परिवर्तन का शिकार हो जाएगा।

## आप की बात

### केजरीवाल की चाल

**अलका** लांबा, कुमार विश्वास और तजिंदर बग्गा के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्यवाही से लगता है कि केजरीवाल और भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब पुलिस राष्ट्रीय पुलिस बनने की कगार पर है। देश में कहीं भी कोई भी आम आदमी पार्टी या उसके नेताओं के खिलाफ बोलेगा तो पंजाब में उस पर मुकदमा दर्ज होगा और पंजाब पुलिस उसके खिलाफ कार्यवाही करेगी। केजरीवाल अक्सर कहते हैं कि हम अलग तरह की राजनीति करने आये हैं और राजनीति के धुरंधरों को भी हमसे राजनीति सीखनी पड़ेगी। मुफ्तखोरी और राज्य पुलिस के अखिल भारतीय उपयोग से उन्होंने निश्चित रूप से राजनीति के नए आयाम खोल दिए हैं। वैसे केजरीवाल सत्ता का जोर आजमाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। फिर चाहे गणतंत्र दिवस से ठीक पांच दिन पहले राजपथ पर धरना पर बैठना हो या फिर प्राकृतिक गैस की कीमतों को लेकर दिल्ली की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा द्वारा मुकेश अंबानी और दो केंद्रीय मंत्रियों के खिलाफ मामला दर्ज करना हो। इन बातों से लगता है कि आम आदमी पार्टी लोगों की भलाई के लिए नहीं बल्कि अपने दुश्मनों के सफाये के लिए सत्ता चाहती है। सत्ता का दुरुपयोग आलोचकों के प्रति असहिष्णुता लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

– **बृजेश माथुर**, गाज़ियाबाद

### मौलिक अधिकार नहीं लाउडस्पीकर

**यूपी** पुलिस की ओर से लाउडस्पीकरों पर दबिश बनाई गई। इस संबंध में मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंचा तो वहां भी लाउडस्पीकर के पैरोकारों को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने साफ किया है कि मस्जिदों पर लाउडस्पीकर लगाना मौलिक अधिकार के दायरे में नहीं आता है। इस टिप्पणी के साथ ही कोर्ट ने लाउडस्पीकर लगाए जाने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया। कोई भी धार्मिक स्थलों,धार्मिक आयोजन हो यह शादी ब्याह हो। आजकल फुल साउंड में स्पीकर और डीजे बजाने का प्रचलन सा हो गया है। धार्मिक दृष्टिकोण छोड़ भी दें तो मानवीय मस्तिष्क में एक सीमा से अधिक डेसीबल वाले शोर होने पर कई तरह की विकृतियां पैदा हो जाती है। पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट, बीमार लोग ,बुजुर्गों से लेकर पशु पक्षियों तक को इस भारी शोरगुल से बड़ा कष्ट पहुंचता है। मगर इस बारे में कानून होने के बावजूद कोई उसका पालन करने को तैयार नहीं है। इस पर उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट का यह फैसला एक नजीर बनेगा। और देश के सभी राज्यों को उत्तर प्रदेश की तर्ज पर परिसर की सीमा के भीतर ही आवाज पहुंचे ऐसे नियम सभी के लिए बनाने चाहिए, और उन का सख्ती से पालन करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### अपहरणकर्ता पुलिस

**पुलिस** शब्द सुनकर क्या भारतीय नागरिकों को डरना चाहिए य सुरक्षित होने का भाव मन में आना चाहिये। दिल्ली से तेजिंदर सिंह बग्गा की पंजाब पुलिस द्वारा नाटकीय गिरफ़्तारी पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रशन चिन्ह हे क्योंकि पुलिस किसी भी पोलिटिकल पार्टी के अनुसार काम नही कर सकती व भारतीय संविधान के अनुसार काम करने को बाध्य हे। पुलिस में भर्ती के समय पुलिसकर्मी संविधान की शपथ लेते है न की तत्कालीन सरकार की। यदि कोई व्यक्ति किसी अपराध में नामित होता हे तो स्पष्ट लिखित क़ानून के अनुसार ही उसे गिरफ़्तार किया जा सकता है न की उसका जबरन अपहरण होता हे। आवश्यक हे अमेरिका व यूरोप के भाँति भारतीय पुलिस क़ानून में सकारात्मक बदलाव हो राज्य अनुसार पुलिस न होकर पूरे भारत की एक पुलिस फ़ोर्स हो जो की केवल रूल बुक से चले न की राज्य य केन्द्र सरकार के अनुसार। क्योंकि सरकार व पुलिस जनता की सेवा के लिये है न की राजनीतिक जोर आज़माइश करने के लिये।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**रोज** जघन्य अपराध हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि यूपी 'ईज़ आफ डूइंग क्राइम इंडेक्स' में सबसे ऊपर है।

– **अखिलेश यादव**
समाजवादी पार्टी प्रमुख



**यूपी** कानून-व्यवस्था में माडल के रूप में उभरा है। अपराधियों व गैंगस्टरों की 2081 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

– **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



**भारतीय** अर्थव्यवस्था को मजबूत रखने के लिए मुद्रास्फीति पर लगाम लगानी जरूरी है।

– **शक्तिकांत दास**
आरबीआई गवर्नर

# योगी सरकार ने 9 लाख से अधिक गोवंश किए संरक्षित

● निराश्रित गोवंश के संरक्षण के साथ फसलों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार ने गो संरक्षण केंद्रों को ग्रामीण रोजगार का बड़ा जरिया बनाया है। राज्य सरकार ने इसके लिए कई योजनाएं बनाकर प्रदेश में लागू की हैं। प्रदेश में 6199 गो-संरक्षण केंद्रों में स्थानीय लोगों की सहभागिता बढ़ा कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का काम किया है। प्रदेश में 6199 गो-संरक्षण केंद्रों में 9,47,698 गोवंश संरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश के ये गो-संरक्षण केंद्र निराश्रित गोवंश के साथ बेरोजगार ग्रामीणों का भी सहारा बन रहे हैं। गो-संरक्षण से जुड़ी योजनाओं से स्थानीय लोगों को सीधे जोड़ा जा रहा है। योगी सरकार ने पशुपालन की योजनाओं से रोजगार-सृजन एवं आर्थिक विकास को बढ़ाने का कार्य किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए बेहद संवेदनशील हैं। इसका ही परिणाम है कि 50 हजार पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। प्रदेश में पशु चिकित्सालय की संख्या 5066 और 11 प्रयोगशालाएं हैं।

**पशु पालकों के घर तक मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट का संचालन**

**विभाग** की ओर से 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार की गयी है। जिसके तहत गो संरक्षण केन्द्रों को स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जाएगा व 50 हजार निराश्रित गोवंश को आश्रय मुहैया कराया जाएगा। प्रदेश में 20 बड़े गो-संरक्षण केन्द्र बनाए जा रहे हैं। पंचायती राज विभाग के सहयोग से 1000 अस्थायी गो सेवा बाड़ा बनाकर गोवंश को 120 दिनों तक सेवा और सुरक्षा देकर आश्रय स्थलों तक भेज दिया जाएगा। इसके साथ ही 520 मोबाइल वेटेनरी यूनिट का संचालन किया जाएगा।

## प्रदेश में बिजली का आधारभूत ढांचा होगा और मजबूत

● पांच वर्ष में 80 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करेगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार बिजली के आधारभूत ढांचे को और मजबूत बनाएगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। अगले पांच वर्षों में बड़ी क्षमता के 80 नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे ताकि बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही 266.88 लाख प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

प्रदेश की जनसंख्या बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए, बिजली की उपलब्धता के साथ आधारभूत ढांचे को उसके अनुरूप बनाना आवश्यक है। इसके लिए योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। प्रदेश सरकार अगले पांच वर्षों में 80 नए विद्युत उपकेंद्रों (756 केवी के 2, 400 केवी के 6, 220 केवी के 24 और 132 केवी के 48) की स्थापना करेगी। इससे कुल 173 बड़े उपकेंद्र हो जाएंगे। इसका लगभग 30 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। ए. टी. एंड सी. (एग्रीगेट टेक्निकल एंड कामर्शियल) हानियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक 16.38 फीसदी करने का लक्ष्य है। सरकार अगले पांच सालों में 266.88 लाख प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। यह मीटर की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक 1,17,073 कि.मी. एल.टी.ए.बी. केबिल बिछाने का लक्ष्य है। बिजली वितरण के लिए 33/11 केवी के 593 उपकेंद्र बनाए जाएंगे। प्रदेश सरकार निर्बाध आपूर्ति के लिए कटिबद्ध है। गौरतलब है कि सरकार ने बिजली की सुचारु आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर की समय पर मरम्मत, बदलने व लोड बैलेंस के लिए सुदृढ़ व्यवस्था की है। साथ ही शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

## राज्य सरकार मिड डे मील को लेकर केन्द्र को भेजेगी 30 अरब का प्रस्ताव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्राइमरी** स्कूलों में बच्चों को बांटे जाने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता को लेकर राज्य सरकार की तरफ से केंद्र सरकार को वित्तीय सत्र 2022.23 के लिए 3067.45 करोड़ रुपये की वार्षिक योजना के बजट का प्रस्ताव भेजा जाएगा। मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की तरफ से तैयार प्रस्ताव को मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी ने सहमति दे दी है। राज्य सरकार की तरफ से केन्द्र को भेजे जाने वाले 3067.45 करोड़ रुपये के बजट में केंद्रांश 1811.23 करोड़ और राज्यांश के रूप में 1256.22 करोड़ रुपये का जिक्र किया गया है। बता दें कि इससे पूर्व राज्य सरकार की तरफ से स्वयं के संसाधनों से रसोइयों का निर्धारित मानदेय 1500 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये करने का शासनादेश जारी हो चुका है। इसके अलावा रसोइयों के यूनिफार्म ड्रेस कोड (दो जोड़ी साड़ी या पेंट शर्ट) के लिए 500 रुपये डीबीटी के माध्यम से खातों में हस्तांतरित करने का निर्णय हो चुका है। वहीं छात्रों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए गोरखपुर में केन्द्रीयकृत किचेन निर्माण के लिए पहली किश्त 2.50 करोड़ रुपये और वाराणसी को 13.91 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। जबकि आदर्श किचेन की स्थापना के लिए 27 विद्यालयों में नए बर्तनों की खरीद और 7215 विद्यालयों में बर्तनों के रिप्लेसमेंट के लिए 725.80 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### गैरइरादतन हत्या में भाइयों को 14 साल की सजा

**लखनऊ (विसं)।** विशेष जज सोमप्रभा मिश्रा ने गैरइरादतन हत्या के एक मामले में मुल्जिम भाई शिवकुमार सोनी व दिलीप सोनी को 14 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने मुल्जिमों पर अलग अलग पांच हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील नवीन त्रिपाठी के मुताबिक इस मामले की एफआईआर संतोष कुमार सोनी ने थाना नगराम में दर्ज कराई थी। मुल्जिमान रिश्ते में संतोष के मामा लगते हैं। एक मामले की शिकायत करने पर मुल्जिमों ने उसके पिता को लाठी-डंडो से मारा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### खेलो इंडिया के खिलाड़ियों को एलयू कुलपति ने किया सम्मानित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इण्डिया में विभिन्न खेलों में पदक विजेताओं को शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए यह संदेश दिया कि खिलाड़ी के लिए खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ.साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी विकसित करता है। भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इण्डिया विश्वविद्यालय प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए वह मंच है जिससे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा एवं मेहनत से विश्वविद्यालय को गौरान्वित करते हैं। इस क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र सक्षम सिंह मुक्केबाजी की प्रतियोगिता में कांस्य पदक तथा काजल शर्मा एथलेटिक की प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता को प्रो पूनम टण्डन एवं प्रो रूपेश कुमार सचिव लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

### आतंकी गतिविधियों के मामले में एनआईए को विवेचना के लिए 90 दिन की और मोहलत

**लखनऊ (विसं)।** एनआईए की विशेष जज शिवानी जायसवाल ने आतंकी गतिविधियों के एक मामले में विवेचना के लिए 90 दिन का और समय प्रदान किया है। उन्होंने यह आदेश एनआईए की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है। एनआईए ने अलकायदा माड्यूल ;अंसार गजवातुल हिन्द्ध के सदस्य मुल्जिम तौहीद अहमद शाह के मामले में विवेचना के लिए और समय की मांग की थी। सात फरवरी, 2022 को इसे जम्मू कश्मीर के बडगांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। एनआईए के विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह ने इस अर्जी पर बहस की। उनका कहना था कि मुल्जिम तौहीद के पास से कई मोबाइल बरामद हुए थे। जिसमें प्रतिबंधित हथियारों के साथ कुछ व्यक्तियों के फोटो मिले हैं। जिसकी पहचान करानी है। लिहाजा इसके मामले में विवेचना के लिए 90 दिन का और समय प्रदान किया जाए। 11 जुलाई 2021 को इस मामले की एफआईआर एटीएस के निरीक्षक सुशील कुमार सिंह ने थाना एटीएस में दर्ज कराई थी। एटीएस ने उसी रोज मुल्जिम मिनहाज व मुसीरुद्दीन को गिरफ्तार किया था। इनके पास से बारूद मय प्रेशर कुकर बमए स्वनिर्मित डेटोनेटरए 32 बोर का एक पिस्टलए चार जिन्दा कारतूसए पोटेशियम परमैगनेट व मोबाइल आदि बरामद हुए थे। जबकि 15 जुलाई को मुल्जिम शकीलए मोण् मुईद व मुस्तकीम को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। इसके बाद मामले की विवेचना एनआईए को सौंप दी गई।

## गैंगरेप पीड़िता को जलाकर मारने के मामले में मुल्जिमों की जमानत मंजूर

● हाईकोर्ट ने मृत्युपूर्व बयान में पाया भारी विरोधाभाष

विधि संवाददाता। लखनऊ

**वर्ष** 2019 में उन्नाव की एक गैंगरेप पीड़िता को कथित तौर पर जलाकर मारने के मामले में निरुद्ध तीन मुल्जिमों की जमानत अर्जी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। पीठ ने पीड़िता के मृत्युपूर्व दिए गए बयान में प्रथम दृष्टया भारी विरोधाभाष पाते हुए अर्जी मंजूर की है।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मुल्जिम उमेश कुमार बाजपेईए राम शंकर त्रिवेदी व हरिशंकर त्रिवेदी की जमानत याचिका पर दिया है। अभियोजन के मुताबिक पीड़िता ने शिवम त्रिवेदी व शुभम के खिलाफ गैंगरेप की एफआईआर दर्ज करवाई थी। पांच दिसंबरए 2019 को वह अपने इसी मुकदमे की पैरवी करने रायबरेली जा रही थी। वहां जाने के लिए सुबह चार बजे ट्रेन पकड़ने निकली थी। गैंगरेप के मुकदमे में शिवम त्रिवेदी जमानत पर रिहा हो चुका था। जब वह ट्रेन पकड़ने जा रही थीए तो रास्ते में शिवम व शुभम के साथ ही इन तीनों मुल्जिमों ने उसे रोक लिया। फिर उसके सिर व गर्दन पर डंडा और चाकू से वार करने के बाद उसे जिन्दा जला दिया। पीड़िता ने अस्पताल में मुल्जिमों के खिलाफ मृत्युपूर्व बयान भी दिया था। एकल पीठ ने पाया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पीड़िता के सिर में किसी चोट का जिक्र नहीं है।

मुल्जिमों की ओर से यह भी कहा गया कि घटना के दिन रायबरेली में गैंगरेप के उक्त मुकदमे की कोई तारीख नहीं थी। जिस ट्रेन को पकड़ने जाने की बात अभियोजन द्वारा कही जा रही हैए वह ट्रेन भी दो दिन पहले ही निरस्त हो चुकी थी।

### हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता की नियुक्ति के लिए 16 मई तक का समय दिया

विधि संवाददाता। लखनऊ

**नए** महाधिवक्ता की नियुक्ति अब तक नहीं करने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इसे अरुचिकर स्थिति करार दिया है। पीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि संवैधानिक योजना में इसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। पीठ ने इसके साथ ही 16 मई तक महाधिवक्ता की नियुक्ति करने का आदेश भी दिया है।

जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए दिया है। पीठ का कहना था कि संविधान के अनुच्छेद 165 के तहत महाधिवक्ता की नियुक्ति का प्रावधान है। इसके तहत महाधिवक्ता को न सिर्फ सरकार के लिए कानूनी सलाहकार का काम करना होता है बल्कि उसे सीआरपीसी, अवमानना अधिनियम के साथ.साथ अन्य कानूनी दायित्वों का निर्वहन भी करना होता है। ये दायित्व किसी अपर महाधिवक्ता या अन्य को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संवैधानिक योजना के मुताबिक महाधिवक्ता का पद खाली नहीं रखा जा सकता है। गौरतलब है कि महाधिवक्ता की नियुक्त करने की मांग करते हुए स्थानीय वकील रमाकांत दीक्षित ने एक जनहित याचिका दाखिल की थी। शुक्रवार को पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिका में तमाम आधारहीन तथ्य हैं। पीठ ने इस पर याचिकाकर्ता को जमकर फटकार लगाई।

### यूपी को बनाया जाएगा आईटी हब

**लखनऊ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश को आईटी हब बनाने की तैयारी में है। सरकार प्रदेश के सभी मंडलों में आईटी पार्क बनाने जा रही है। इससे प्रदेश में निवेश बढ़ेगा, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। योगी सरकार अगले पांच वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को देश में नंबर वन बनाना चाहती है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में हर परिवार से कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध हो। इसके लिए योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। आगरा, गोरखपुर, वाराणसी और बरेली आईटी पार्क का निर्माण कार्य जारी है, जबकि मेरठ, प्रयागराज और कानपुर में आईटी पार्क शुरू हो चुके हैं। अगले दो वर्षों में प्रदेश के सभी मंडलों में आईटी पार्क प्रारंभ करने की तैयारी है। आईटी पार्क में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध होगा। साथ ही कंपनियों के लिए टेक्नोलाजी से युक्त जगह भी होगी। आईटी पार्क में आईटी कम्पनियों को जरूरत से संबंधित सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे प्रदेश में निवेश बढ़ने की संभावना है। आईटी एवं स्टार्टअप नीति-2017 के तहत अब तक 5642.30 करोड़ का निवेश हो चुका है। वर्ष 2017 से 2022 तक 43,780 रोजगार-अवसर उपलब्ध हुए हैं और भविष्य में ये आईटी पार्क युवाओं के लिए रोजगार के और ज्यादा अवसर उपलब्ध कराएंगे।

### सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डालने के मामले में मुल्जिम की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विसं)।** विशेष जज मीना श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पर धार्मिक उन्माद फैलाने की नियत से पोस्ट करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम तैयब अली की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। 11 अप्रैल 2022 को इस मामले की एफआईआर उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव ने थाना चौक में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील श्यामेंद्र कुमार शुक्ल ने इसकी जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया। उनका कहना था कि इसने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अलीतैयब-96 नाम से एकाउंट बनाया था। जिस पर हिन्दू-मुस्लिम दंगा कराने, धार्मिक उन्माद फैलाने, राष्ट्रीय एकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने व साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की नियत से पोस्ट डाला था। इसका अपराध बेहद गंभीर है। लिहाजा इसकी जमानत अर्जी खारिज की जाए। विवेचना के दौरान इसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

### निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी में बसपा

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद बहुजन समाज पार्टी निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी में दिख रही है। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारी रोडमैप तैयार करने में जुट गये हैं। पार्टी की कोशिश इस बार निकाय चुनाव में वरिष्ठ पदाधिकारियों को मैदान में उतारने की है। निकाय चुनाव के बहाने बसपा जमीनी स्तर पर अपने खोये हुए वोटबैंक को एकजुट करने की तैयारी में है। जिससे वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के आने तक पार्टी फुल फार्म में आ सके। निकाय चुनाव को लेकर बसपा मेयर की सभी सीटों पर लड़ने के लिए उम्मीदवारों के चयन में जुट गई है। इन सीटों पर जातिगत समीकरण के आधार पर उम्मीदवार उतारे जाएंगे। पार्टी के जानकारों का कहना है कि पार्षदों के टिकट बंटवारे में युवाओं और महिलाओं को पहली प्राथमिकता दी जाएगी।

## प्रदेश में सत्ता- संरक्षण में गुंडाराज की व्यवस्था

● भाजपा सरकार में बुरी तरह ध्वस्त हो चुकी है कानून व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बुरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और सत्ता के संरक्षण में गुण्डाराज व्यवस्था लागू है। मुख्यमंत्री का एंटी रोमियो स्क्वाड तो कहीं दिखता नहीं, बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। छात्राओं का स्कूल-कॉलेज जाना खतरे से खाली नहीं है। असामाजिक और अपराधी तत्वों पर कोई लगाम न लगने से वे सब बेखौफ हो चले हैं। मुख्यमंत्री जी की प्रशासन तंत्र पर पकड़ लगातार ढीली होने से वर्दीधारी खुद दरिन्दे बन रहे हैं। सुरक्षा और न्याय दिलाने वाला कोई नहीं है। नारी शक्ति से अपराध, अत्याचार करने वालों पर क्यों नहीं चलते बुलडोजर? शहर से देहात तक बेटियों का जीना दूभर हो गया है। शासन प्रशासन तंत्र में संवेदना का अभाव है।

उत्तर प्रदेश में अपराध सरआम हो रहे हैं। सुबह-शाम वारदातें हो रही है। थाने अपराध और अन्याय के अड्डे बन गए हैं। मित्र पुलिस के कारनामें डरावने हैं। फतेहपुर में रेप के एक दिन बाद पीड़ित दलित लड़की ने आत्महत्या कर ली। शाहजहांपुर में शादी समारोह में आईजी-डीआईजी की मौजूदगी में चंद दूरी पर हिस्ट्रीशीटर ने फल विक्रेता को गोली मार कर हत्या कर दी। मेरठ में अपहरण के बाद किशोर की हत्या कर दी गई। ललितपुर के महरौनी थाने में चोरी के शक में महिला को निर्वस्त्र कर पीटा गया।

### ऊधमसिंह नगर के चौहरे हत्याकांड में शामिल अपराधी हरदोई से गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर में लूटपाट के दौरान एक ही परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या करने की सनसनीखेज वारदात में फरार चल रहे 25 हजार रुपए के ईनामी अपराधी सचिन सक्सेना को एसटीएफ ने मुठभेड़ के दौरान प्रदेश के हरदोई जिले से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से प्रतिबंधित बोर की एक पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। अपराधियों के बारे में छानबीन में जुटी एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि वर्ष-2021 में उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले में हुई 4 लोगों की हत्या में वांछित 25 हजार का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सचिन सक्सेना कस्बा कछौना में मौजूद है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान उसने एसटीएफ पर फायर कर दिया। एसटीएफ ने भी बल प्रयोग करते हुए सचिन सक्सेना को कस्बा कछौना से गिरफ्तार कर लिया।

## कोयला तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 15 तस्कर गिरफ्तार



● 15 ट्रक व 6 ट्रैक्टरों पर लदा 60 लाख रुपए मूल्य का पांच हजार कुंतल कोयला बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर कोयला तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सरगना सहित पन्द्रह तस्करों को मिर्जापुर से गिरफ्तार किया। तस्करों के कब्जे से तस्करी कर लाया जा रहा 15 ट्रकों और छह ट्रैक्टर पर लदा तकरीबन 60 लाख रुपए मूल्य का पांच हजार कुंतल कोयला बरामद हुआ है।

एसटीएफ मुख्यालय के अनुसचार सोनभद्र एवं इसके आसपास के जनपदों में अवैध रूप से होने वाली कोयले की तस्करी के संबंध में स्पेशल टास्क फोर्स की वाराणसी फील्ड इकाई छानबीन कर रही थी। इस दौरान गोपनीय सूचना मिली कि थाना अदलहाट क्षेत्रान्तर्गत अन्नपूर्णा धर्मकांटा एवं श्री साईं धर्मकांटे के पास भारी संख्या में चोरी का कोयला खरीदने व बेचने वाले गिरोह के सदस्य कोयला लदे ट्रकों व टैक्टरों के साथ मौजूद हैं। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने गिरोह के सरगना धनंजय सिंह

धनंजय सिंह निवासी झारखंड, विकास कुमार सिंह निवासी झारखंड, निखिल सिंह निवासी रामनगर, वाराणसी, वकील यादव निवासी अहरौरा, मिर्जापुर, हिमांशु कुमार यादव निवासी जमानियां, गाजीपुर, पंकज यादव निवासी जमानियां, गाजीपुर, राम सजीवन निवासी अनपरा, सोनभद्र, वीरेन्द्र सिंह निवासी अहरौरा, मिर्जापुर, मैनेजर निवासी राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, संजय कुमार निवासी चुनार, मिर्जापुर, भगत सिंह निवासी अदलहाट, मिर्जापुर, संजय सिंह निवासी अदलहाट, मिर्जापुर, चन्द्राज सिंह निवासी करमा, सोनभद्र, कामेन्द्र मिश्रा निवासी अदलहाट, मिर्जापुर और जय प्रकाश सिंह निवासी अदलहाट, मिर्जापुर को गिरफ्तार किया।

**सब्सिडाइज्ड कोयले की भी करते हैं हेराफेरी**

इसके अतिरिक्त विभिन्न कोयला आधारित उद्योगों को संचालित करने के लिए सरकार द्वारा न्यूनतम मूल्य पर सब्सिडाइज्ड कोयले आवंटित किया जाता है। इन कोयलों को भी कोयला तस्करों द्वारा कम मूल्य पर फैक्ट्री मालिकों से खरीद कर इसका कूटरचित कागजात तैयार कर ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि ये लोग 50 हजार रुपए से कम मूल्य का बिल तैयार करते हैं, उसमें भी कोयले की बिक्री दर वास्तविक मूल्य से लगभग 1-10 के बराबर रखते हैं, जिससे ये लोग जीएसटी की भी चोरी करते हैं। वस्तुओं के परिवहन पर नियमानुसार ई-वे बिल नहीं बनाना पड़ता है। धनंजय सिंह एवं इसके जैसे अन्य कोयला तस्कर एक ट्रक में लोड लगभग 3.50 लाख रुपए के कोयले की फर्जी बिल 50 हजार रुपए से कम मूल्य का बना देते हैं, जिससे कि ई-वे बिल जनरेट ही नहीं होता है, जिससे इसकी सूचना कर विभाग को नहीं हो पाती है और इस प्रकार इनके द्वारा फर्जी कागजात के आधार पर इन कोयलों को भी विभिन्न स्थानों पर बेच दिया जाता है। इस प्रकार कोयला तस्करों द्वारा चोरी-कालाबाजारी के कोयले की तस्करी सुनियोजित एवं संगठित तरीके से की जाती है।

**सोनभद्र, छत्तीसगढ़ व झारखंड की खदानों से होती है तस्करी**

**गिरफ्तार** तस्करों से पूछताछ में पता चला कि सोनभद्र, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड में कई कोयले की खदानें स्थित हैं। इन कोयलों की खदानों से कोयला खरीद-फरोख्त के लिए इसके आसपास काफी लोगों ने अपना-अपना कोल डिपो खोल रखा है। अमिल वन राजमिलन सिंगरौली में कोयला तस्कर धनंजय सिंह ने भी अपना कोल डिपो वैष्णो इण्टरप्राइजेज के नाम से खोल रखा है। धनंजय सिंह व इसके जैसे नारायण अग्रवाल अनपरा, सोनभद्र तथा अन्य कोयला तस्कर अपने-अपने सहयोगियों के माध्यम से विभिन्न तरीकों से कोयले की तस्करी व कालाबाजारी करते हैं। इनके सहयोगी विभिन्न कोयला खदानों से बिल में अंकित वजन से लगभग 40-50 कुन्तल अधिक कोयला खदान कर्मचारियों की मिलीभगत से अपने ट्रकों में लोड कर कोयला तस्करों के बताए गए विभिन्न स्थानों पर लाते हैं और अतिरिक्त लोड किए गए कोयले को अनलोड कर देते हैं। जब इस प्रकार से काफी कोयला एकत्रित हो जाता है तो कोयला तस्कर अपने फर्म का कूटरचित कागजात बनाकर विभिन्न कोयला मण्डियों आदि में भारी मूल्य पर बेच देते हैं।

## पुलिस की आधा दर्जन इकाइयों में प्रभारी के पद खाली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** पुलिस की आधा दर्जन अहम इकाइयों में प्रभारी के पद लंबे समय से खाली हैं। इनका जिम्मा दूसरी इकाइयों के एडीजी को अतिरिक्त कार्यभार के रूप में सौंप रखा गया है। जिससे इन इकाइयों का सुपरवीजन जिस ढंग से होना चाहिए वैसे नहीं हो पा रहा है। योगी सरकार ने दूसरी बार सूबे की सत्ता पर आसीन होने के बाद अभी पुलिस-प्रशासन में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है। इसके पीछे कारण यह है कि बीते कुछ महीनों के दौरान कई अहम त्योहार पड़ गए। अब त्योहार सकुशल संपन्न होने के बाद उम्मीद जतायी जा रही है कि जल्दी ही व्यापक स्तर पर आईपीएस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी हो सकती है। इसके बाद ही इन इकाइयों में स्थाई नियुक्ति होगी।

गृह विभाग के सूत्रों का कहना है कि आईपीएस अफसरों की नई तैनाती को लेकर मंथन पूरा हो चुका है। इसमें फील्ड में तैनात अधिकारियों के साथ ही अलग-अलग शाखाओं में नियुक्त एसपी से लेकर एडीजी और डीजी स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। ईद का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जाने के बाद गृह विभाग जल्दी ही आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी कर सकता है। मौजूदा समय में पुलिस महकमे की कई ऐसी अहम इकाइयां हैं जिन्में बतौर प्रभारी डीजी और एडीजी की तैनाती होनी है। पिछले काफी समय से इनका जिम्मा अन्य इकाइयों के अधिकारी अतिरिक्त कार्यभार के पद पर संभाल रहे हैं। प्रदेश में होने वाले कई बड़े आर्थिक अपराधों की जांच कर रहे आर्थिक अपराध संगठन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के चेयरमैन और डीजी आरके विश्वकर्मा के पास है। स्मारकों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए गठित किए गए यूपीएसएसएफ में भी एडीजी के पद पर तैनाती होनी है। यहां का काम एडीजी पीएसी केएस प्रताप कुमार संभाल रहे हैं। इसी प्रकार विजिलेंस इकाई का जिम्मा डीजी इंटेलिजेंस डीएस चौहान के पास है। एडीजी पुलिस आवास निगम के एडीजी हरिराम शर्मा एंटी करप्शन इकाई की जिम्मेदारी अतिरिक्त प्रभार के रूप में देख रहे हैं। हरिराम शर्मा खुद भी आगामी जून माह में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जिसके बाद पुलिस आवास निगम और एंटी करप्शन इकाई में भी नए प्रभारी की दरकार होगी। एडीजी 112 के एडीजी अशोक कुमार को अतिरिक्त प्रभार के रूप में ट्रैफिक डायरेक्टरेट का भी जिम्मा सौंप रखा गया है। पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का काम देखने वाले एडीजी कार्मिक का पद पर भी कोई फुल-फ्लैश तैनाती नहीं है। यहां का काम एडीजी स्थापना संजय सिंघल संभाल रहे हैं। एडीजी मानवाधिकार आयोग का पद भी खाली चल रहा है। मानवाधिकार का प्रभार इस समय एडीजी रूल्स एंड मैन्युअल एसके माथुर देख रहे हैं।

### 255 दारोगा प्रोन्नत कर बनाए गए इंस्पेक्टर

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार पुलिस महकमे को मजबूती प्रदान करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसके लिए जहां एक ओर सीधी भर्ती की प्रक्रिया तेजी से चल रही है वहीं दूसरी ओर पुलिसजनों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें तेजी से प्रोन्नत किया जा रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार ने 255 पुलिस उपनिरीक्षकों (दारोगा) का तोहफा देते हुए उन्हें पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) के पद पर प्रोन्नत कर दिया है। पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना सर्वेश कुमार राना की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। आदेश में कहा गया कि उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक नागरिक पुलिस सेवा नियमावली 2015 तथा संशोधित में निहित निर्देशों के अंतर्गत (अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए) ज्येष्ठता के आधार पर उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। इस आदेश की प्रति को उत्तर प्रदेश पुलिस की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

# नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर ने निरीक्षण में दिए निर्देश

- नगर पालिका बिसवां/महमूदाबाद का किया निरीक्षण
- सफाई व्यवस्था को लेकर ईओ को दिए निर्देश
- चौराहों को सुसज्जित बनाएं जाने को लेकर कही बात



संवाददाता। बिसवां सीतापुर

**नगर विकास** राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने बिसवां नगर पालिका क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका में साफ-सफाई को देखा, समूचे कस्बे में समय से नालो की साफसफाई कराने के निर्देश भी ईओ को दिए। उन्होंने शीतला देवी मंदिर के पास बने शमशान घाट और वहां बने तालाब का निरीक्षण किया और शासन द्वारा स्वीकृत शमशान घाट को सुव्यवस्थित और जल्द से जल्द बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने शीतला देवी मंदिर के पास बने तालाब के सौंदर्यीकरण के लिये नगर पालिका से प्रस्ताव भेजने के भी कहा ताकि उसका सौंदर्यीकरण कराया जा सके। उन्होंने बड़े चौराहे का भी निरीक्षण किया और बड़े चौराहे पर लगे 4 खंभों और उस पर तारों के मकड़जाल पर नाराजगी जताई और इन खंभों को हटाने के लिए अधिशासी अभियंता से बात करने की बात कही। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष सीमा जैन, ईओ डॉ देवेंद्र श्रीवास्तव, भाजपा नेता राजकुमार जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, आईटी सेल जिला संयोजक पियूष मौर्या सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## औचक निरीक्षण में समस्याओं पर की गई गहन चर्चा

**महमूदाबाद सीतापुर।** नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका में संसाधनों और विकास कार्यों के मामले में जानकारी ली। सभासदों के साथ बैठक कर वार्डों की जनसमस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। राज्यमंत्री ने नगर क्षेत्र में पेयजल, प्रकाश और आवागमन की दिशा में बेहतर काम करने के निर्देश ईओ को दिये। मंत्री ने रामकुण्ड चौराहे पर नाले का निरीक्षण किया। नाले में अवरोध बन रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। शुक्रवार की दोपहर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू महमूदाबाद पहुँचे। नगर सीमा पर राज्यमंत्री का स्वागत नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अम्ब्रीश गुप्त ने किया। राज्यमंत्री के नगर पालिका पहुँचने पर ईओ शैलेन्द्र दुबे, लेखाकार वसी अहमद ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। राज्यमंत्री ने पालिका कार्यालय में ईओ से संसाधनों की उपलब्धता और विकास कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। सभासद नब्बू, प्रदीप मौर्या काजू, बदर अहमद, कदीर आदि ने शहर के प्रमुख चौराहों का सौन्दर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, तालाबों का सौन्दर्यीकरण सहित अपने अपने वार्डों की जनसमस्याएँ बताते हुए निराकरण की मांग की। राज्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि जो भी समस्याएँ बताई गई हैं उनका निराकरण कराया जाएगा। राकेश राठौर गुरू ने ईओ को निर्देश देते हुए कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए। पेयजल पर विशेष ध्यान दिया जाए। नागरिकों को समयबद्ध तरीके से पेयजल मिले। इसके लिये अगर ओवर हैण्ड टैंक बनाने की जरूरत है तो उसका निर्माण करवाया जाए। उन्होंने बेहतर आवागमन के लिये सड़कों का निर्माण और उनका रख-रखाव करने, जलनिकासी व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु पर्याप्त नालों की विधिवत सफाई रखने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री का स्वागत तेली समाज के लोगो ने भी किया। राज्यमंत्री ने रामकुण्ड चौराहा स्थित सरदार पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। नाले में अवरोध बन रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्यवाही के निर्देश दिये। इस अवसर पर भाजपा नेता संतोष सिंह, वरिष्ठ सभासद चक्रसुदर्शन पाण्डेय, विजय सिंह, विवेक, उत्तम गुप्त आदि उपस्थित रहे।

### डीएम कार्यालय में भटक रहीं बुजुर्ग महिलाएं

# छह माह से नहीं मिली पेंशन जिलाधिकारी से लगाई गुहार

- जिला प्रोबेषन अधिकारी कार्यालय में लगी महिलाओं की भीड़



संवाददाता। सीतापुर

**योगी सरकार** एक तरफ बुजुर्गो को लेकर चिंता जता रही है, वहीं सीतापुर की दर्जनों बुजुर्ग महिलाएं पेंशन पाने को लेकर डीएम कार्यालय से लगाकर तहसील, ब्लाकों के चक्कर लगाने को मजबूर है, लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि 6 माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिली है, जिससे हम सभी को परेंशानी उठानी पड़ रही है। सीतापुर के परसेंडी, मछरेहटा, सिधौली, महोली, ऐलिया, मिश्रिख ब्लाकों से आयी बुजुर्ग महिलाओं ने कहा कि हम लोगो को पेंशन ही एक सहारा थी वह भी अब नहीं मिल रही है जिससे उनकों जीवन यापन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची महिलाओं ने पायनियर को अपना दर्द सुनाया।

## किसानों को केले की खेती के बारे में दी गई जानकारी

**बिसवां सीतापुर।** तहसील सभागार बिसवां में नाबार्ड और एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ के फूड एवं एग्रीकल्चर फाउंडेशन के तत्वाधान में किसानों को केले की खेती के बारे में जागरूक करने के लिए एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन मुख्यअतिथि अनुपम मिश्रा उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में किया गया। किसान कार्यशाला के आयोजन की शुरुआत संस्थान की निदेशक डॉ शालिनी सिंह ने मुख्यअतिथि अनुपम मिश्रा उपजिलाधिकारी बिसवां का स्वागत करते हुए किया गया। मुख्यअतिथि ने किसानों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों के अनुसार किसानों की आय को बढ़ाने एवं उनकी फसलों के बचाव व केले की खेती को लेकर किसानों को जगरुक किया। डॉ शालिनी सिंह ने किसानों को प्रशिक्षित करते हुए बताया की केले की खेती से किसानों को रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग न करके जैविक उर्वरकों का प्रयोग करके रोगमुक्त केले की खेती के बारे में जगरुक किया। उन्होंने ने बताया कि कीट दो प्रकार के होते हैं। शाकाहारी और मांसाहारी कीट, शाकाहारी वो कीट होते हैं जो हमारे फल व पौधों को नुकसान पहुँचाते हैं। जबकि मांसाहारी कीट किसानों के मित्रता का काम करते हुए शाकाहारी कीट को अपना आहार बनाते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के डॉ दयाशंकर श्रीवास्तव ने किसानों को प्रशिक्षित करते हुए केले में लगने वाले रोगों और उनके लक्षणों तथा कीटो एवं उनके बचाव की जानकारी साझा की। इस कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा जैविक उर्वरकों के प्रयोग पर जोर देते हुए रोगमुक्त केले की खेती के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार को नीतियों के अनुसार किसानों की आय को बढ़ाने एवं उनकी फसलों को सुरक्षित करना है।

## रीजेन्सी पब्लिक स्कूल में हुई प्रतियोगिता में छात्र सम्मानित



संवाददाता। सीतापुर

**रीजेन्सी पब्लिक** स्कूल, रस्यौरा सीतापुर में मिडिल वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए 'अन्तर्सदन अंग्रेजी सम्भाशण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अंग्रेजी भाशा में अकाट्य तर्क देते हुए अपनी ही बात सिद्ध करने का प्रयास किया। प्रतियोगिता का षुभारम्भ मुख्य अतिथि 'श्रीमती साबरा हबीब' एमेरिटस फेलों आफ रषियन लखनऊ यूनिवर्सिटी को पुश्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत, 'स्वागत गीत' से किया गया। प्रतियोगिता तीन चरणों में थी पहला चरण कक्षा 6, दूसरा चरण 7 के प्रतिभागियों के लिए एवं तृतीय चरण कक्षा 8 के लिए निर्धारित था। इन प्रतिभागियों ने भिन्न-भिन्न कविताएँ एवं भाशण प्रस्तुत किये। सभी प्रतिभागियों ने अपने वर्ग के निर्धारित विशय पर बड़े आत्मविष्वास से अपनी बात कही। उनकी वाक पटुता एवं भाशण कुषलता से सभी आष्चर्य चकित हो उठे। प्रतियोगिता में वर्ग अ में 'नन्दनी टंडन'(6 अ) को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी श्रंखला में द्वितीय पुरस्कार 'कायना चड्ढा' '(6 अ) को दिया गया। तृतीय पुरस्कार 'अभिज्ञान षुक्ला' (6 ब) को दिया गया।

# जिला चिकित्सालय में जारी रहेंगी इमरजेंसी सेवाएं: डीएम

- आज फिर डीएम से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल
- शिफ्टिंग सहित इमरजेंसी सेवाओं को बनाए रखने की भाजपा कार्यकर्ताओं ने उठाई थी मांग

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**डीएम से** कलेक्ट्रेट स्थित उनके दफ्तर में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी सेवाओं को बनाए रखने के लिए फिर से मुलाकात की। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला चिकित्सालय की शिफ्टिंग सहित इमरजेंसी सेवाओं को जिला चिकित्सालय में बनाए रखने की पुरजोर मांग की।

इस मुलाकात में डीएम ने जनहित में जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी सेवाओं को अनवरत बनाए रखने का निर्णय लिया।

उन्होंने भाजपा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी सेवाएं एमसीएच हॉस्पिटल ओयल में शिफ्ट नहीं होंगीए वह पूर्व की भांति जिला चिकित्सालय में सुचारू रूप से संपादित की जाएंगी। इसके लिए उन्होंने अधीक्षक, जिला चिकित्सालय डा. मदन लाल को भी जरूरी निर्देश दिए।

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, डा. सतीश कौशल बाजपेई, रश्मि गुप्ता, रामजी मौर्य, रामजी दीक्षित, अरविंद गुप्ता, आशू मिश्रा, उमेश शुक्ला व अभिषेक सहित तमाम भाजपा के नेतागण मौजूद रहे।

# बड़ी दूर तक जलवा बिखेर रहा पसगवां का परिषदीय विद्यालय

- लिधियाई परिषदीय विद्यालय को मिला सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ खिताब

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

लगन और मेहनत के साथ कोई कार्य किया जाए तो सफलता निश्चित प्राप्त होती है। यह कहावत ब्लॉक पसगवां के उच्च प्राथमिक विद्यालय लिधियाई के इंचार्ज प्रधानाध्यापक पर सार्थक साबित हो रही है। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक योगेंद्र ने अपने अभिनव प्रयास व स्टाफ के सहयोग से विद्यालय की सूरत बदलने के साथ शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ा दी। उनके विद्यालय में अबतक करीब 216 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण हैं। योगेंद्र के प्रयासों के चलते प्रशासन से उनके




विद्यालय को सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनने का खिताब हासिल हुआ। विद्यालय के भौतिक परिवेश को जीवंत व पेड़.पौधों से आकर्षक बनाया। विद्यालय मे कायाकल्प के रूप मे रंगाई. पुताई व लिखावट के ज़रिए विद्यालय को लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। विद्यालय मे छात्र-छात्राओं के नामांकन में उतरोत्तर व्रद्धि हुई जो वर्तमान मे कक्षा 6 से 8 मे कुल नामांकन 216 है जिसमें समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ। कंप्यूटर अनुदेशक ने बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा व खेल अनुदेशक ने खेल शिक्षा-योग शिक्षा प्रदान कर रहे। विद्यालय मे शिक्षक स्टाफ की संख्या कम होते हुए भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जा रही व विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करके प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित व पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है। विद्यालय मे नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति लगातार लगभग 70-75 फीसदी रहती है। एमडीएम के लिए एक किचन गार्डेन की व्यवस्था की जिससे बच्चों को एमडीएम के जरिए ताजी सब्जी उपलब्ध होती है।

## क्विक न्यूज

### बदला सा दिख रहा तीर्थ का नजारा, साफ-सफाई कार्य शुरू

**सीतापुर।** धार्मिक नगरी नैमिषारण्य अंतर्गत प्रसिद्ध चक्र तीर्थ परिसर पर आजकल कुछ नजारा बदला-बदला सा दिख रहा है , बीते 2 दिनों से मिश्रिख एसडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव की अगुवाई व बीडीओ मिश्रिख़ की मौजूदगी में चक्रतीर्थ , गऊघाट की जल निकासी , साफ सफाई व सौंदर्यीकरण का कार्य कार्य काफी तेजी से चल रहा है , ज्ञात हो कि काफी अर्से से तीर्थ पर बदहाल साफसफाई व्यवस्था और स्वच्छ जल की उपलब्धता को लेकर स्थानीय लोगों के साथ ही श्रद्धालुओं में काफी नाराजगी चल रही थी जिस पर अब डीएम अनुज सिंह के निर्देश के बाद बीते 2 दिनों से चक्रतीर्थ व तीर्थ परिसर की सफाई अभियान का चलाया जा रहा है इस कड़ी में एक ओर जहां तीर्थ का जल निकालकर साफसफाई की गई वही कुंड के बीच की दीवार की पुताई का भी काम किया जा रहा है , इसी कड़ी में गऊ घाट तीर्थ का भी जल निकालकर उसमें साफसफाई का कार्य किया जा रहा है , इस कार्य में मिश्रिख / गोंदलामऊ बीडीओ अजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में लगभग 600 मजदूरों द्वारा तीर्थ परिसर पर साफसफाई व रंग रोगन का वृहद कार्य किया जा रहा है , बताते चलें कि काफी लंबे समय से तीर्थ पर वृहद साफ सफाई का कार्य नहीं हुआ था वही कुंड के बीच की दीवार की भी पुताई हुए काफी लंबा समय बीत चुका था , बीते 2 दिनों से तीर्थ पर अब जहां साफसफाई व्यवस्था बेहतर दिख रही हैं वही पुताई कार्य से भी तीर्थ का स्वरूप बेहतर दिखने लगा है एसडीएम मिश्रिख़ की माने तो अभी तीर्थ परिसर पर स्थित मंदिरों की भी रंगाई पुताई का कार्य किया जाएगा , साथ ही यहां पर अन्य यात्री सुविधाओं का भी ख्याल रखा जाएगा जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को तीर्थ परिसर पर एक सुखद अनुभव हो सके।

### मोटरसाइकिलों की टक्कर में मां की मौत, बेटा घायल

**बरेली ।** मोटरसाइकिल सवार मां बेटे को सामने से आ रही दो मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी जिससे मां की मौके पर ही मौत हो गई बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पश्चिमी थाने के गांव माधोपुर माफी निवासी समीर खान की पत्नी रैना बी की कल शाम शाही रोड पर अगरास गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसका बेटा जीशान गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घर वालों ने बताया कि रैना बी कल सुबह नैनीताल रोड स्थित मोहन पुर गांव में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार के घर गमी की ईद मिलने बेटे जीशान के साथ मोटरसाइकिल से गई थी जहां से शाम को वह अपने घर वापस लौट रही थी लेकिन अगरास गांव के पास उनकी बाइक को सामने से आ रही दो मोटरसाइकिलो ने टक्कर मार दी जिससे बाइक चला रहा है जीशान गंभीर रूप से घायल हो गया और रैना बी जमीन पर गिरकर दूसरी बाइक एक बाइक की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिले फरार हो गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची रैना बी की मौत हो चुकी थी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल जीशान को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर मृतका के घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शब की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका 6 बच्चों की मां थी।

### पत्नी ने दांतों से काटी पति की जीभ

**बरेली ।** एक युवक को गूंगी पत्नी को ताना देना भारी पड़ गया। गूंगी पत्नी ने सोते समय युवक को आवाज दी लेकिन उसने नहीं सुना। जिससे नाराज पत्नी ने साते समय पति की जीभ अपने दांतों से काट डाली। जिससे युवक लहूलुहान हो गया तो चीख-पुकार सुनकर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने लहूलुहान हालत में युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी गांव में जिसे भी हुई वह आश्चर्य चकित हो गया है। फिलहाल इस घटना की गांव में चर्चा है कि पति उसे गूंगी होने का ताना देता था। जिसके चलते महिला ने उसकी भी जीभ काटकर उसे गूंगी बनाने की कोशिश की है।शाहगढ़ के बल्ला गांव निवासी श्रीपाल मौर्य खेती के साथ मजदूरी करते हैं। उसकी शादी में काफी परेशानी हो रही थी। जिसके चलते परिजनों ने एक साल पहले उसकी शदी बिहारी की रनहे वाली एक गूंगी युवती से कर दी। परिजनों ने बताया कि पहले तो दोनों हंसी खुशी रहते थे। गूंगी होने के कारण श्रीपाल की पत्नी जब भी उसे आवाज देती तो वह पहले तो सुनता नहीं था। कभी-कभी सुनकर भी वह पत्नी की बातों को अनसुना कर देता था। पत्नी से इसी बात को लेकर उससे कहासुनी हो जाती थी। जिसके बाद इसी बात को लेकर आए दिन कहासुनी के बाद घर में कलह शुरू हो गई।

### स्कूल संचालकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: सर्वेश



**बरेली ।** मान्यताप्राप्त स्कूल संचालक के संगठन बेसिक शिक्षा कल्याण समिति ने स्कूलो कै हितार्थ निदेशक (बेसिक) को सम्बोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र ए डी बेसिक को दिया। एक डी बेसिक की अनुपस्थिति मे ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक विपुल सक्सेना ने प्राप्त किया। इस अवसर मौजूद स्कूल संचालको को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाठक ने कहा कि स्कूल संचालको का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नही किया जायेगा । उन्होंने कहा कि मान्यताप्राप्त स्कूल संचालक शासन और विभाग के हर आदेश और निर्देश का अक्षरशः पालन करते है ।लेकिन कुछ विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अकारण उनका आर्थिक दोहन के नये नये रास्ते ढूंढते रहते है।लेकिन बेसिक शिक्षा कल्याण समिति अब चुप बैठने बाली नही है।उन्होने कहा कि शीघ्र ही संगठन का एक शिष्टमंडल बेसिक शिक्षा मंत्री से मिलकर यहां की स्थिति से उन्हे अवगत करायेगा। संगठन कै प्रदेश महासचिव राजीव यादव ने कहा कि आर टी ई के तहत प्रवेशित बच्चो की फीस पिछले दो वर्ष से शासन द्वारा स्कूलो को नही भेजी गयी है।स्कूल संचालक अपनी जेब से उन बच्चो की पढ़ाई की खर्चा वहन करने को मजबूर है।वही शासन ने इस बार फिर से मुफ्त प्रवेश हेतु बच्चे भेज दिए है। उन्होंने ऐलानिया अंदाज मे कहा कि यदि शासन ने शीघ्र ही फीस का बकाया भुगतान नही भेजा तो संगठन नये बच्चो का प्रवेश नही लेगा।संगठन के अन्य पदाधिकारियो ने आरोप लगाते हुए कहा कि शहर मे विभागीय कर्मचारियो के संरक्षण मे अमान्य स्कूल बेखौफचल रहे है।कई बार शिकायत के बाद भी अब तक अमान्य स्कूलो के खिलाफकोई कार्रवाई नही हो सकी है। उन्होने कार्रवाई न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी। विचार रखने वालो मे संगठन के प्रदेश संयुक्त सचिव अवनीन्द्र स्नातक, कोषाध्यक्ष मोहम्मद फराज, उपाध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना, सचिव मनोज मिश्रा, गिरीश पटेल, प्रवक्ता हिरदेश सिंह के अलावा संतोष यादव, आसिफ अली, मुकेश कुमार ममगई, विवेक शाक्य, खुर्शीद अहमद, उत्कर्ष त्रिपाठी, संतोष राठौर, विनोद कुमार, जाकिर मोहम्मद, विजय कुमार मिश्रा, एम के घोष समेत बड़ी संख्या मे स्कूल संचालक मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## भाजपा नेता...

मुख्यमंत्री आवास के बाहर भाजपा युवा मोर्चा के विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लिया था और कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पंजाब पुलिस ने एक बयान में कहा कि आरोपी को आपराधिक दंड संहिता की धारा 41 ए के तहत जांच में शामिल होने के लिए पांच नोटिस दिए गए थे। यही नहीं, 9, 11, 15, 22 और 28 अप्रैल को नोटिस विधिवत तामील किए गए थे। इसके बावजूद आरोपी जानबूझकर जांच में शामिल नहीं हुए। बग्गा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए, 505 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं, मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली से भाजपा के नेता तेजिंदर बग्गा को गिरफ्तार करके ला रहे पंजाब के पुलिसकर्मियों को हरियाणा पुलिस द्वारा रोका जाना अवैध हिरासत के समान है। कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक को लिखे एक पत्र में उन्होंने इसे आपराधिक न्याय प्रणाली में हस्तेक्षप करार दिया। पंजाब पुलिस ने मामले को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से उसे निराशा हाथ लगी।

## भाजयुमो कार्यकर्ता...

किसी भी राज्य में इतने मामले सीबीआई को सौंपे नहीं गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया, यह पूरे राज्य में डर का माहौल बनाने का प्रयास है। किसी अन्य राज्य से इतने मामले सीबीआई को सौंपे नहीं गए हैं। यह साबित करता है कि अदालतों को पुलिस और राज्य प्रशासन में विश्वास नहीं है। शाह की टिप्पणियों पर सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे गृह मंत्री ने जांच खत्म होने से पहले ही मौत को हत्या के रूप में दिखाने का प्रयास किया। टीएमसी की वरिष्ठ नेता और मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि कोई भी मौत दुखद होती है लेकिन जांच खत्म होने से पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री इसे राजनीतिक हत्या कैसे कह रहे हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि क्या वह(शाह) राजनीतिक ज्योतिषी बन गए हैं, उन्हें टीएमसी सरकार के खिलाफ अफवाह फैलाना बंद करना चाहिए। चौरसिया की मां की मौखिक प्रार्थना पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने उसका पोस्टमार्टम शहर में सैनिकों के लिए बने कमांड अस्पताल में कराने का आदेश दिया। इस बीच, टीएमसी ने दावा किया कि चौरसिया भाजपा से नहीं बल्कि तृणमूल से जुड़े थे। शाह से पहले घटनास्थल का दौरा करने वाले टीएमसी के स्थानीय विधायक अतिन घोष ने दावा किया कि चौरसिया तृणमूल कांग्रेस से जुड़े थे और उन्होंने हाल में हुए कोलकाता नगर निगम चुनावों के दौरान इसके लिए प्रचार भी किया था, जिससे उन्हें स्थानीय भाजपा के एक वर्ग की नाराजगी का सामना करना पड़ा। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि शाह चौरसिया (26) की मौत की खबर सुनकर दुखी हो गए। उन्होंने कहा कि शाह ने हमें एनएससी बोस हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत कार्यक्रम रद्द करने के लिए कहा और वह चौरसिया के आवास पर गए। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने दावा किया कि चौरसिया भाजपा के कुशल कार्यकर्ता थे।

## आजम की...

भी अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हालांकि, बाद में राज्य सरकार ने एक आवेदन किया और नए हलफनामे के माध्यम से कुछ नए तथ्य पेश करने की अनुमति मांगी, जो बृहस्पतिवार को दाखिल किए गए। खान और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर शत्रु संपत्ति हड़पने तथा करोड़ों रुपए से अधिक के सार्वजनिक धन के गबन को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रामपुर के आजम नगर थाने में भारतीय दंड संहिता और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है कि विभाजन के दौरान इमामुद्दीन कुरैशी नामक व्यक्ति पाकिस्तान चला गया था और उसकी जमीन को शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज किया गया, लेकिन खान ने अन्य लोगों की मिलीभगत से 13.842 हेक्टेयर के संबंधित भूखंड पर कब्जा कर लिया।

## दिल्ली-केंद्र...

अलावा विवाद से उत्पन्न सभी मुद्दों का पूर्ण तरीके से निपटारा किया था और अब उन पर दोबारा विचार नहीं किया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, संविधान के प्रावधानों और संविधान के अनुच्छेद 239एए (जो दिल्ली की शक्तियों से संबंधित है) के अधीन और संविधान पीठ के फैसले (2018 के) पर विचार करते हुए, ऐसा प्रतीत होता है कि इस पीठ के समक्ष एक लंबित मुद्दे को छोड़कर सभी मुद्दों का पूर्ण रूप से निपटारा किया गया है। इसलिए उन्हें नहीं लगता कि जिन मुद्दों का निपटारा हो चुका है, उन पर दोबारा विचार करने की जरूरत है। आदेशानुसार, पीठ को मामला भेजा गया है वह सेवाओं की शर्तों के संबंध में केंद्र और दिल्ली सरकार की विधाई तथा कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित है। पीठ ने कहा, इस न्यायालय की संविधान पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 239एए की व्या या करते हुए इस विवाद पर विशेष रूप से कोई टिप्पणी नहीं की, इसलिए संविधान पीठ द्वारा इस मामले पर एक आधिकारिक फैसले के लिए उपरोक्त मामले को उसके पास भेजना उचित होगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा वह मामले को बुधवार के लिए सूचीबद्ध कर रहे हैं।

## झारखंड में...

हैं और पहले खूंटी जिले में उपायुक्त के रूप में तैनात थीं। एजेंसी के अधिकारियों द्वारा रांची में एक अस्पताल सहित कुछ अन्य स्थानों पर भी छापेमारी की जा रही है। केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के कर्मी उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि छापेमारी से पता चलता है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले में पिछली मधु कोड़ा सरकार को पीछे छोड़ दिया है। ईडी ने कोड़ा को 2009 में धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। दुबे ने पीटीआई-भाषा से कहा, इससे राज्य में भ्रष्टाचार के स्तर का पता चलता है...राज्य में बिना धन और रिश्वत के कुछ नहीं होता। ईडी की छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए, झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब ईडी और अन्य केंद्रीय एजेंसियां मुखिया और सरपंच के पास भी पहुंचेंगी। सोरेन ने कहा, भारतीय जनता पार्टी एक नई राजनीतिक परिभाषा गढ़ने की कोशिश कर रही है...उनकी मंशा किसी से छिपी नहीं है... छापेमारी जिस धन शोधन के मामले में की जा रही है, वह झारखंड के कनिष्ठ अभियंता राम बिनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पीएमएलए के तहत दर्ज मामले से जुड़ा है। पीएमएलए के तहत मामला दर्ज होने के बाद सिन्हा को 17 जून 2020 को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया था।

## 25% लड़कियों...

है। रिपोर्ट में उल्लिखित सभी आयुवर्ग के आंकड़ें संकलन वर्ष (2019 से 21) के बीच के हैं। रिपोर्ट के अनुसार 20 से 24 साल आयुवर्ग की महिलाओं में महज 23 फीसदी ऐसी हैं जिनका विवाह 18 साल की वैधानिक आयु से पहले हुआ है। लेकिन 45 से 49 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं में यह संख्या 47 फीसदी है। पुरुषों की बात करें तो 45 से 49 वर्ष आयुवर्ग में 21 साल की वैधानिक आयु से पहले विवाह करने वालों की संख्या 27 फीसदी है और 25 से 29 वर्ष आयुवर्ग में घटकर 18 फीसदी रह गई है। एनएफएचएस की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 12 साल यह उससे ज्यादा अवधि तक स्कूली शिक्षा पाने वाली महिलाओं का विवाह अन्य महिलाओं के मुकाबले देरी से हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है, स्कूल नहीं गई 25 से 49 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं में विवाह की औसत आयु 17.1 साल है जबकि 12 साल या उससे ज्यादा वक्त तक स्कूल जाने वाली महिलाओं में विवाह की औसत आयु 22.8 साल है।

## पुरुषों की...

लोग हफ्ते में एक बार से भी कम शराब पीते हैं। सर्वे में देशभर से 6.37 लाख नमूना घरों में के आधार पर कहा गया कि 15-49 वर्ष आयुवर्ग में शराब पीने वाली महिलाओं का प्रतिशत अरुणाचल प्रदेश (18 प्रतिशत) और सिक्किम (15 प्रतिशत) में ज्यादा है। पुरुषों में शराब के इस्तेमाल की बात करें तो यह गोवा में सबसे ज्यादा (59 प्रतिशत) है और उसके बाद अरुणाचल प्रदेश (57 प्रतिशत) और तेलंगाना (50 प्रतिशत) हैं जबकि लक्षद्वीप में सबसे कम (एक प्रतिशत) है।

## यूक्रेन संकट...

कि आज दोपहर यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में मैंने बयान दिया जिस पर वान ओस्टरोम ने महासभा में भारत की गैर मौजूदगी को लेकर टिप्पणी की। भारत, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से रूस को निलंबित करने से संबंधित अप्रैल में संयुक्त राष्ट्र महासभा में लाए गए अमेरिका के प्रस्ताव पर मतदान से गैर मौजूद रहा था। इस प्रस्ताव में आरोप लगाया गया था कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेन की राजधानी कीव के पास के शहरों से पीछे हटने के दौरान नागरिकों की हत्या की।

# दुनिया भारत की तरफ बड़े भरोसे से देख रही हैः मोदी

**पुणे (महाराष्ट्र)।** प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक शांति हो या समृद्धि या फिर वैश्विक चुनौतियों से जुड़े समाधान, आज दुनिया भारत की तरफ बड़े भरोसे से देख रही है और भारत भी वैश्विक कल्याण के एक बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन के जीतो कनेक्ट 2022 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। वोकल फॉर लोकल के मंत्र को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि आजादी के 75 साल का जश्न मनाने के बीच भारतीयों को विदेशी वस्तुओं का गुलाम नहीं बनना चाहिए। हमें विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करनी होगी। निर्यात के लिए नए स्थान तलाशने होंगे, स्थानीय बाजारों में इसके बारे में जागरूकता पैदा करनी होगी। उत्पाद शून्य दोष और पर्यावरण पर शून्य प्रभाव वाले होने चाहिए।



तीन यूरोपीय देशों की अपनी तीन दिवसीय यात्रा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने इस दौरान भारत के सामर्थ्य, संकल्पों तथा अवसरों के संबंध में काफी लोगों से चर्चा की। जिस तरह की आशा और विश्वास आज भारत के प्रति खुलकर सामने आ रहा है, ए आप सब भी अनुभव करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के विकास के संकल्पों को दुनिया अपने लक्ष्यों की प्राप्ति का माध्यम मान रही है। आज देश प्रतिभा, व्यापार और प्रौद्योगिकी को यथासंभव प्रोत्साहित कर रहा है। आज देश हर रोज़ दर्जनों स्टार्टअप्स रजिस्टर कर रहा है, हर हफ्ते एक यूनिकॉर्न बना रहा है।

वैश्विक शांति या वैश्विक समृद्धि, वैश्विक चुनौतियों से जुड़े समाधान हों या फिर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का सशक्तीकरण हो, दुनिया भारत की तरफ बड़े भरोसे से देख रही है। विशेषज्ञता का क्षेत्र हो या फिर चिंता वाले, चाहे जो भी हों, विचारों में चाहे जितनी भी भिन्नता हो, लेकिन नए भारत का उदय सभी को जोड़ता है। आज सभी को लगता है कि भारत अब संभावनाओं और क्षमता से आगे बढ़कर वैश्विक कल्याण के एक बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान यह भी कहा कि भविष्य का भारत का रास्ता और मंज़िल दोनों स्पष्ट है। आत्मनिर्भर भारत हमारा रास्ता भी है और संकल्प भी। बीते सालों में हमने इसके लिए हर ज़रूरी माहौल बनाने के लिए निरंतर परिश्रम किया है। सरकारी प्रक्रियाएं पारदर्शी हो गई हैं।

जब सरकार के पास कोशिश करने की इच्छा शक्ति और लोगों का समर्थन होगा तो बदलाव अपरिहार्य है। जीतो के युवा सदस्य नवप्रवर्तक और उद्यमी हैं और उन्हें शून्य लागत बजट, खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि प्रौद्योगिकी, रीसाइक्लिंग और पुनः उपयोग, प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य देखभाल पर केंद्रित चक्रीय अर्थव्यवस्था के साथ प्राकृतिक खेती में निवेश करने के लिए कहा। मोदी ने जीतो प्रतिनिधियों से सरकार के जीईएम-मार्केटप्लेस पोर्टल का अध्ययन करने को कहा, जहां 40 लाख विक्रेताओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें से ज्यादातर लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम (एमएसएमई) और स्वयं सहायता समूह से थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को इस नई व्यवस्था पर भरोसा है। अब दूरदराज के गांवों के लोग, छोटे दुकानदार और स्वयं सहायता समूह अपने उत्पाद सीधे सरकार को बेच सकते हैं। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की नजर से देख रही है और यह सभी भारतीयों के लिए गर्व और आत्मविश्वास की भावना है।



रुद्र प्रयाग में केदारनाथ मन्दिर के कपाट खुलने पर श्रद्धालुओं की लगी भीड़।

## लाउड स्पीकर पर भक्ति गीत बजाने को लेकर विवाद में पिटाई से एक की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के मेहसाणा जिले में एक घर के अंदर बने मंदिर में लाउड स्पीकर पर भक्ति गीत बजाने को लेकर हुए विवाद में छह लोगों ने 42 वर्षीय एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लंघनाज थाने के उप निरीक्षक एस. बी. चावड़ा ने बताया कि पुलिस ने तीन मई को जिले के मुदार्दा गांव में हुई घटना के सिलसिले में छह आरोपियों में से पांच को गिरफ्तार कर लिया। चावड़ा ने कहा, हमने प्राथमिकी में नामजद छह में से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। ठाकोर परिवार ने अपने घर के अंदर एक छोटा सा मंदिर बना रखा था, जिसमें लगे स्पीकर को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने कथित रूप से जसवंत ठाकोर और उनके बड़े भाई अजित पर डंडों से हमला कर दिया। अजित की शिकायत के आधार पर 4 मई को प्राथमिकी दर्ज की गई जिसमें कहा गया है कि ठाकोर परिवार ने मुदर्दा गांव में अपने घर के परिसर में देवी मेल्दी को समर्पित एक छोटा सा मंदिर बनाया था।

शिकायत के अनुसार 3 मई की शाम को अजित ने मंदिर में दीप जलाकर भक्ति गीत बजाना शुरू किया। एक अन्य ग्रामीण सदाजी ठाकोर स्पीकर के इस्तेमाल से परेशान होकर उनके घर आए और आपत्ति जताई। चावड़ा ने कहा, जब अजीत ने कहा कि स्पीकर की आवाज पहले से ही कम है, तो सदाजी, जयंती ठाकोर और वीनू ठाकोर सहित पांच अन्य लोग क्रोधित हो गए और ठाकोर भाइयों को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और भाइयों को एक एंबुलेंस में मेहसाणा के सिविल अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी ने कहा कि भाइयों को गंभीर चोटें आईं और बाद में उन्हें अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने जसवंत को मृत घोषित कर दिया, जबकि अजीत का इलाज चल रहा है।

## अब बेंगलुरू में बनेंगे वंदे भारत रेलगाड़ी के पहिए

**नई दिल्ली।** यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण यूक्रेन से वंदे भारत रेलगाड़ी के पहिए का आयात प्रभावित होने के बाद रेलवे ने अब इन्हें बेंगलुरू में बनाने का फैसला किया है। वंदे भारत रेलगाड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंदीदा योजना है और रेलवे इसे तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ाना चाहता है। 128 पहियों की पहली खेप यूक्रेन से उसके पड़ोसी देश रोमानिया में सड़क मार्ग से पहुंचाई गई है और इस समय वहीं अटकी हुई है। इस खेप को मई के तीसरे सप्ताह तक हवाई जहाज के जरिए भारत लाने की उम्मीद है। यूक्रेन को कुल 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर में 36,000 पहियों का ऑर्डर दिया गया है। यूक्रेन में युद्ध के कारण विनिर्माण प्रभावित होने से अब बेंगलुरु के यलहंका स्थित रेलवे व्हील फैक्ट्री में दो वंदे भारत रेक के पहिए बनाए जाएंगे। वंदे भारत एक्सप्रेस के एक रेक में 16 डिब्बे होते हैं। रेलवे व्हील फैक्ट्री (आरडब्ल्यूएफ) ने इन पहियों के लिए जरूरी पुर्जों के लिए निविदा जारी की है और अगले दो-तीन महीनों में उत्पादन पूरा होने की उम्मीद है। रेल पहिया कारखाना इन पहियों के लिए एक्सल बनाती रही है। आयातित पहियों के एक्सल भी यहां बनाए गए हैं। रेलवे को रेलगाड़ियों के पहियों के आयात पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिलेगी। इस समय रेलवे 60-70 प्रतिशत पहियों का आयात करता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2022-23 में घोषणा की थी कि अगले तीन वर्षों में 400 नई वंदे भारत रेलगाड़ियों का विकास किया जाएगा।

## भारत में कोविड-19 के 3,545 नए मामले, 27 मरीजों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में बीते 24 घंटों में कोविड-19 के 3,545 नए मामले आने से देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,94,938 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 19,688 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 27 और लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,24,002 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल मामलों का 0.05 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर ठीक होने वाले संक्रमितों की दर 98.74 प्रतिशत आंकी गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर 0.76 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 0.79 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 31 की कमी दर्ज की गई है। वहीं, संक्रमण से उबरे लोगों की संख्या बढ़कर 4,25,51,248 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत दर्ज की गई है। संक्रमण से जिन 27 लोगों की मौत हुई है, उनमें 26 केरल से हैं। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देशभर में अब तक कोविड-19 रोधी टीकों की 189.81 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण से अब तक जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### देश के पूर्वी तट पर चक्रवात से निपटने की तैयारी

**भुवनेश्वर कोलकाता।** दक्षिणी अंडमान सागर के ऊपर शुक्रवार को निम्न दाब का क्षेत्र बनने से चक्रवाती तूफान आने के आसार हैं। इस तूफान के आंध प्रदेश और ओडिशा तट पर अगले सप्ताह की शुरुआत तक पहुंचने की आशंका है, जिसके मद्देनजर ओडिशा में चेतावनी जारी की गई है। इस समुद्री तूफान के आने से पूर्वी तटीय राज्यों में भारी बारिश होगी। मौसम विभाग के अधिकारी ने कहा कि दक्षिण अंडमान सागर और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ सकता है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने के आसार हैं, जिससे बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य में एक चक्रवाती तूफान उत्पन्न होगा। उन्होने कहा कि इसके 10 मई को तट पर पहुंचने की आशंका है। महापात्र ने कहा कि अभी तक कोई पूर्वानुमान नही लगाया गया है कि यह कहां सबसे पहले आएगा। महापात्र ने कहा, जब समुद्री तूफान तट के पास पहुंचता है, तो हम कह सकते हैं कि यह कहां टकराएगा। नौ मई से समुद्र की स्थिति खराब हो सकती है, इसलिए मछुआरों को बाहर नही जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अनुमान के मुताबिक चक्रवाती तूफान की गति समुद्र में 80-90 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। मौसम कार्यालय ने चक्रवाती तूफान की आशंका को देखते हुए अगले सप्ताह मंगलवार से शुक्रवार के बीच गंगा नदी के क्षत्र में आने वाले पश्चिम बंगाल के जिलों में बिजली गिरने और भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) पीके जेना ने कहा कि एनडीआरएफ की 17 टीम, ओडीआरएएफ की 20 टीम और दमकल सेवाओं की 175 टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अग्निशमन सेवा के महानिदेशक एसके उपाध्याय ने कहा कि दमकल कर्मियो के सभी अवकाश रद्द कर दिए गए हैं।

### केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने आईआईटी दिल्ली को सूखे गोबर से लट्ठे बनाने वाली मशीन सौंपी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने शुक्रवार को आईआईटी दिल्ली के प्रोजेक्ट अर्थ को सूखे गोबर से लट्ठे (लॉग) बनाने वाली एक गो काष्ठ मशीन सौंपी। इसका मकसद भारत में दाह संस्कार की हिंदू प्रथा के तहत लकड़ियों के स्थान पर गाय के गोबर से बनी लकड़ियों का इस्तेमाल करना है। आईआईटी-दिल्ली के प्रोजेक्ट अर्थ और ईएनएसीटीयूएस ने लकड़ी का विकल्प प्रदान करने की पहल की है जो जलने पर ज्यादा उत्सर्जन नही करता है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह मशीन प्रति दिन 3000 किलोग्राम गोबर का इस्तेमाल कर 1500 किलोग्राम गोबर के लट्ठे का उत्पादन कर सकती है। इस लकड़ी का इस्तेमाल 5 से 7 शवों के दाह-संस्कार के लिए सामान्य लकड़ी के स्थान पर किया जा सकता है और इस तरह हर दाह-संस्कार में जलाए जाने वाले करीब दो पेड़ों को बचाया जा सकता है। बयान में कहा गया है कि इससे गौशालाओं को हर महीने 1.5 लाख से लेकर 1.7 लाख किलोग्राम गोबर का निस्तारण करने में मदद मिलेगी। गोबर आधारित लट्ठे बनाने वाली यह मशीन गौशालाओ को अपने कचरे के निस्तारण की समस्या को दूर करने में सहायक होगी और जिस स्थान पर इस मशीन को लगाया जाएगा, वहां रहने वाले और आसपास के गांव के निवासियों के लिए यह रोजगार का एक अतिरिक्त स्रोत बनेगी। इसके साथ ही यह वनों की कटाई को कम करने में भी मदद करेगी। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विकास मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने प्रोजेक्ट अर्थ के छात्रों को गो काष्ठ मशीन सौंपी। बयान के अनुसार दूध देना बंद कर चुकी गायो को भी इस तरह की मशीनो से आर्थिक गतिविधि मे शामिल किया जा सकेगा और इस तरह गौशाला मे रहने वाली सभी गायो की देखभाल के लिए धन पैदा किया जा सकेगा।

### मेधावी छात्रों के लिए दो अतिरिक्त सीट होंगी : एआईसीटीई

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने शुक्रवार को घोषणा की कि उससे संबद्ध सभी तकनीकी संस्थान मेधावी छात्रो के लिए दो अतिरिक्त सीटों की व्यवस्था करेंगे। एआईसीटीई के बयान के अनुसार, ए सीटें परिषद के दिशानिर्देशो एवं नियमो के तहत प्रतिभाशाली छात्रों के लिए होंगी। दो अतिरिक्त सीट का प्रावधान करने का मकसद मेधावी छात्रो को सशक्त बनाना और ऐसे छात्रों को अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करने में मदद करना है। परिषद ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप शिक्षा प्रणाली मे रचनात्मकता, विविधता एवं नवाचार को बल प्रदान करने के लिए दो अतिरिक्त सीट की घोषणा की गई है। एआईसीटीई ने ऐसे छात्रो की पहचान करने के लिए मानदंडो को परिभाषित किया है। इसके तहत छात्र अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार विजेता हो, उसका शोधपत्र प्रकाशित हुआ हो। वह हैकाथन विजेता या वैश्विकबहुराष्ट्रीयागैर सरकारी संस्थान से नवाचार के लिए पोषित छात्र हो सकता है। इस योजना का जिक्र करते हुए एआईसीटीई के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि रचनात्मक कौशल से परिपूर्ण एवं प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान कर नवचार को बढ़ावा देने की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी और उपयुक्त माहौल के अभाव मे मेधावी छात्रो की प्रतिभा सामने नही आ पाती थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति मे भी कौशल विकास एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि ऐसे मे यह जरूरी है कि उच्च क्षमता वाले छात्रों की पहचान कर उन्हे उच्च शिक्षण संस्थानो मे अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

## हिप्र में पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा रद्द

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि प्रश्न पत्र लीक होने की खबरें सामने आने के बाद राज्य में मार्च में हुई पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा रद्द कर दी गई है। राज्य सरकार ने तीन साल में दूसरी बार कांस्टेबल भर्ती परीक्षा रद्द की है। अगस्त 2019 में, छह फर्जी परीक्षार्थियों के पकड़े जाने के बाद परीक्षा को अमान्य घोषित कर दिया गया था। हिमाचल प्रदेश पुलिस बल में ।,700 कांस्टेबल की भर्ती के लिए आवेदकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद 27 मार्च को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले की जांच राज्य के अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) को सौंपी गई है और पुलिस उप महानिरीक्षक मधु सूदन की अध्यक्षता में पांच सदस्ईय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत में नई लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।


चण्डीगढ़ में पंजाब विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू।

## अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा सस्ती सुलभ होनी चाहिएः वेंकैया नायडू

**चंडीगढ़।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को कहा कि अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा सभी के लिए सस्ती और सुलभ होनी चाहिए और रेखांकित किया कि देश के विकास को गति देने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली उत्प्रेरक है। नायडू यहां पंजाब विवि के 69वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा सभी के लिए सुलभ, सस्ती होनी चाहिए और किसी व्यक्ति के दृष्टिकोण, सामाजिक सामंजस्य और समावेशी राष्ट्रीय विकास में सकारात्मक परिवर्तन की ओर ले जाने वाली चाहिए। समाज में एकजुटता होनी चाहिए। यह छात्रों को शुरू से ही सिखाना चाहिए। हमें हमेशा शिक्षा की शक्ति का उपयोग करना चाहिए और युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा को उजागर करना चाहिए। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मौजूद थे। शिक्षा वास्तव में सबसे शक्तिशाली उत्प्रेरक है जो किसी देश के विकास की गति को बदल सकती है। यदि आप वास्तव में तेज गति से विकास चाहते हैं तो आपको देश को शिक्षित करने की जरूरत है।

नायडू ने कहा कि देश की 65 फीसदी आबादी 35 साल से कम और 50 फीसदी की उम्र 25 साल से कम है। अगर हम उन्हें सशक्त, शिक्षित, प्रबुद्ध और प्रोत्साहित करते हैं तो वे अपने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे और देश को दुनिया में उत्कृष्ट बनाएंगे। नायडू ने कहा कि नवाचार और अत्याधुनिक शोध के माध्यम से विश्वविद्यालयों को ज्ञान क्रांति में सबसे आगे होना चाहिए। भारत को कभी विश्वगुरु के रूप में जाना जाता था। दुनिया भर से छात्र यहां आते थे और पढ़ते थे। औपनिवेशिक शासन के कारण हमने अपनी गति खो दी और हमें एक ऐसी शिक्षा प्रणाली में पढ़ाया जाता है जो औपनिवेशिक शासन द्वारा अधिक प्रभावित होती है।

## हिंदू युवक की झूठी शान के लिए हत्या मामले में राज्यपाल ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने झूठी शान के लिए हत्या के एक संदिग्ध मामले में एक हिंदू युवक की उसकी मुस्लिम पत्नी के कथित रिश्तेदारों द्वारा हत्या मामले की शुक्रवार को राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। राजभवन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने जीएचएमसी इलाके के सरूरनगर में चार मई 2022 की रात बी. नागराजू की नृशंस हत्या के संबंध में विभिन्न मीडिया रिपोर्टों को देखा। विज्ञप्ति के अनुसार कथित तौर पर अंतरधार्मिक विवाह के कारण हुई इस हत्या के संबंध में राज्यपाल ने सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

इससे पहले पुलिस ने बताया था कि यह घटना बुधवार रात सरूरनगर में हुई जब पीड़ित दलित व्यक्ति नागराजू अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था। स्कूटर पर आए हमलावरों सैयद मोबिन अहमद और मोहम्मद मसूद अहमद ने उन दोनों को सड़क पर रोका और नागराजू पर पहले लोहे की छड़ से और उसके बाद चाकू से वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अनुसूचित जाति आयोग ने भी हैदराबाद पुलिस से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने तेलंगाना में कथित तौर पर झूठी शान के लिए हत्या के मामले में शुक्रवार को हैदराबाद पुलिस से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी। आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने एक ट्वीट कर कहा, तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और तेलंगाना के मुख्य सचिव (सीएस) कार्वाई की रिपोर्ट जल्द से जल्द आयोग को भेजें। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि यह घटना बुधवार रात सरूरनगर में हुई जब पीड़ित दलित व्यक्ति नागराजू अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था।

## कॉलेजियम ने नियुक्ति के लिए 15 नामों की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने दिल्ली, पटना और आंध्र प्रदेश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए केंद्र को 15 न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर शुक्रवार को अपलोड किए गए तीन अलग-अलग कॉलेजियम प्रस्तावों के मुताबिक दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए सात अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की गई है। इसी तरह पटना उच्च न्यायालय में भी सात न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाएगी, जिन्हें निचली अदालतों से पदोन्नत किया जाएगा। अगर केंद्र इस सिफारिश पर सहमत होता है तो एक वकील को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया जाएगा। दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के पदों के लिए जिन वकीलों के नाम प्रस्तावित किए गए हैं।

## चंपावत उपचुनाव में धामी के सामने कांग्रेस ने निर्मला गहतोड़ी को उतारा

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड की चंपावत सीट पर 31 मई को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने कांग्रेस ने निर्मला गहतोड़ी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चंपावत उपचुनाव के लिए निर्मला की उम्मीदवारी को स्वीकृति दी है।

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की तेज-तर्रार महिला नेताओं में शुमार की जाने वाली निर्मला का ताल्लुक ब्राह्मण समुदाय से है। वह करीब तीन दशक पहले शराब-विरोधी आंदोलन से सुर्खियों में आई थीं। वह कांग्रेस की चंपावत जिला अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य रही हैं। पूर्व की प्रदेश कांग्रेस सरकार में वह दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री भी थीं।

खटीमा सीट से पराजित होने के कारण धामी को मुख्यमंत्री बने रहने के लिए चंपावत सीट से उपचुनाव लड़ना पड़ रहा है। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 47 सीटों पर जीत हासिल कर दोबारा सरकार बनाने का इतिहास रचा था, लेकिन पार्टी का नेतृत्व करने वाले धामी स्वयं खटीमा सीट से हार गए थे।

उत्तराखंड फिर मांगेमोदी धामी की सरकार के नारे पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा ने धामी के नेतृत्व पर ही फिर भरोसा किया। हालांकि, धामी को मुख्यमंत्री बने रहने के लिए शपथ ग्रहण करने के छह माह के भीतर उपचुनाव लड़कर विधानसभा का सदस्य बनना होगा। धामी ने 23 मार्च को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। मुख्यमंत्री के उपचुनाव लड़ने का रास्ता साफ करने के लिए विधायक कैलाश गहतोड़ी ने 21 अप्रैल को चंपावत सीट से त्यागपत्र दे दिया था।

## सागरमाला कार्यक्रम के तहत 1,537 परियोजनाओं की पहचानः सोनेवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने सागरमाला कार्यक्रम के तहत 6.5 लाख करोड़ रुपए की 1,537 परियोजनाओं की पहचान की है। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने यह भी कहा कि सागरमाला कार्यक्रम के कारण ही प्रमुख बंदरगाहों पर कंटेनरों की उपलब्धता में लगने वाले समय में कमी आई है। सोनोवाल ने राष्ट्रीय सागरमाला शीर्ष समिति (एनएसएसी) की बैठक की अध्यक्षता के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सागरमाला कार्यक्रम के तहत लगभग 6.5 लाख करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर 1,537 परियोजनाओं की पहचान की गई है।

समिति की बैठक में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत अन्य शामिल हुए। सोनोवाल ने कहा कि तटीय जिलों के समग्र विकास के लिए 567 परियोजनाओं की पहचान की गई है। इसकी अनुमानित लागत 58,700 करोड़ रुपए है। सागरमाला कार्यक्रम का उद्देश्य 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा और संभावित नौगम्य जलमार्गों की 14,500 किलोमीटर की क्षमता का उपयोग करके देश में आर्थिक विकास को गति देना है। उन्होंने कहा कि बैठक में समिति ने सागरमाला कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा के साथ विभिन्न कार्यसूची पर विचार किए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सागरमाला कार्यक्रम के तहत 5.5 लाख करोड़ रुपए की 802 करोड़ रुपए की परियोजनाएं हैं, जिन्हें 2035 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

सोनोवाल ने कहा, इसमें से 99,281 करोड़ रुपए की 202 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। साथ ही पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) मॉडल के तहत 45,000 करोड़ रुपए की कुल 29 परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया जा चूका है। इससे राजकोष पर वित्तीय बोझ कम हुआ है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार 2.12 लाख करोड़ रुपए की 200 से अधिक परियोजनाओं पर काम चल रहा है और इनके दो साल में पूरा होने की उम्मीद है।

सोनोवाल ने कहा कि देश के प्रमुख बंदरगाहों पर कंटेनरों की उपलब्धता का औसत समय वित्त वर्ष 2021-22 में घटकर 27.22 घंटे रह गया, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 35.21 घंटे का था। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि भारत की लॉजिस्टिक लागत वर्तमान में लगभग 14 से 16 प्रतिशत है, जबकि चीन की लगभग 8 प्रतिशत है। वहीं यूरोपीय देशों के मामले में यह 12 प्रतिशत है। अगर हम अपनी लॉजिस्टिक लागत को आठ प्रतिशत तक कम करते है, तो इससे आर्थिक वृद्धि को गति देने में मदद मिलेगी।

# इजराइल में स्वतंत्रता दिवस पर हमला

**एपी। तेल अवीव**

- फलस्तीनी हमलावरों ने किया चाकू और कुल्हाड़ी से हमला
- हमले में तीन की मौत और चार गंभीर रूप से हुए घायल

**इजराइल** की राजधानी तेल अवीव के पास इलाद शहर में बृहस्पतिवार रात स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दो फलस्तीनी हमलावरों द्वारा चाकू और कुल्हाड़ी से किए गए हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह इजराइल में बीते डेढ़ महीने में अपने तरह की सातवीं घटना है, जिससे ऐसे हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 पर पहुंच गई है। अधिकारियों के मुताबिक, हमले के बाद दोनों हमलावर एक वाहन में सवार होकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने हमलावरों की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।

सड़क पर अवरोधक लगाए गए हैं और एक हेलीकॉप्टर भी तैनात किया गया है। शुक्रवार को इजराइली पुलिस और शिन बेट सुरक्षा सेवा ने दो संदिग्धों के नाम जारी किए, जिनकी पहचान 19 वर्षीय असद अल-रफानी और 20 साल के सबी अबू शाकिर के रूप में हुई है। दोनों वेस्ट बैंक के जेनिन क्षेत्र के निवासी हैं। जेनिन और उसके आसपास के क्षेत्रों में हाल के हफ्तों में इजराइली सेना की छापेमारी बढ़ी है। इलाके में इजराइली सैनिकों और फलस्तीनी उग्रवादियों के बीच हिंसक झड़पें भी देखी गई हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने बृहस्पतिवार देर रात वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद कहा, हम आतंकवादियों और उनके सहयोगियों को पकड़ लेंगे। उन्हें इस हमले की कीमत चुकानी होगी। गौरतलब है कि यरुशलम के संवेदनशील धार्मिक स्थल अल-अक्सा मस्जिद परिसर और उसके आसपास हाल ही में फलस्तीनियों के साथ इजराइल पुलिस की झड़प के बाद इजराइल-फलस्तीन के बीच तनाव बढ़ गया है।

अल-अक्सा मस्जिद को इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। यह यहूदियों का सबसे पवित्र स्थल भी है, जिसे समुदाय के लोग टेंपल माउंट कहकर पुकारते हैं। यह मस्जिद लंबे समय से इजराइल-फलस्तीन के बीच विवाद का केंद्र रही है। इजराइली मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि घटना में दो हमलावर शामिल थे और पुलिस अब भी उनकी तलाश में जुटी है। उन्होंने लोगों से प्रभावित इलाके में जाने से बचने और कोई भी संदिग्ध वाहन या व्यक्ति दिखने पर उसकी सूचना देने की अपील की है। इजराइल के रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज ने वेस्ट बैंक की सीमा को बंद करने का आदेश दिया है, ताकि फलस्तीनी नागरिक इजराइल में प्रवेश न कर पाएं। यह आदेश रविवार तक प्रभावी रहेगा और इसे स्वतंत्रता दिवस की छुट्टियां शुरू होने से पहले ही जारी कर दिया गया था।

इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी इलाद में हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। ब्लिंकन ने एक बयान जारी कर कहा, यह मासूम महिलाओं और पुरुषों को निशाना बनाकर किया गया एक भयावह हमला है और काफी जघन्य भी है, क्योंकि यह ऐसे समय में किया गया है, जब इजराइल अपना स्वतंत्रता दिवस मना रहा था। उन्होंने कहा, हम अपने इजराइली दोस्तों और साझेदारों के संपर्क में हैं। हम उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं।

# पाकिस्तान ने की जम्मू-कश्मीर में गठित परिसीमन आयोग की रिपोर्ट खारिज

**भाषा। इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्रालय ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी को तलब किया और उन्हें जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत द्वारा गठित परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को स्पष्ट रूप से अस्वीकार किए जाने की जानकारी दी। भारत सरकार ने परिसीमन आयोग को जम्मू-कश्मरीर के विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने का काम सौंपा है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई की अध्यक्षता में तीन सदस्ईय आयोग ने बृहस्पतिवार को केंद्र-शासित प्रदेश की विधानसभा सीटों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने से जुड़ी अपनी अंतिम रिपोर्ट पर दस्तखत किए। जम्मू-कश्मीर में परिसीमन आयोग का गठन मार्च 2020 में किया गया था। आयोग ने बृहस्पतिवार को अधिसूचित अपनी अंतिम रिपोर्ट में जम्मू क्षेत्र को छह, जबकि कश्मीर घाटी को एक अतिरिक्त विधानसभा सीट दी है। इसके बाद 90 सदस्ईय विधानसभा में जम्मू संभाग की 43 और कश्मीर की 47 सीटें होंगी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भारतीय दूतावास के अधिकारी को तलब किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि भारतीय राजनयिक से कहा गया कि परिसीमन आयोग का मकसद जम्मू-कश्मीर की मुस्लिम बहुसंख्यक आबादी को बेदखल करना और कमजोर बनाना है।

बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर पर बने तथाकथित परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को खारिज करता है। बयान के अनुसार, भारतीय पक्ष से कहा गया कि यह पूरी कवायद हास्यास्पद थी और जम्मू-कश्मीर में सभी राजनीतिक दलों ने इसे पहले ही खारिज कर दिया था, क्योंकि इस कदम के जरिए भारत केवल पांच अगस्त 2019 के अपने अवैध कृत्य को वैध बनाना चाहता था। गौरतलब है कि भारत ने अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया था, जिसका पाकिस्तान ने कड़ा विरोध किया था। उसने इस्लामाबाद में तैनात भारतीय उच्चायुक्त को भी निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद से ही दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध तनावपूर्ण हैं। वहीं, भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्पष्ट रूप से कहा है कि देश की संसद द्वारा 2019 में अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करना उसका आंतरिक मामला है।

# फ्रांस में वामपंथी दल मैक्रों के खिलाफ हुए एकजुट

**एपी। पेरिस**

**फ्रांस** में लंबे समय से विभाजित वामपंथी दल आगामी संसदीय चुनाव में एकजुट नजर आएंगे। सोशलिस्ट पार्टी ने बृहस्पतिवार देर रात वामपंथियों के एक नए गठबंधन में शामिल होने के लिए सहमति व्यक्त की। इन दलों की यह घोषणा नीतिगत निर्णय लेने में मध्यमार्गी इमैनुएल मैक्रों की शक्ति को सीमित करने की कवायद नजर आती है जो दूसरी बार देश के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। सोशलिस्ट्स, ग्रीन्स, कम्युनिस्ट पार्टी और धुर वामपंथी नेता जीन लुक मेलेनचॉन की फ्रांस अनबोर्ड पार्टी के बीच यह गठबंधन जून में होने वाले नेशनल असेंबली चुनाव में मैक्रों को चुनौती देगा। फ्रांस के राष्ट्रपति चुनाव में मैक्रों को जहां दोबारा जीत मिली, वहीं जीन लुक मेलेनचॉन तीसरे स्थान पर रहे थे। वामपंथी दलों ने 577 विधाई जिलों में एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार न उतारने पर सहमति व्यक्त की है और अपने बीच लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक तथा व्यक्तिगत मतभेदों को दरकिनार कर दिया है। मेलेनचॉन के प्रति समर्थन व्यक्त कर इन वामपंथी दलों ने मैक्रों को संसदीय बहुमत से वंचित करने के प्रयासों का संकेत दिया है जिससे कि नीतिगत निर्णयों में उनकी शक्ति सीमित हो जाए। सोशलिस्ट नेता ओलिवियर फॉरे ने गठबंधन के बारे में घोषणा करते हुए कहा, "हम एक साथ प्रचार करने जा रहे हैं" उन्होंने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय समिति ने गठबंधन में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार रात मतदान किया था।

## छह भारतीयों को किया गया गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश के आरोप में छह भारतीय नागरिकों को अमेरिकी अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की उम्र 19 से 21 वर्ष के बीच बताई जा रही है। ए सभी लोग एक नौका में सवार थे। इस मामले को मानव तस्करी से जोड़कर देखा जा रहा है। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग ने बृहस्पतिवार को एक बयान जारी कर कहा कि सेंट रेजिस मोहॉक ट्राइबल पुलिस डिपार्टमेंट, अक्वेस्ने मोहॉक पुलिस सर्विस और होगन्सबर्ग-अक्वेस्ने वालंटियर फायर डिपार्टमेंट की सहायता से अमेरिकी अधिकारियों ने मसेना सीमा गश्ती स्टेशन से सात लोगों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार किए गए लोगों में से छह भारत के नागरिक हैं और उनकी उम्र 19 से 21 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

# स्थानीय चुनाव में जॉनसन की पार्टी की कई जगह हार

**भाषा। लंदन**

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के नेतृत्व वाली कंजरवेटिव पार्टी को शुक्रवार को स्थानीय चुनाव में कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर हार का सामना करना पड़ा, जबकि उसके पारंपरिक गढ़ में विपक्षी लेबर पार्टी ने कई महत्वपूर्ण जगहों पर जीत दर्ज की है। लेबर नेता सर कीर स्टारमर ने कहा कि लंदन में वेस्टमिंस्टर, वैंड्सवर्थ और बार्नेट की परिषदों को हथियाने के बाद उनकी पार्टी अगले आम चुनाव में सफल होने के लिए एक "निर्णायक मोड़ै पर पहुंच गई है। वर्ष 1964 में स्थापना के बाद से ही कंजर्वेटिव पार्टी का लंदन के मध्य में स्थित वेस्टमिंस्टर परिषद और 1978 से दक्षिण लंदन स्थित वैंड्सवर्थ परिषद पर कब्जा था। स्टारमर ने बृहस्पतिवार को बार्नेट के दौरे के दौरान कहा, "यह एक निर्णायक मोड़ है। 2019 के आम चुनाव के बाद से हम वापस पटरी पर हैं। हमने प्रधानमंत्री को एक संदेश भेजा है कि ब्रिटेन बेहतर का हकदार है" हालांकि,



लंदन के एक स्कूल में पहुंचे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्वीन की ड्राइंग का पोर्ट्रेट दिखाते हुए

शुरुआती नतीजों और रुझानों के मुताबिक, शेष इंग्लैंड के लिए तस्वीर मिली-जुली नजर आ रही है। कंजरवेटिव पार्टी के सह-अध्यक्ष ओलिवर डाउडेन ने बीबीसी से कहा, "हमें कुछ कठिन परिणाम देखने को मिले हैं और हम इसे लंदन में देख सकते हैं... लेकिन इससे यह प्रदर्शित नहीं होता कि लेबर पार्टी के पास अगली सरकार बनाने की ताकत है"

बृहस्पतिवार को इंग्लैंड की 140, स्कॉटलैंड में 32 और वेल्स की 22 परिषदों के लिए चुनाव हुआ था। यह चुनाव अधिकांशत: स्थानीय मुद्दों पर होता है, लेकिन वेस्टमिंस्टर में ब्रिटेन सरकार की राजनीति का मतदाताओं की पसंद पर कुछ असर जरूर पड़ता है। लंदन के बाहर, लेबर पार्टी ने साउथेम्प्टन में जीत दर्ज की है। नया कंबरलैंड प्राधिकरण भी इसकी झोली में आ गया है लेकिन लिबरल डेमोक्रेट्स ने किंग्स्टन-अपॉन-हल को 11 साल बाद लेबर पार्टी से छीन लिया। लिबरल डेमोक्रेटिक नेता एड डेवी ने अपनी पार्टी के लिए "काफी आशाजनकै परिणामों का स्वागत किया। परिणाम अभी भी आ रहे हैं और इंग्लैंड, स्कॉटलैंड तथा वेल्स की सभी सीट पर चुनाव परिणाम की घोषणा शुक्रवार शाम तक होने की उम्मीद है। उत्तरी आयरलैंड के परिणाम शनिवार तक आने की उम्मीद है जिसने अपनी 90 सदस्ईय असेंबली के लिए मतदान किया था।

# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 867 अंक टूटा

**भाषा। मुंबई**

**दुनिया** भर में केंद्रीय बैंकों के सख्ती के चलते वैश्विक बाजारों में बिकवाली के बीच शुक्रवार को प्रमुख शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 866.65 अंक टूटकर 55,000 के नीचे बंद हुआ। विदेशी कोषों के लगातार बाजार से पैसा निकालने, कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती और रुपए की विनिमय दर में गिरावट से भी बाजार की धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 866.65 अंक या 1.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54,835.58 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में एक वक्त सेंसेक्स ।,115.48 अंक या दो प्रतिशत की गिरावट के साथ 54,586.75 पर पहुंच गया था। इसी तरह एनएसई निफ्टी 271.40 अंक या 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,411.25 पर बंद हुआ। सेंसेक्स शेयरों में बजाज फाइनेंस सर्वाधिक 4.91 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, नेस्ले, विप्रो, एचडीएफसी, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी ओर टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, आईटीसी, एसबीआई और एनटीपीसी में 2.21 प्रतिशत तक कर तेजी रही। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 2,225.29 अंक या 3.89 प्रतिशत टूटा, जबकि निफ्टी में 691.30 अंक या 4.04 प्रतिशत की गिरावट हुई। व्यापक बाजारों में बीएसई स्मॉलकैप 2.10 प्रतिशत और मिडकैप 2.06 प्रतिशत कमजोर हुए। बीएसई के ज्यादातर क्षेत्रवार सूचकांक गिरकर बंद हुए। इस दौरान रियल्टी 3.53 प्रतिशत, धातु 3.10 प्रतिशत, बुनियादी पदार्थ 2.80 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं 2.41 प्रतिशत और आईटी 2.27 प्रतिशत टूटे। उपयोगी सेवाओं और बिजली क्षेत्र में तेजी हुई।इस दौरान कुल 2,519 शेयर कमजोर हुए, 835 शेयर बढ़े और 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। यूरोप में प्रमुख शेयर बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजारों में भी बृहस्पतिवार को गिरावट रही। हेम सिक्योरिटीज के प्रमुख (पीएमएस) मोहित निगम ने कहा, एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक के बाद बुधवार को अमेरिकी बाजारों में एक राहत भरी तेजी देखी गई, लेकिन बढ़ती ब्याज दरों पर चिंता के कारण बृहस्पतिवार को यह रुख बदल गया। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को बढ़ाने का फैसला किया था। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ब्याज दरों में बढ़ोतरी के साथ ही बिकवाली के दबाव से वैश्विक बाजार गिरने लगे। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने अपनी ब्याज दरों में वृद्धि करते हुए, मंदी के संभावित जोखिम के बारे में चेतावनी दी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.20 फीसदी चढ़कर 113.3 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 57 पैसे टूटकर 76.92 (अस्थाई) पर पहुंच गई। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 2,074.74 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## निवेशकों को 4.47 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारो मे कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार मे शुक्रवार को आई बड़ी गिरावट से निवेशको को 4.47 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। तीस शेयरो पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 866.65 अंक यानी 1.56 प्रतिशत लुढ़क कर 54,835.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,115.48 अंक नीचे चला गया था। बाजारो मे गिरावट से बीएसई मे सूचीबद्ध कंपनियो का बाजार पूंजीकरण 4,47,172.57 करोड़ रुपए घटकर 2,55,17,716.80 करोड़ रुपए पर आ गया।

# एलआईसी आईपीओ: खुदरा हिस्से को पूरा अभिदान मिला

**भाषा। नई दिल्ली**

**सार्वजनिक** क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के खुदरा हिस्से को बोली के तीसरे दिन शुक्रवार को पहले ही घंटे में शत-प्रतिशत अभिदान मिल गया।शेयर बाजारों पर शुक्रवार सुबह 11 बजकर 36 मिनट तक के आंकड़ों के मुताबिक खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित 6.9 करोड़ शेयर की श्रेणी में 7.2 करोड़ से अधिक बोलियां मिलीं। इस तरह इस श्रेणी को पूरा अभिदान मिला है। वहीं, पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) और गैर-संस्थागत खरीदारों वाले हिस्से के लिए अबतक कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली है। क्यूआईबी वाले हिस्से को 40 प्रतिशत और गैर-संस्थागत खरीदारों के हिस्से को 50 प्रतिशत अभिदान मिला। वहीं पॉलिसीधारकों वाले हिस्से को तीन गुना से अधिक अभिदान मिला, जबकि कर्मचारियों के लिए आरक्षित हिस्से को करीब ढाई गुना अभिदान प्राप्त हुआ। कुल मिलाकर आईपीओ के 16,20,78,067 निर्गम के लिए 17,98,42,980 बोलियां प्राप्त हुईं। कंपनी का आईपीओ बुधवार को खुदरा और संस्थागत निवेशकों के लिए खुला और यह नौ मई को बंद होगा। सरकार को एलआईसी के आईपीओ से 21,000 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद है। वह एलआईसी में अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 902 से 949 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। यह आईपीओ बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में है और इसके जरिए सरकार 22.13 करोड़ शेयर बेचना चाहती है। कंपनी के शेयर 17 मई को सूचीबद्ध हो सकते हैं।

## रिलायंस जियो का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में बढ़ा

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस जियो का शुद्ध लाभ मार्च 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में करीब 24 प्रतिशत बढ़कर 4,173 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 3,360 करोड़ रुपए था।

# एल एंड टी इंफोटेक, माइंडट्री ने की विलय की घोषणा

**भाषा। मुंबई**

**एल एंड** टी इंफोटेक और माइंडट्री ने शुक्रवार को विलय की घोषणा की। इस विलय से एक बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी अस्तित्व में आएगी जिसका राजस्व संयुक्त रूप से 3.5 अरब डॉलर होगा। एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि विलय के बाद बनने वाली कंपनी का नाम एलटीआई माइंडट्री रखा जाएगा। पूरी तरह से शेयर आधारित सौदे में माइंडट्री के प्रत्एक 100 शेयरों के लिए एल एंड टी इंफोटेक के 73 शेयर जारी किए जाएंगे। बयान के अनुसार, विलय पूरा होने के बाद माइंडट्री के सभी शेयरधारकों को प्रत्एक 100 शेयरों के लिए एलटीआई के 73 शेयर जारी किए जाएंगे। इस तरह जारी किए गए एलटीआई के नए शेयरों का कारोबार एनएसई और बीएसई पर होगा। विलय के बाद लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड समूह के पास एलटीआई में इस तरह जारी किए गए एलटीआई के नए शेयरों का कारोबार एनएसई और बीएसई पर होगा। विलय के बाद लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड समूह के पास एलटीआई में 68.73 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। बयान में कहा गया कि यह विलय हालांकि अभी शेयरधारकों और नियामक की मंजूरी के अधीन है। एलटीआई के चेयरमैन एएम नाइक ने कहा, एलटीआई और माइंडट्री का कारोबार एक दूसरे के पूरक है। ऐसे में यह विलय हमारे ग्राहकों, निवेशकों, शेयरधारकों और कर्मचारियों के लिए काफी फायदा का सौदा होगा। विलय के बारे में विस्तार से बताते हुए नाइक ने संवाददाताओं से कहा कि डीसी चटर्जी विलय वाली कंपनी की कमान संभालेंगे। वहीं एलटीआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजय जलोना ने निजी कारणों का हवाला देते हुए कंपनी से इस्तीफा दे दिया है।

## रुपया 57 पैसे टूटकर 76.92 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशों में डॉलर के मजबूत होने के साथ अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 57 पैसे टूटकर 76.92 रुपए (अस्थाई आंकड़ा) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.61 के भाव पर कमजोर खुला। कारोबार के दौरान इसमें 76.56 से 76.96 रुपए के दायरे में उतार-चढ़ाव हुआ। कारोबार के अंत में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 57 पैसे की गिरावट के साथ 76.92 के भाव पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया 76.35 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 2.31 प्रतिशत बढ़कर 113.46 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.30 प्रतिशत घटकर 103.44 रह गया। घरेलू शेयर बाजारों में तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 866.65 अंक की गिरावट के साथ 54,835.58 अंक पर बंद हुआ।

# ब्रिटेन में भारतीय कंपनियों का राजस्व बढ़ा, रोजगार सृजित किए

**भाषा। लंदन**

**ब्रिटेन** में भारतीय लोगों के स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या पिछले साल 850 से बढ़कर 900 हो गई और इसके साथ ही उनका राजस्व भी बढ़ा है तथा रोजगार सृजन भी हुआ है। एक शोध में यह जानकारी दी गई। बृहस्पतिवार को, 2022 इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर नाम का शोध जारी किया गया। इसमें बताया गया कि इन कंपनियों ने ।,41,005 लोगों को रोजगार दिया जो 2021 के रोजगार आंकड़े ।,16,046 के मुकाबले अधिक है। वहीं इन कंपनियों का संयुक्त राजस्व भी 54.4 अरब पाउंड रहा है जो पिछले वर्ष के आंकड़े 50.8 अरब पाउंड से ज्यादा है। ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग में निवेश मंत्री लॉर्ड गैरी ग्रिम्स्टोन ने कहा, भारत एक बहुत ही विशेष स्थल है और उसकी वृद्धि भी उल्लेखनीय रही है। आत्मविश्वास से भरे और बढ़ते भारत ने दुनिया और निश्चित ही ब्रिटेन को फायदा पहुंचाया है। हमारे संबंधों की व्याख्या हमारे लोग, हमारे परस्पर निवेश और परस्पर व्यापार करते हैं। बीते पांच साल में ब्रिटेन में भारतीयों का निवेश चौगुना हो गया है। हमारा अनुमान है कि इससे हमारे देश में पांच लाख लोगों को रोजगार मिला है। ग्रिम्स्टोन ने भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत के बारे में कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा समझौता होगा।

ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारतीय कारोबारियों के योगदान का विश्लेषण करने के लिए पेशेवर सेवा कंपनी ग्रांट थॉर्नटन और उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) हर साल यह रिपोर्ट जारी करते हैं। यह इसका नौंवा संस्करण है। इसमें, ब्रिटेन में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली भारतीय कंपनियों की जानकारी भी दी जाती है जिनका कारोबार 50 लाख पाउंड से अधिक होता है तथा सालाना आधार पर राजस्व वृद्धि कम से कम 10 फीसदी होती है। 2022 के लिए 37 कंपनियां इन मानकों पर खरी उतरीं जिनकी औसत वृद्धि दर 38 फीसदी से अधिक थी। इनमें सर्वाधिक 248 फीसदी वृद्धि एमएसएसएल (जीबी) लिमिटेड की रही और उसे इस साल का ट्रेकर पुरस्कार दिया गया। यह कंपनी मदरसन सुमी समूह का हिस्सा है। ग्रांथ थॉर्नटन यूके में साझेदार और दक्षिण एशिया कारोबारी समूह के प्रमुख अनुज चांदे ने कहा, बीते 12 महीने सभी कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण रहे। हमारा हालिया शोध बताता है कि ब्रिटेन में काम करने वाली भारतीय कंपनियों की संख्या बढ़ गई है और कई की तेज वृद्धि दर कायम रही है।

Public Notice

This is to inform general public that Mrs. Deepshikha Yadav & Mr. Gaurav Yadav are the owners of Industrial land adm. 12441.85 sq. mtrs bearing Khasra No. 19/11/2(0-10), 12/1(6-4), 19/2(6-4), 20/1(1-8), 21/2/2/2 (1-8), 22/1(6-4), 26//1/2/1/2 (0-4), 2/1/1/1(2-10) in the revenue estate of village Kapriwas, Sub Tehsil Dharuhera Distt. Rewari vide Sale Deed dated 19.10.2020. Mrs. Deepshikha Yadav & Mr. Gaurav Yadav have misplaced the below mentioned document. **a.** Original Transfer Deed dated 04/10/2019 executed by Mr. Suresh in favour of his wife Mrs. Gauri Yadhuvanshi in respect of the said property. Anyone who find the above said document shall handover the same to the Manager of Kotak Mahindra Bank Ltd. having its office at 6th floor Ambadeep Office Connaught Place, New Delhi 110001. Now, Mrs. Deepshikha Yadav & Mr. Gaurav Yadav are availing loan on this property from Kotak Mahindra Bank Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 10 days of this publication to **Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).**

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that **Anita Jain** "Seller/s" claims to be owner and in possession of **Entire Third Floor without Roof Rights of property No. WZ-237, Plot of land bearing No. 18, comprised in Khewat Nos. 267/769/771/773 Khasra No.1599, in Inder Park situated in Village Naraina Tehsil and District Delhi** by virtue of Sale Deed Dated 18.09.2013 executed by **Amarjeet Singh, Thakur Singh (Legal Heirs of Late Gurcharan Singh)** and said Anita Jain has agreed to sell the said property to **Anil Kalra & Rani Kalra** and said **Anil Kalra & Rani Kalra** has agreed to create mortgage of the said Property in favour of our client, **IDFC First Bank Limited,** having its office at ITO. All person/s /Institution/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan** (Advocate)
For Diwan and Company LLP, Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex, N. Delhi-110019

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) FORCE TTFBP FORCE UP16ET5742- YOM 2017
MINIMUM RESERVE PRICE 471217.5
2) FORCE TTFBP FORCE UP16GT7962- YOM 2020
MINIMUM RESERVE PRICE 840903.93
3) FORCE TTFBP FORCE UP16DT1585- YOM 2015
MINIMUM RESERVE PRICE 364050.45
4) FORCETTFB FORCE DL1VC2104 - YOM 2014
MINIMUM RESERVE PRICE 288574.65
5) FORCETTFB DL1VC2247 - YOM 2015
MINIMUM RESERVE PRICE 240479.28
6) FORCETTFB HR58B7576- YOM 2015
MINIMUM RESERVE PRICE 350412.48
7) CB_MAHINDRA_FURIO_11_ FULLY_BUILT UP14HT8805-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 897787.8
8) CB_SML SARTAJ UP15DT7330-YOM 2018
MINIMUM RESERVE PRICE 496142.01
9) TATA MOTOR LPT 2518 UK17CA2506- YOM 2012
MINIMUM RESERVE PRICE 159426.63
10) BOLERO_MUV UP14JT5634- YOM 2020
MINIMUM RESERVE PRICE 346057.92
11) CB_TATA LPS 3518 FULLY BUILT TRAILER HR38S3571 -YOM 2012
MINIMUM RESERVE PRICE 555984
12) EICHER 10.95 UP14GT3720- YOM 2017
MINIMUM RESERVE PRICE 410841.72
13) TLPT1109FB UP14HT 7369- YOM 2017
MINIMUM RESERVE PRICE 748307.97
14) SM_SAMRAT UP14JT0863- YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 629826.03
15) PRO_2110 EICHR_VECV HR38AB3917- YOM 2021
MINIMUM RESERVE PRICE 1012500
16) TATAMOTORSLPT709CHP DL1LAC5022- YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 660388.5
17) TATA MOTORS LTD. - CB_ TATA LPT 909 DL1M9283- YOM 2017
MINIMUM RESERVE PRICE 481530.6
18) CB_TATA XENON HR55AG3807- YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 368188.2
19) TATAL_3118 HR38AB2418 / HR38AB9053 / HR38AB2313/ HR38AB7340/ HR38AB8548- YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 1057500 (PER VEHICLE)

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 23.05.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL-rajesh.antil@kotak.com

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Credit Company Limited that Mr. Naveen Sharma is owner of Property bearing no. D-7/25, area measuring 152 sq., Yds., out of Khasra No. 304/1 etc., Situated in the area of Village Mustafabad, in the abadi of Dayal Puri, Illaqa Shahdara, Delhi. (the said property), Vide a Relinquishment deed dated 05.09.2019 registration No. 1704, executed by Mr. Nisha Puri & Mr. Pankaj Sharma, legal heirs of late Mrs. Raj Kumari & Mr. Bal Kishan Sharma, has lost / misplaced SMC certificate stating legal heirs of late. Mrs. Raj Kumari & Mr. Bal Kishan Sharma, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to the general public that I, Ishan Singh Sidhu S/o Bhartender Singh Sidhu is bonafide owner of Property No. DDA Janta Flat no. J4/55 A Kalkaji, Phase-II, New Delhi - 110019 vide no. F-31(710)/74/HB(M)I, Delhi and I have Lost/Misplaced the Original Possession Slip of the said property. If anybody finds these documents, please inform me at the following property or vide Telephone No. 9818676564. If any other claimant has any right in the aforesaid property, he/she/ they should file an FIR and give intimation to Dy. Director/Janta, 2nd Floor, DDA, Vikas Sadan, INA, New Delhi-23 within **10 Days** from the date of issue of this notice.

**Ishan Singh Sidhu**
S/o Bhartender Singh Sidhu R/O, DDA Janta Flat no. 34/55 A Kalkaji, Phase-II, New Delhi.

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती केशी बेरवा ने बस्ती नारियाल वाली, मॉडल बस्ती के पास, शिदी पुरा नई दिल्ली में स्थित आवासीय संपत्ति नगर निगम संख्या 956, एरिया परिमाप 68.74 वर्ग मीटर, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 09.02.2010 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती केशी बेरवा उपरोक्त संपत्ति को रानी रति पत्नी लेफ्टिनेंट श्री राजेश शर्मा से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीदी थी। आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

That my client Sanjay Malik S/o Sh Pratap Singh Malik R/o H.No.744 Sector-9 Faridabad hereby inform to the general public that his parents are in there oldage and both are above 90 years old and not able to take decision due to Alzheimer.

He therefore awares the general public that any transaction done in his absence with his parents regarding immovable and movable property will be treated as null and void.

**Ashish Arora, Advocate**
Ch.No. 153, Distt. Court, Sec. 12, Faridabad

# मंत्रियों ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मण्डल और जनपद स्तर पर कराये जा रहे विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के दिये निर्देश, मंत्री अनिल राजभर अरूण कुमार सक्सेना और के पी मलिक ने संयुक्त रूप से की बैठक**



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**कैबिनेट** मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग अनिल राजभर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अरूण कुमार सक्सेना एवं राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के पी मलिक ने शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रयागराज मण्डल तथा जनपद में विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। मण्डलायुक्त संजय गोयल ने मंत्रियों को मण्डल में चल रही योजनाओं विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आईजी डा राकेश सिंह ने मण्डल की कानून व्यवस्था सम्बंधी जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने जनपद के विकास कार्यों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पांडेय ने जनपद की कानून व्यवस्था के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी। मंत्रियों ने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मण्डल एवं जनपद स्तर पर जो भी विकास के कार्य चल रहे हैं। उनको गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा कराये तथा संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को शत.प्रतिशत लाभान्वित करायें। मंत्रियों ने प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप विभिन्न विभागों के द्वारा सौ दिनों की बनायी गयी कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली तथा अधिकारियों को उसी के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के लिए कहा। मंत्री ने जनपद में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा बाढ़ से निपटने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को बाढ़ से निपटने का हल निकालने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए शासन स्तर से संसाधनों एवं बजट की कोई कमी नहीं रहेगी। मंत्रियों ने बिजली के बिल और विद्युत कटौती सम्बंधी आ रही शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि उपभोक्ताओं के यहां पर गलत बिल भेज दिए जाते है। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंत्रियों ने सम्बंधित अधिकारियों को गलत बिल से सम्बंधित जो शिकायतें मण्डल एवं जनपद स्तर पर प्राप्त हो रही है। उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए कहा है साथ ही अधिकारियों को यह हिदायत भी दी कि उपभोक्ताओं के पास गलत बिल न भेजा जाए। इसके लिए जो भी जिम्मेदार लोग हैं उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। लोकल फाल्ट से सम्बंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराये जाने के लिए कहा है। जल निगम के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या को लेकर आ रही शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि गांवों में जो हैण्डपम्प लगे हुए हैं वे क्रियाशील अवस्था में हो तथा खराब हैण्ड पम्पों की तत्काल रिबोरिंग कराकर पानी से सम्बंधित समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करायें। नगर निगम सीमा में शामिल नए क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं जल्द से जल्द उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। कहा कि नए क्षेत्रों का भी उसी तरह से विकास होना चाहिए। जैसे नगर क्षेत्र में पहले से शामिल क्षेत्रों में हुआ है। इसी तरह से नई नगर पंचायतें को भी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। मंत्री ने तैयार हो चुके ग्राम सचिवालयों में कनेक्टीविटी जल्द से जल्द उपलब्ध करायी जाये। कहीं पर कनेक्टिविटी के कार्यों में देरी न की जाये नहीं तो संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। मंत्रियों ने ग्राम सचिवालयों में जो कार्य शेष रह गया है। उसे जल्द से जल्द पूरा करायें जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी आदि उपस्थित रहे। इसके बाद मंत्रीगणों ने बेली अस्पताल का निरीक्षण किया। कावेरी ब्लाक में बच्चों के लिए बनाये गए पीआईसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। मंत्री ने ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों से ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन उपस्थित रहे।

# रामपुर में सड़क हादसा छह मरे, चार लोग घायल

**भाषा।** रामपुर

**उत्तर** प्रदेश के रामपुर जिले के अजीम नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मुरादाबाद की ओर से तेज रफ्तार से आ रही इनोवा कार अजीम नगर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पहले बिजली के खंभे से भिड़ी और फिर पेड़ से जा टकराई। उन्होंने बताया कि गाड़ी में 11 लोग सवार थे। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे में एक बच्चा सुरक्षित बच गया है। ये लोग मुरादाबाद जिले के निवासी हैं और एक शादी समारोह में शामिल होने रामपुर आ रहे थे। पुलिस के अनुसार सभी लोग मुरादाबाद के थाना दिलारी इलाके के एक ही गांव रहटा माफी के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि मृतकों में विनीत (30) , राजेश (45), ऋषभ (28), आकाश सक्सेना (29), विवेक चौहान (20), सौरभ (31) शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार ने बताया कि मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

# कार की टक्कर से दो लोगों की जान गई, चार घायल

**प्रतापगढ़ ।** जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर थाना उदयपुर क्षेत्र के परानीपुर मोड़ के निकट एक कार की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राहुल मिश्रा ने बताया कि शैलेश कोरी (20), उनकी सास निर्मला देवी (55) बृहस्पतिवार शाम मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। अठेहा परशदेपुर मार्ग पर परानीपुर मोड़ के निकट रायबरेली कि तरफ से आ रही एक कार उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए खड्ढे में पलट गई। उन्होंने बताया कि टक्कर से शैलेश कोरी और उनकी सास निर्मला देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस का इंतजार कर रहे अजय और उसकी बहन रिंकी निर्मल और कार चालक बृजेंद्र एवं सुनील सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है, वह शराब के नशे में था।

# सगे भाई की हत्या में दो को उम्रकैद

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले की एक अदालत ने अपने सगे भाई की हत्या के दोषी दो लोगों को उम्रकैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वजीरगंज के रमईपुर गांव निवासी वीरे राजभर ने नौ जुलाई 2020 को स्थानीय थाने पर अपने बेटे की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर के मुताबिक आठ जुलाई 2020 को राम संवारे और गोली नामक व्यक्तियों की अपने ही सगे भाई नानबाबू से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। थोड़ी देर बाद विवाद मारपीट में बदल गया। पिटाई के कारण नानबाबू की मौके पर ही मौत हो गई। हत्यारों ने शव को प्लास्टिक की बोरी में भरकर छिपा दिया था। पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कराया और दोनों भाइयों को जेल भेज दिया था। अपर सत्र न्यायाधीश दीनानाथ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बृहस्पतिवार को राम संवारे और गोली को अपने भाई की हत्या कर साक्ष्य छुपाने का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 5050 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

**बलिया में किशोरी से बलात्कार के आरोपी को दस साल की सजा:** बलिया जिले की एक स्थानीय अदालत ने रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक किशोरी से बलात्कार के तीन वर्ष पुराने मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश पाठक ने शुक्रवार को बताया कि जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी से उसके ही गांव के रमेश राजभर ने शादी का झांसा देकर 22 अप्रैल 2019 को बलात्कार किया था। किशोरी के पिता की शिकायत पर रसड़ा कोतवाली में भारतीय दंड संहिता एवं यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत राजभर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश ओंकार शुक्ला ने बृहस्पतिवार को अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद रमेश राजभर को दोषी करार देते हुए दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 40 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

**भदोही के कालीन कारख़ाने से दस बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया:** भदोही में श्रम प्रवर्तन अधिकारी और पुलिस की मानव तस्करी निरोधी इकाई की टीम ने संयुक्त रूप से शहर कोतवाली इलाके में एक कालीन कारखाने पर बृहस्पतिवार को छापा मार कर वहां से दस बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रतिमा मौर्या ने बताया कि मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र 10 से 12 साल के बीच है और यह सभी बिहार के अररिया जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि मुक्त कराए गए बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष पी. सी. उपाध्याय के सामने पेश किया गया और सभी की मेडिकल जांच के बाद चाइल्ड लाइन के सुपुर्द करने की प्रक्रिया चल रही है। मौर्या ने बताया कि छापे के व2392ीत कारखाना संचालक फरार होने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में जल्दी ही मामला दर्ज कराया जाएगा।

# ताज नगरी के वासियों को जल्द मिलेगी मेट्रो की सौगातः केशव



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को जनपद आगरा की यात्रा के दौरान मेट्रो रेल परियोजना का निरीक्षण किया और कहा कि सरकार का प्रयास है कि आगरावासियों को जल्द से जल्द मेट्रो रेल की सौगात मिले। मौर्य ने कहा कि मेट्रो इस ऐतिहासिक शहर की एक जरूरत है और सरकार का प्रयास है कि आगरा मेट्रो का काम समयबद्ध तरीके से पूरा हो, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को मेट्रो की सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा, मेट्रो को पूरा करने का जो निर्धारित समय है उसके हिसाब से काम चल रहा है। हमारा प्रयास है कि मेट्रो रेल परियोजना आगरा की जनता को जल्द से जल्द मिले। बाद में उन्होंने धमौटा के आंगनबाड़ी केन्द्र एवं प्राथमिक पाठशाला का भी निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री ने गौशाला कौलारा कलां के निरीक्षण के दौरान गोवंश की पूजा की और चारा भी खिलाया। मौर्य ने मेवाली खुर्द पंचायत भवन में जन चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली।

# डायग्नोस्टिक सेंटर पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का संयुक्त छापा

## डाक्टर मिले नदारद भ्रूण जांच का होता है अवैध धंधा



**बाँदा।** प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य टीम के छापे में अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर गायब मिले। अरोप है कि डॉक्टर लखनऊ में रहते हैं और अपनी डिग्री लगाकरयहां कारोबार कर रहा है। बताते हैं कि हैं बांदा के अलावा भी और जनपदों में इसकी शाखाएं हो सकती है।फिलहाल मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बांदा में दोपहर प्रशासन और मेडिकल की संयुक्त टीम ने शिकायतो के आधार पर एक प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर पर छापेमारी की। जिससे अस्पताल संचालक और उनकी टीम में हड़कम्प मच गया। संयुक्त टीम को जांच में अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर लापता मिले जिस पर प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। जिस हिसाब से छापा पड़ा है स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार अनधिकृत रूप से लड़की या लड़के का लिंग बताया जाता है। नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी बाबा बर्फानी डायग्नोस्टिक सेंटर का है। जहां सिटी मजिस्ट्रेट और मेडिकल की टीम ने अचानक छापेमारी की। उस दौरान प्रशासन की टीमो ने मेडिकल संबंधी अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। अचानक अल्ट्रासाउंड कक्ष में जाते ही डॉक्टर लापता मिलेए बताते हैं डॉक्टर साहब लखनऊ जनपद के रहने वाले हैं। उस दौरान डायग्नोस्टिक सेंटर के कर्मचारी ने बताया कि किसी ने शिकायत की होगी उसी के आधार पर छापा पड़ा है अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर लंच पर गए हैं। फ्लिहाल सिटी मजिस्ट्रेट ने पूरे मामले में जांच करते हुये ।साथ में डिप्टी सी एम ओ कौशिक जी ने उनके कई प्रपत्रों को कब्जे में लिया गड़बड़ी मिलने पर सम्बंधित डायग्नोस्टिक सेंटर के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बंद भी किया जा सकता है और ण्पिण्तण् करके जेल भी भेजा जा सकता है संरक्षक ने बताया कि उनका आई विजन कुछ प्रॉब्लम हो गया है सिटी मजिस्ट्रेट केशव गुप्ता ने बताया स्वास्थ्य विभाग की और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने मिलकर बर्फानी डायग्नोस्टिक सेंटर में छापा डाला है कुछ लोगों की शिकायत मिली थी कि यहां पर डॉक्टर नहीं है गलत तरीके से अल्ट्रासाउंड किया जाता है गलत तरीके से पेश किए जाते हैं उसमें डिग्री धारकडॉक्टर होता है जब हम यहां पर आए तो हमको डॉक्टर नहीं मिला उनका कहना था कि वह डॉक्टर लंच में गया है लेकिन डॉक्टर हमको मौके पर नहीं मिला डायग्नोस्टिक सेंटर में कई कमियां मिली है पूर्णता है जांच हो रही है यदि गलत पाया गया तो इसको बंद किया जाएगा सील किया जाएगा और इसमें इन संचालकों के खिलाफमुकदमा भी कायम किया जाएगा कि यह लोग प्रशिक्षित हैं या नहीं जब डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक नीरज त्रिवेदी तो संचालक ने कहा के दांत साफ है डॉक्टर लखनऊ के रहने वाले हैं और उन्होंने यहां पर अपना डिग्री लगा रखी है।

# इकौना के बाद बागी के कम्पोजिट विद्यालय पर भी लटक गया ताला

**कदौरा** (जालौन)। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का एक और उदाहरण शुक्रवार को कदौरा मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर हाइवे स्थित गांव बागी में देखने को मिला। जहाँ समय सुबह 8 बज कर 7 मिनट पर कम्पोजिट विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा होने के कारण करीब 10 बच्चे शिक्षको का इंतजार करते दिखाई दिए। गांव के बलवीर,इसहाक, राकेश का कहना है कि विद्यालय के समीप अन्ना मवेसी विचरण करते हैं जिनसे बच्चो को खतरा बना रहता है। शिक्षक समय से विद्यालय नही आते हैं। बच्चे धूप में खड़े होकर इंतजार करते हैं। विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक सहित चार शिक्षक व दो सैकड़ा के लगभग बच्चे पंजीकृत बताए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान राजबहादुर ने कहा कि विद्यालय देर से खुलने की उन्होंने पूर्व में शिकायत की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

# एसओजी टीम को चकमा दे फिर भाग निकला कैदी

**हमीरपुर।** जिला कारागार में उम्रकैद काट रहा कैदी चार दिन के अंदर दूसरी बार पुलिस को चकमा देकर अभिरक्षा से फरार हो गया। कुरारा में वर्ष 2003.04 में एक व्यापारी के घर डकैती पड़ी। व्यापारी दंपती और पुत्र की हत्या करके बदमाश लाखों के सोने.चांदी के गहने लूट ले गए थे। इस प्रकरण का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए छह से अधिक लोगों को दबोचा था। जिसमें मप्र के खजुराहो निवासी अकबर भी शामिल था। वर्ष 2018 में अकबर को इस मामले में निचली अदालत से उम्रकैद हो गई। 27 अप्रैल को हालत बिगड़ने पर अकबर को पुलिस अभिरक्षा से जेल से जिला अस्पताल और फिर उसी दिन कानपुर रेफर किया गया था। तीन मई को अकबर को कानपुर से डिस्चार्ज किया गया। पुलिस लाइन के सिपाही अकबर को लेकर ट्रेन से हमीरपुर आ रहे थे। तभी घाटमपुर और हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन के बीच डुहरू स्टेशन से अकबर फरार हो गया था। एसपी ने बताया कि अकबर की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। इसके मप्र में होने की जानकारी मिलने पर एसओजी टीम को भेजा गया था। टीम ने इसे मप्र से दबोच लिया था। हमीरपुर लेकर आते समय थाना जरिया के उमरिया गांव के बंगरहा नाला के पास अकबर एसओजी टीम को चकमा देकर फरार हो गया।

# अवर अभियंता के मकान में लगी आग से जरूरी दस्तावेज राख

**बांदा।** अवर अभियंता के मकान में लगी आग आवश्यक कागजात जलकर हुए राख।लोक निर्माण विभाग के मकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग।आग से आवश्यक कागजात और फाइलें जलकर हुई राख।ए जिलाधिकारी बाँदा अनुराग पटेल से बात की उन्होंने कहा की कोई भी फाइल घर पर नहीं रख सकते हैं इन सब फाइल प्रपत्र एम वीए वर्क बुक आर्डर कार्यालय में जमा करनी चाहिए यदि अगर यह कार्य किया है तो बहुत ही शासनादेश के विरुद्ध पीडब्ल्यूडी नियमावली के विरुद्ध है इसमें आपको दंडात्मक कार्यवाही भी हो सकती है अवर अभियंता ने बताया कि पड़ोसियों की मदद सेआग को किया काबू।घटना की सूचना सिविल लाइन पुलिस चौकी और विभाग के उच्चाधिकारियों को दी। संदिग्ध परिस्थितियों में ही फाइलें जली आखिर फाइलें घर में क्या कर रही थीघ् इन्हें तो कार्यालय में होना चाहिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला स्वराज कॉलोनी गली नंबर एक का है।आपको बता दें सुरेंद्र कुमार अवर अभियंतानिर्माण विभाग खंड . 2 पीडब्ल्यूडी में कार्यरत हैंलगभग 10 वर्ष से इनकी बाँदा 10वीं साईड चल रही हैं। अपने घर मैं सो रहे थे तभी अचानक आंख खुली तो देखा कमरे से धुआं उठ रहा था। कमरा खोल कर देखा तो धू.धू करके आवश्यक कागजात और फाइलें जल रही थी। आनन फानन पानी डालकर आग को काबू में किया तब तक फाइलें और अन्य सामान जल चुका था ।

घटना की सूचना पीडब्ल्यूडी विभाग के आला अधिकारियों को दी। अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने आग से हुए नुकसान को बताया कि यह आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी है जिससे नीचे रखें माप पुस्तिकाए लॉग बुकए सड़क निर्माण स्टीमेट बुकए सर्कुलर किताबेंए व विभागीय पत्रावली की फाइलें डायरी व अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया एक प्रश्न के उत्तर में उनसे पूछा गया कि आप यह सभी फाइलें बुक यहां क्यों रखे हुए थे क्या शासनादेश आपको इसकी परमिशन देता है तो उन्होंने कहा कि मैं एक्स्ट्रा वर्क करता हू कई साइडों में मुझे कार्य करना पड़ता है मेरा एरिया ज्यादा है जबकि एक जेई का 4 साइड से ज्यादा नहीं होना चाहिए लेकिन विभाग द्वारा मुझसे लगभग एक दर्जन साइडों में मुझसे कार्य लिया जा रहा है यह संभव प्रैक्टिकल नहीं है कि मैं सभी साइडों में जाने के बाद कार्यालय में जाकर फाइल और बुको को जमा कर सकूं इसी के बाबत में काफी एक्स्ट्रा वर्क देर रात घर पर करता रहता हूं।

# मंत्री समूह ने विकास कार्यों को किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता।** उन्नाव

**जिले** के विकास कार्यो का निरीक्षण करने आये संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्नाए राज्यमंत्री जल शक्ति विभाग दिनेश खटीक एवं राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम एवं हज दानिश अंसारी द्वारा साफसफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मंत्रीगणों ने शहर के वार्ड नंबर 06 में पूरब खेड़ाए मलिन बस्ती तथा आवास विकास कॉलोनी में साफ सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी द्वारा हफ्ते भर अभियान चलाकर और अधिक साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए। मंत्री जी ने कल्याणी देवी मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात सदर विधायकश् पंकज गुप्ता व जिलाधिकारी रवींद्र कुमारए मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेलए अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध नरेंद्र सिंहए अपर जिलाधिकारी ;न्यायिकद्ध विकास कुमार सिंहए नगर मजिस्ट्रेट श्रीमती विजेता व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ निर्मल वर्मा की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद गंगा घाट अन्तर्गत स्थित कान्हा गोवंश आश्रय स्थल नेतुआए गंगाघाट का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के समय गौशाला में कुल 327 गोवंश संरक्षित मिलेए जिसमे 104 नर गोवंश एवं 223 मादा गोवंश हैं। सभी पशुओं मे शत प्रतिशत टैगिंग एवं नर गोवंश का शत प्रतिशत वधियाकरण किया होना बताया गया है। गौशाला मे भूसाए चाराए चोकरए हरा चारा एवं पीने के पानी एवं सुरक्षा का उचित प्रबन्ध है। बीमार एव अशक्त गोवंशो का नियमित रूप से उपचार किया जा रहा है। माननीय मंत्री जी ने कहा कि ष्काफी व्यवस्थित तरह से गौशाला को मैनेज किया जा रहा है। भूसे की व हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था रहना चाहिए वर्तमान समय में भूसा दान से भी प्राप्त किया जा सकता है। जन सेवी संस्थाओ व गौ सेवकों से सम्पर्क करके अन्य सभी प्रकार का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। यहाँ की व्यवस्था से मै संतोष प्रकट करता हूँ ।




विकास भवन सभागार में मंत्री समूह की उपस्थिति में शासन द्वारा निर्धारित विकास बिंदुओं की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने मंत्री जी को जनपद की मुख्य उपलब्धियां नेशनल हेल्थ मिशनए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलाए निवेश मित्र पोर्टलए पराली दो खाद लोए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीणए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाए मंदिरों और तालाबों के सुदृढ़ीकरणए जनपद उन्नाव में एक ही परिसर में शौचालय एवं पंचायत भवनों का निर्माणए अनुपूरक पुष्टाहार योजनाए जनपद उन्नाव के शिक्षकों को राष्ट्रीयध् राज्य पुरस्कारए मिशन मुस्कान आदि के बारे मे बताया। मंत्री जी द्वारा अपराध एवं कानून व्यवस्था के अंतर्गत मिशन शक्ति कक्षए महिलाकर्मी बीट आवंटनए महिला उत्पीड़न संबंधी अभियोगो में की गई कार्रवाही एपॉक्सो एक्ट में पंजीकृत अभियोगो में कृत कार्रवाईए अनुजातिध् जनजाति उत्पीड़न के विरुद्ध पंजीकृत अभियोगो में कृत कार्रवाईए उ0 प्र0 गिरोह बंद अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाहीए गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कृत कार्यवाही। इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटरए अस्थाई गौ आश्रय स्थलए सहभागिता योजनाए प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल में स्कूल चलो अभियान योजना के अंतर्गत नव प्रवेशित छात्रों का सत्यापनए कायाकल्प योजना के अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रध् सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रध् जिला अस्पतालध् मेडिकल कॉलेज जनपद उन्नाव मे चिकित्सकों की उपस्थितिए दवाओं की उपलब्धताए ऑक्सीजन प्लांट की कार्यशीलता आदि पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में गुणवत्ता युक्त राशन उपलब्ध कराए जानेए कोई बात पात्र व्यक्ति राशन कार्ड से वंचित तो नहीं है आदि के बारे में जानकारी ली।

मंत्री द्वारा प्रधानमंत्रीध्मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनाए मुख्यमंत्री आवास योजनाए हर घर जल योजनाध् जल जीवन मिशन ;हर घर नल योजनाद्ध के कार्योंए रबी विपणन वर्षए 2022. 23 के अंतर्गत गेहूं खरीद में प्रगतिए टेबलेटध्स्मार्टफोन वितरण योजनाए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाए पंचायती राज विभाग के सामुदायिक शौचालयध् पंचायत भवनों की स्थितिए अनुपूरक पुष्टाहारए फील्ड में तैनात अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में ही निवास करनाए विद्युत आपूर्ति तहसील मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की उपलब्धताए विद्युत आपूर्ति के संबंध में प्राप्त शिकायतों एवं खराब ट्रांसफार्मर को बदलने की स्थिति। बाढ़ के दृष्टिगत की जाने वाली तैयारीध्प्रगतिए बाढ़ध् अतिवृष्टि से बचाव की तैयारी आदि की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 7 मई, 2022



# मुंबई ने गुजरात को पांच रन से हराया

## अंतिम ओवर में चमके डेनियल सैम्स




भाषा। मुंबई

**मुंबई** इंडियंस ने डेनियल सैम्स की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी की बदौलत शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को पांच रन से हराकर उसके प्लेऑफ में स्थान पक्का करने के इंतजार को बढ़ा दिया। गुजरात टाइटन्स को अंतिम ओवर में नौ रन चाहिए थे लेकिन सैम्स (तीन ओवर में 18 रन) ने छह गेंद में केवल तीन रन दिए जिसमें राहुल तेवतिया रन आउट भी हुए।

मुंबई इंडियंस ने इशान किशन और कप्तान रोहित शर्मा की पहले विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी के बाद टिम डेविड (नाबाद 44) की तेज तर्रार पारी से छह विकेट पर 177 रन का स्कोर खड़ा किया। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (55 रन) और शुभमन गिल (52) के बीच पहले विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी से गुजरात टाइटन्स ने अच्छी शुरूआत की लेकिन लगातार विकेट गंवाने से वह इस बार लक्ष्य का पीछा करने में असफल रही और 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन ही बना सकी। कप्तान हार्दिक पंड्या ने रन आउट होने से पहले 24 रन बनाए। पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले साई सुदर्शन (14) हिट विकेट आउट हुए। पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस की यह लगातार दूसरी जीत रही। उसके लिए मुरूगन अश्विन ने एक ही ओवर में दो और कीरोन पोलार्ड ने एक विकेट झटका। गुजरात टाइटन्स तालिका में 11 मैचों में आठ जीत से शीर्ष पर बरकरार है। साहा ने स्ट्रोक्स लगाकर तेज शुरूआत की जिसके बाद गिल ने भी तेजी पकड़ी। फॉर्म में चल रहे साहा ने बुमराह पर दो चौके और एक छक्के से दूसरे ओवर में 13 रन जुटाए।

चौथे ओवर में उन्होंने रिले मेरेडिथ की गेंदों को दो बार बाउंड्री के लिए भेजा जबकि अगले ओवर में बुमराह पर फिर एक छक्का और चौका लगाया। गिल ने छठे ओवर में हाथ खोले, उन्होंने मुरूगन अश्विन की पहली गेंद को मिड विकेट पर छक्के के लिए भेजा और फिर चार रन बनाए। इससे पावरप्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट गंवाए 54 रन था। आठवें ओवर में गिल ने डेनियल सैम्स पर चौकों की हैट्रिक लगाई जिससे टीम ने इस ओवर में 14 और नौंवे ओवर में 15 रन जुटाए। साहा ने 11वें ओवर की अंतिम गेंद पर एक रन बनाकर अपना अर्धशतक और गिल के साथ शतकीय साझेदारी भी पूरी की। फिर अगले ही ओवर में गिल ने भी अपना पचासा पूरा किया। मुरूगन ने अपने अंतिम ओवर में इन दोनों जमे हुए बल्लेबाजों को आउट किया और पहले विकेट की 106 रन की साझेदारी भी खत्म की। इससे 13वें ओवर के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 111 रन हो गया। पंड्या और सुदर्शन (14) पर उम्मीदें टिकीं थीं। लेकिन सुदर्शन हिट विकेट आउट हो गए। डेविड मिलर (नाबाद 19) और पंड्या अपनी टीम को जीत की ओर बढ़ा रहे थे। पर 18वें ओवर में पंड्या रन आउट हो गए। मिलर ने 19वें ओवर में बुमराह पर छक्का जड़ा। इससे अंतिम ओवर में जीत के लिए नौ रन चाहिए थे। पर इस बार तेवतिया फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके और रन आउट हुए। इससे पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद रोहित ने 28 गेंद में 43 रन और किशन ने 29 गेंद में 45 रन बनाकर मुंबई को तेज शुरूआत कराई लेकिन टीम ने लगातार तीन विकेट गंवा दिए। पर अंत में डेविड ने 21 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। गुजरात टाइटन्स के लिए राशिद खान सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 रन देकर दो विकेट झटके जबकि प्रदीप सांगवान और लॉकी फर्ग्यूसन को एक एक विकेट मिला। अल्जारी जोसफ ने भी एक विकेट झटका लेकिन उन्होंने अपने चार ओवर में 41 रन लुटाए। बड़ा स्कोर नहीं बना पा रहे रोहित आखिरकार अच्छी लय में दिखे। उन्होंने अपने स्ट्रोक्स से गेंदबाजों पर दबदबा बनाया जबकि किशन दूसरे छोर पर उनका साथ निभाते रहे। रोहित ने विशेषकर अल्जारी जोसफ के खिलाफ काफी तेजी बरती, उन्होंने इस गेंदबाज पर चार चौके और एक छक्का जड़ा। किशन ने भी पांचवें ओवर में राशिद खान पर दो चौके लगाकर 50 रन की भागीदारी पूरी की। रोहित ने फिर फर्ग्यूसन पर चौका लगाया जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट गंवाए 63 रन था। राशिद ने गुजरात टाइटन्स को पहली सफलता आठवें ओवर में दिलाई। उन्होंने खतरनाक दिख रहे रोहित को पगबाधा आउट किया जो रिवर्स शॉट खेलने की कोशिश में थे। किशन ने भी राहुल तेवतिया पर मिड विकेट पर छक्का जड़ा। सूर्यकुमार यादव (13) ने भी आते ही छक्का जड़ा लेकिन वह प्रदीप सांगवान पर अगली कोशिश में विकेट गंवा बैठे। फिर जोसफ ने धीमी गेंद पर किशन का विकेट लिया जो मिड विकेट पर राशिद को कैच दे बैठे। इससे मुंबई का स्कोर 12 ओवर में तीन विकेट पर 111 रन हो गया। कीरोन पोलार्ड ने 14 गेंद खेली लेकिन वह कोई कमाल नहीं कर सके जिन्हें राशिद ने अपनी गुगली पर बोल्ड किया। तिलक वर्मा (21) और डेविड ने भागीदारी बनाने का प्रयास किया। डेविड ने इस दौरान मोहम्मद शमी पर मिड ऑफ और लांग लेग पर दो चौके जड़े। डेविड ने फिर जोसफ पर अपना पहला छक्का जड़ा जिसके बाद 19वें ओवर में फर्ग्यूसन पर नो-बॉल पर एक और छक्का जमाया।

## कोलकाता और लखनऊ के बीच मुकाबले में राहुल पर होगी निगाह



**पुणे।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां जब लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी तो उसे विरोधी टीम के कप्तान केएल राहुल से सतर्क रहना होगा जो बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। लखनऊ ने राहुल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर अभी तक 10 में से सात मैच जीते हैं और वह 14 अंक लेकर अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है। लखनऊ की टीम जहां प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने के करीब है, वहीं केकेआर को अगर अपनी उम्मीदें बरकरार रखनी हैं तो इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसके 10 मैचों में चार जीत से आठ अंक हैं और वह अभी आठवें स्थान पर है। राहुल अभी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने 10 मैचों में 451 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और इतने ही अर्धशतक शामिल हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में छह रन की जीत में उन्होंने 77 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी। केकेआर के गेंदबाजों उमेश यादव, टिम साउदी, शिवम मावी और सुनील नारायण के लिए राहुल को रोकना बड़ी चुनौती होगी।

## पंजाब के खिलाफ जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा राजस्थान



**मुंबई।** राजस्थॉन रॉयल्स बल्लेबाजी की अपनी कमियों को दूर करके पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा। रॉयल्स की टीम एक समय शीर्ष स्थान के लिए गुजरात टाइटन्स को कड़ी टक्कर दे रही थी लेकिन हाल में उसका प्रदर्शन गड़बड़ा गया। वह कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियन्स से हार झेलने के बाद अब पंजाब का सामना करेगा।

दूसरी तरफ पंजाब अंकतालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात पर आठ विकेट की जीत से उत्साह से भरा है। मयंक अग्रवाल की अगुवाई वाली टीम प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें बनाए रखने के लिए अपना विजय अभियान जारी रखना चाहेगी। राजस्थान अभी अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है और इसका मुख्य श्रेय जोस बटलर को जाता है जिन्होंने अब तक वर्तमान टूर्नामेंट में सर्वाधिक 588 रन बनाए हैं। मुंबई के खिलाफ अकेले उन्होंने ही जिम्मा संभाला था जबकि कोलकाता के खिलाफ वह नाकाम रहे। राजस्थान यह दोनों मैच हार गया था।

## क्विक न्यूज

### अश्वथ कौशिक ने विश्व कैडेट रैपिड शतरंज अंडर-8 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

**रोड्स (ग्रीस)।** भारत के छह वर्षीय अश्वथ कौशिक ने यहां विश्व कैडेट एवं युवा चैम्पियनशिप के ओपन अंडर-8 वर्ग मे स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कौशिक को एक भी बाजी मे हार नही मिली और वह नौ दौर मे 8.5 अंक लेकर पहले स्थान पर रहे। इस दौरान कौशिक ने शीर्ष वरीय कनाडा के मोडिथ आरोन मुत्यालापती और नीदरलैंड के राघव पाठक को पराजित किया। अन्य भारतीयो मे साफिन सफरूल्लाखान पांचवे स्थान पर रहे, उन्होंने नौ दौर में छह अंक जुटाए। वहीं विहान अनुपम अग्रवाल ने पांच अंक से 15वां स्थान हासिल किया।

### वाणी संयुक्त 43वें स्थान पर, त्वेशा और अमनदीप का निराशाजनक प्रदर्शन

**मैड्रिड।** आस्ट्रेलिया से लंबी यात्रा करके यहां पहुंची भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने मैड्रिड लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर मे पार 72 का स्कोर बनाया जिसमें चार बर्डी और इतनी ही बोगी शामिल है। वाणी पहले दौर के बाद संयुक्त 42वें स्थान पर है और इस प्रतियोगिता मे भाग ले रही तीन भारतीय गोल्फरो मे सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है। सितंबर मे होने वाले एशियाई खेलो के लिए हाल मे भारतीय टीम मे चुनी गई त्वेसा मलिक ने एक बर्डी बनाई और एक डबल बोगी की। वह एक ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 60वें स्थान पर है। वाणी की तरह आस्ट्रेलिया से यहां पहुंची अमनदीप द्राल ने 77 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 109वें स्थान पर है। शीर्ष 60 खिलाड़ी कट मे जगह बनाएंगे और ऐसे मे भारत की तीनो गोल्फर को प्रतियोगिता मे बने रहने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पहले दौर के बाद माजा स्टार्क और अगथा सुजोन संयुक्त बढ़त पर है। उन्होंने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया।

### शुभंकर और चौरसिया की निराशाजनक शुरुआत

**विशॉ (यूनाईटेड किंगडम)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और एसएसपी चौरसिया ने ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ प्रतियोगिता के शुरुआती दौर मे निराशाजनक प्रदर्शन किया और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। शुभंकर ने डैनी विलेट की मेजबानी मे आयोजित टूर्नामेंट के पहले दौर मे एक ओवर 73 जबकि चौरसिया ने दो ओवर 74 का स्कोर किया। पहले दौर के बाद शुभंकर संयुक्त 76वें और चौरसियां संयुक्त 96वें स्थान पर है। कट मे जगह बनाने के लिए उन्हे दूसरे दौर मे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। रेयान फॉक्स और थोरबोर्न ओलिसन ने पहले दौर मे समान छह अंडर 66 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त बढ़त पर हैं।

### मादप्पा ने होल इन वन के साथ 65 का स्कोर बनाया, कोरिया में संयुक्त चौथे स्थान पर

**सियोंगनैम (कोरिया)।** भारतीय गोल्फर विराज मादप्पा ने दूसरे दौर में होल इन वन सहित छह अंडर 65 का दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया जिससे वह शुक्रवार को यहां जीएस केलटेक्स मेइक्युंग ओपन मे संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर मे 71 का स्कोर बनाने वाले मादप्पा का कुल स्कोर छह अंडर है और वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही बायो किम (67-68), डोंगमिन ली (65-70) और एमेच्योर मिनह्युक सोग (69-66) की कोरिया तिकड़ी से एक शॉट पीछे है। भारतीयो के लिए शुक्रवार का दिन अच्छा रहा और उसके नौ में से सात खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहे। पहले दौर मे 71 का स्कोर बनाने वाले खलिन जोशी ने दूसरे दौर मे 68 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 11वे स्थान पर है। वीर अहलावत (71-71) संयुक्त 27वे पायदान पर है।

### सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी: कर्नाटक, उप्र और दिल्ली जीते

**भोपाल।** कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और दिल्ली ने शुक्रवार को यहां 12वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के शुरूआती दिन पूल मैचो मे अपने प्रतिस्पर्धियो के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के शुरूआती मैच मे कर्नाटक ने पूल एफ मे अरूणाचल को 10-0 से मात दी। तमिलनाडु भी विजेता रही। पूल जी मे उत्तर प्रदेश ने गोवा को 8-0 से जबकि दिल्ली ने गुजरात को 13-0 से पराजित किया।

### ओडिशा पुलिस और इंडियन एरोज जीते

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने शुक्रवार को यहां इंडियन वुमेन्स लीग फुटबॉल मुकाबले मे सरवोदम एससी को 2-1 से शिकस्त दी। सरोजिनी टिर्की ने 18वे मिनट मे ओडिशा पुलिस को बढ़त दिलाई जिसके बाद 75वे मिनट मे स्थानापन्न खिलाड़ी सस्मिता एक्का की मदद से शिबानी मुंदारी ने स्कोर 2-0 कर दिया। सरवोदम के लिए डिफेंडर फेमिना राज वालापिल ने 85वे मिनट मे गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नही बचा सकी।

## फ्रैंकफर्ट और रेंजर्स में होगा यूरोपा लीग का फाइनल



**फ्रैंकफर्ट।** आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट ने यूरोपा लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में वेस्ट हैम को हराकर 42 वर्षों में पहली बार किसी यूरोपीय टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फ्रैंकफर्ट फाइनल में स्कॉटलैंड के क्लब रेंजर्स से भिड़ेगा। सेमीफाइनल के दूसरे चरण में फ्रैंकफर्ट ने वेस्ट हैम को ।-0 से हराया और इस तरह से कुल 3-2 के स्कोर से जीत दर्ज की। दूसरी तरफ रेंजर्स ने पहले चरण में 0-। से पिछड़ने के बाद दूसरे चरण में शानदार वापसी की तथा आरबी लिपजिग को 3-। से पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया। फ्रैंकफर्ट इससे पहले 1980 में यूएफा कप के फाइनल में पहुंचा था। तब उसने हमवतन जर्मनी के क्लब बोरुसिया मोशेंग्लाबाख को हराकर खिताब जीता था। यूएफा कप की जगह ही बाद में यूरोपा लीग आयोजित की जाने लगी। रेंजर्स 50 वर्षों में पहले यूरोपीय खिताब की तलाश में है। इससे पहले उसने आखिरी बार 1972 में विनर्स कप जीता था।

## टूर्नामेंट आफ चैंपियन्स: घोषाल तीन साल में सबसे बड़े पीएसए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** भारत के स्टार स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने टूर्नामेंट आफ चैंपियन्स में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले मिस्र के यूसेफ इब्राहिम को हराकर तीन साल में पेशेवर टूर पर अपने सबसे बड़े टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी ने यहां ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वापसी करते हुए 11-8, 7-11, 9-11, 11-6, 11-9 से जीत दर्ज की। घोषाल को हालांकि अपने से कहीं युवा इब्राहिम के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना पूरा अनुभव झोंकना पड़ा। यह भारतीय खिलाड़ी सेमीफाइलन में पेरू के तीसरे वरीय डिएगो एलियास से भिड़ेगा। खेल की वैश्विक संचालन संस्था पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) की विज्ञप्ति में घोषाल के हवाले से कहा गया, यह मेरे लिए काफी मायने रखता है, मैं 11वीं बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहा हूं और कभी इतना आगे नहीं बढ़ा। उन्होंने कहा, मैं काफी कड़ी मेहनत कर रहा था और यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इसका फल मिल रहा है। ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल जैसी जगह पर नतीजा मिला शानदार है, मैं बेहद खुश हूं।

## वेदिका ने मूक-बधिर ओलंपिक की महिला 10 मी एयर फिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

भाषा। नई दिल्ली



**वेदिका** शर्मा ने ब्राजील के कैक्सियास डो सुल में चल रहे 24वें मूक-बधिर ओलंपिक की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने निशानेबाजी में तीसरा पदक हासिल किया।

वेदिका ने प्रतियोगिता के चौथे दिन फाइनल्स में 207.2 का स्कोर बनाया। वह चीनी ताइपे की कायो या जु से पीछे रहीं जिन्होंने आठ महिलाओं के फाइनल में 232 के स्कोर से रजत पदक जीता। यूक्रेन की इन्ना अफोंचेकों ने 24 शॉट के फाइनल में 236.3 अंक से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले तीसरे दिन धनुष श्रीकांत ने पुरूष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण और शौर्य सैनी ने कांस्य पदक जीतकर भारत को निशानेबाजी में दो पदक दिलाए थे। भारत को बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक मिला था। इससे भारत के इन खेलों में अब चार पदक हो गए हैं जिससे तालिका में वह आठवें स्थान पर है। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में दो भारतीय निशानेबाज थीं, जिसमें प्रंजलि धूमल ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन वह पदक से चूक गई और चौथे स्थान पर रहीं। हालांकि क्वालीफिकेशन में वह 561 अंक के स्कोर से शीर्ष पर थी जिसमें वेदिका ने 538 के स्कोर से आठवां और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया था। महिलओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दो भारतीय फाइनल में पहुंची लेकिन पदक नहीं जीत सकीं। प्रिएशा देशमुख चौथे और नताशा जोशी सातवें स्थान पर रहीं।

## किसी भी खिलाड़ी को हराया जा सकता है: सिंधू



**पणजी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर अपना सबसे कड़ा प्रतिद्वंद्वी नहीं चुन सकतीं क्योंकि सभी समान स्तर के हैं और विरोधी खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग चाहे कुछ भी हो मुकाबले के दौरान हमेशा सतर्क रहना होता है। सिंधू ने शुक्रवार को यहां गोवा फेस्ट 2022 के दौरान कहा, मुझे लगता है कि कोई भी कड़ा प्रतिद्वंद्वी नहीं है और सभी को हराया जा सकता है। उन्होंने कहा, अभी सभी समान स्तर के हैं, आप यह नहीं सोच सकते कि बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी को हराना मुश्किल है या उसे हराया नहीं जा सकता और साथ ही जब आप कम रैंकिंग वाले खिलाड़ी के साथ खेल रहे हो तो आप आसान जीत की उम्मीद नहीं कर सकते। सिंधू ने कहा, इसलिए प्रतिद्वंद्वी चाहे कोई भी हो आपको अपना शत प्रतिशत देना होता है। मैं यह नहीं कह सकती कि कौन खिलाड़ी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी है और उसे हराया नहीं जा सकता, सभी को हराया जा सकता है।

## केंद्र से ताइक्वांडो को राष्ट्रीय खेल महासंघ के तौर पर मान्यता देने की उम्मीद: दिल्ली उच्च न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली




**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने भारतीय ताइक्वांडो महासंघ की कार्यकारी समिति को नए सिरे से चुनाव कराने का निर्देश दिया है और कहा कि उम्मीद है कि केंद्र उपयुक्त महासंघ को राष्ट्रीय खेल महासंघ के तौर पर मान्यता देने के लिए जल्द ही उचित कदम उठाएगा। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने कहा कि इस समय ताइक्वांडो के लिए कोई राष्ट्रीय खेल महासंघ नहीं है जिससे खेल प्रभावित हो रहा है और ताइक्वांडो खिलाड़ियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिल रहा है। दो ताइक्वांडो खिलाड़ियों की याचिका की सुनवाई कर रही न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश को भारतीय ताइक्वांडो महासंघ की कार्यकारी समिति के चुनाव कराने के लिए अदालत आयुक्त कम निर्वाचन अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया और आदेश दिया कि चुनाव दो महीने के भीतर कराए जाने चाहिए। अदालत ने 28 अप्रैल को अपने आदेश में कहा, यह साफ है कि देश में ताइक्वांडो खेल प्रभावित हो रहा है और बेहतरीन ताइक्वांडो खिलाड़ियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिल रहा है। इसलिए खेल के हित में भारतीय ताइक्वांडो महासंघ को नए सिरे से चुनाव कराने का निर्देश दिया जाता है ताकि केंद्र उपयुक्त महासंघ को ताइक्वांडो खेल के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघ के तौर पर मान्यता देने के लिए जल्द उचित कदम उठा सके। इसमें कहा गया, एक बार जब भारतीय ताइक्वांडो महासंघ के चुनाव इस आदेश के अनुसार हो जाते है तो उम्मीद है कि पहला प्रतिवादी (केंद्र) इस महासंघ को ताइक्वांडो के खेल के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघ के तौर पर मान्यता देने के लिए जल्द कदम उठाएगा।

## जोकोविच मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में



एपी। मैड्रिड

**नोवाक** जोकोविच ने शुक्रवार को ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेट में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की और इस दौरान उन्हें अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। शीर्ष वरीय जोकोविच ने भी कहा कि वह नडाल और अल्कारेज के बीच मुकाबले को देखेंगे।

### नडाल चार मैच प्वाइंट बचाकर क्वार्टर फाइनल में

वहीं दूसरी ओर चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में रीयाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ संघर्षपूर्ण जीत का गवाह बनने के एक दिन बाद राफेल नडाल को टेनिस कोर्ट पर अपनी पसंदीदा फुटबॉल टीम की तरह जुझारूपन दिखाना पड़ा। रीयाल मैड्रिड ने जहां अंतिम क्षणों में दो गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींचा और फिर जीत दर्ज की, नडाल ने भी मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में डेविड गोफिन के खिलाफ चार मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई.।विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज नडाल ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में गोफिन को 6-3, 5-7, 7-6 (9) से हराया। उनका अगला मुकाबला हमवतन स्पेनिश कार्लोस अलकारेज से होगा जिन्होंने कैमरन नोरी को 6-4, 6-7 (4), 6-3 से हराकर अपना 19वां जन्मदिन मनाया। यह नडाल के करियर की ।,050वीं जीत है। इससे पहले एंडी मे ने पेट में परेशानी के कारण नोवाक जोकोविच के खिलाफ मैच से नाम वापस ले लिया। जोकोविच इस तरह से कोर्ट पर उतरे बिना ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जहां उनका सामना 12वीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज से होगा, जिन्होंने क्वालीफायर दुसान लाजोविच को 7-5, 6-3 से पराजित किया। सर्बिया ओपन के फाइनल में जोकोविच को हराने वाले आंद्रे रुबलेव ने डेनियल इवांस को 7-6 (7), 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रुबलेव का अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफनोस सिटसिपास से होगा, जिन्होंने ग्रेगोर दिमित्रोव पर 6-3, 6-4 से आसान जीत दर्ज की।

## चीन में कोविड के बढ़ते मामलों के कारण हांगजो एशियाई खेल स्थगित: ओसीए

भाषा। ताशकंद/बीजिंग

**चीन** में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण इस साल 10 से 25 सितंबर तक होने वाले हांगजो एशियाई खेलों को शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। नई तिथियों की घोषणा निकट भविष्य में की जाएगी। भारतीय खिलाड़ियों ने इस पर मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शंघाई में कोविड-19 के लगातार बढ़ते मामलों के कारण इन खेलों के आयोजन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। शंघाई में लॉकडाउन लगा है।

एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड ने स्थिति पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को ताशकंद में बैठक की और उसे लगा कि वर्तमान परिस्थितियों में खेलों को स्थगित करना सबसे अच्छा निर्णय होगा। ओसीए ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, चीनी ओलंपिक समिति (सीओसी) और हांगजो एशियाई खेलों की आयोजन समिति (एचएजीओसी) के साथ विस्तृत चर्चा के बाद ओसीए कार्यकारी बोर्ड ने आज



इंडोनेशिया में 18वें एशियाई खेलों के समापन समारोह के दौरान अगले मेजबान देश के रूप में चीनी झंडा फहराया था। (फाइल फोटो)

19वें एशियाई खेलों को स्थगित करने का फैसला किया, जिनका आयोजन चीन के हांगजो में 10 से 25 सितंबर 2022 तक होना था। बयान में कहा गया, उन्नीसवें एशियाई खेलों की नई तिथियों पर ओसीए, सीओसी और एचएजीओसी के बीच सहमति तैयार की जाएगी और निकट भविष्य में इसकी घोषणा की जाएगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कहा कि एशियाई खेलों का स्थगित होना कुछ खिलाड़ियों के लिए निश्चित रूप से बड़ा झटका है। आईओए के महासचिव राजीव मेहता ने पीटीआई से कहा, किसी भी बड़े आयोजन या खेलों का स्थगित होना खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है।

### चीन में होने वाली दो डायमंड लीग ट्रैक प्रतियोगिताएं रद्द

**मोनाको (एपी)।** कोरोना वायरस संबंधित पाबंदियों के कारण चीन में होने वाली दो डायमंड लीग ट्रैक प्रतियोगिताओं को रद्द कर दिया। इसके साथ ही पोलैंड में एक स्थानापन्न प्रतियोगिता को कैलेंडर में शामिल कर दिया गया। आयोजकों ने एक बयान में कहा कि शंघाई और शेंजेन में सत्र के बीच में होने वाली डायमंड लीग ट्रैक प्रतियोगिताओं को चीन में प्रवेश के दौरान मौजूदा पृथकवास की शर्तों और यात्रा की पाबंदियों के कारण रद्द कर दिया गया। पोलैंड में छह अगस्त से एक स्थानापन्न प्रतियोगिता कराई जाएगी। डायमंड लीग सीरीज ज्यूरिख में सात-आठ सितंबर को डायमंड लीग फाइनल से समाप्त होगी। इन दोनों डायमंड लीग को पिछले साल भी इन्हीं कारणों से रद्द कर दिया गया था।